# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 22 जुलाई 2026






## स्कैन करें और हीरो डेस्टिनी जीतने* का मौका पाएं

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

| एक्स-शोरूम कीमत | कम डाउन पेमेंट | ब्याज दर | कॉर्पोरेट ऑफ़र |
|---|---|---|---|
| ₹75,100~ | ₹5,999^ | 6.99%^ | ₹3,200^ |

Hero GoodLife जीतने का मौका चांदी का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स$

pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹10,000^

Additional Offers On amazon.in Flipkart

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per the internal benchmarking of 110cc scooters in India under standard conditions; may vary as per the riding conditions. ##Basis the data available in public forum for products in 110cc scooter segment. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. Offer valid for a limited period. Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. $Offer valid only on purchase of new Hero Two-wheeler. Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. ~Ex-Showroom Price applicable in Madhya Pradesh only. Ex-Showroom price is for the Destini 110 VX variant. Creative Visualization. *T&C apply.

**अधिकृत डीलरः** **भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोरः** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबादः** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोहः** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागरः** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिण्डः** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, (देवास नाका) 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **रतलामः** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमचः** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौरः** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावराः** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलरः** **आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल्स 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिराली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुखमणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स**, 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स**, 6267121700, **नेहरु नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/07/26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




रायसेन में सड़क धंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम में बदलाव जारी है। प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और सकुर्लेशन से बारिश का यह दौर अगले चार दिन और रहेगा। सोमवार देर रात से मंगलवार तक भोपाल सहित करीब 40 जिलों में बारिश दर्ज हुई। कुछ जिलों में तेज बारिश से हालात बिगड़ गए। रायसेन में सागर-भोपाल हाईवे पर लड़ईया नाला पुलिया के पास भराव बह गया जिससे सड़क धंस गई। यहां काफी देर तक जाम लगा रहा। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर सहित 25 से ज्यादा जिलों में मध्यम बारिश हुई, जबकि 15 जिलों में तेज बारिश हुई है। इससे दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री तक कमी आई है। प्रदेश में औसत दिन का पारा 28 डिग्री तक रहा। भोपाल में 4.2 डिग्री गिरकर 26.5 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने बुधवार को भी कई जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में मध्यम से हल्की बारिश ▶▶ शेष पेज 2 पर



4 दिन तक भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बारिश का दौर

# अब मेघ 'मेहरबान'

भोपाल के करोंद क्षेत्र में ब्रिज पर जलजमाव


### ये मुसीबत भी...

- रायसेन में हाइवे पर सड़क धंसी, खेतों में फंसे नौ मजदूर बचाए
- सागर-भोपाल हाईवे पर लगा जाम
- मंडला में उफनते नाले में बहे दो युवक
- गुना में चौकी के सामने भरा घुटनों पानी

- कुछ जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट कई जगह हालात बिगड़े
- प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और छत्तीसगढ़ के सकुर्लेशन से मप्र में बारिश
- 40 जिलों में बारिश से पारा औसतन दो डिग्री और गिरा
- भोपाल में 22 मिमी बारिश, यहां कुल 421.7 मिमी पानी

## खबर संक्षेप

### सीजेपी ने प्रवक्ता विजेता दहिया को पद से हटाया



**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के बीच एक मॉल में बर्गर खाते दिखने पर सीजेपी ने अपने प्रवक्ता विजेता दहिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें लाठीचार्ज के दौरान बर्गर खाने को लेकर सवाल उठाते नजर आ रहे थे। सीजेपी ने इस व्यवहार को असंवेदनशील और पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए ये कार्रवाई की।

### दुष्कर्म मामले में घिरे क्रिकेटर अभिषेक पोरेल



**कोलकाता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और बंगाल के लिए खेलने वाले क्रिकेटर अभिषेक पोरेल कानूनी विवाद में फंस गए हैं। एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दर्ज दुष्कर्म और आपराधिक धमकी के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पोरेल और एक अन्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। एफआईआर में बीएनएस और आईटी एक्ट की गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मोबाइल एप लॉन्च



**इंदौर।** एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। चेयरमैन डॉ. राजेशलाल मेहरा ने आधिकारिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। अब छात्रों को वेबसाइट बार-बार चेक करने की जरूरत नहीं होगी। यह एप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस पर परीक्षा कैलेंडर, प्रवेश पत्र, आंसर-की, रिजल्ट और इंटरव्यू कॉल लेटर से जुड़े अपडेट्स एक साथ मिलेंगे।

सदन में काफी देर तक चले गतिरोध, हंगामे व नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री ने अपना वक्तव्य दिया

विधानसभा में भारी हंगामे के बीच ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता विधेयक पारित, मुख्यमंत्री ने कहा

# अब अलग-अलग मजहबी तौल कांटा नहीं, सब एक ही बाट से तौले जाएंगे

*यूसीसी पर लगभग 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए। जिला एवं राज्य स्तर पर 50 से अधिक बैठकें आयोजित कर 1,134 से अधिक महत्वपूर्ण सुझाव संकलित किए गए*

*सीएम ने कहा कि समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन में विलंब का मुख्य कारण कांग्रेस और विपक्षी ही रहे हैं। इन्होंने जानबूझकर इसे सांप्रदायिक विवाद का मुद्दा बना दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को विपक्ष के भारी हंगामे के बीच मप्र समान नागरिक संहिता-2026 विधेयक पारित हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समान नागरिक संहिता



(यूसीसी) को लेकर सरकार का विस्तृत पक्ष रखा। उन्होंने इसे सामाजिक समानता, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

उन्होंने कहा कि इस सत्र को आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। समानता हमारी संस्कृति का मूल है। भगवान की दृष्टि में सभी एक समान हैं तो इंसानों द्वारा बनाए गए कानून में अलग-अलग व्यवस्था ▶▶ शेष पेज 2 पर

कांग्रेस यूसीसी को सांप्रदायिक चश्मे से देख रही है



विधानसभा में सीएम

- *72 प्रतिशत मुस्लिम महिलाओं सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने इस सुधार का समर्थन किया*
- *प्रदेश के 93 प्रतिशत नागरिकों ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया*
- *राम से रहीम तक, रविंद्र से रॉबिन तक, अमर से एंथोनी और अकबर तक देश एक संविधान से चले*

### तब कांग्रेस पीछे क्यों हट गई थी?

डॉ. यादव ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में भी राज्य के सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से सवाल किया कि वर्ष 1959 में मप्र भू-राजस्व संहिता के माध्यम से समान उत्तराधिकार व्यवस्था लागू करने वाली कांग्रेस बाद में इससे पीछे क्यों हट गई। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आरिफ मसूद का संशोधन ध्वनिमत से अस्वीकृत

इस विधेयक पर चर्चा की शुरूआत सबसे पहले कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने की। उन्होंने विधेयक की कुछ धाराओं में संशोधन की मांग रखी। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चर्चा होने दीजिए, उन्होंने विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने की मांग रखी। अध्यक्ष तोमर ने इस पर सदन का पक्ष लिया। बाद में संशोधन ध्वनिमत से अस्वीकृत हो गया। विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर नारेबाजी हुई। कांग्रेसी सदस्य आसंदी के सामने ▶▶ शेष पेज 2 पर

▶▶ पढ़ें पेज 04 भी



पहले दिन मुखौटे पहनकर आए थे विधायक

## कांग्रेस विधायकों ने प्रतीकात्मक शव रखकर 'नया' प्रदर्शन किया

*सिंघार बोले- सरकार यदि गंभीर तो किसानों बेरोजगार युवाओं महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा से न भागे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन समान नागरिक संहिता (यूसीसी), किसानों, युवाओं और महिलाओं के मुद्दों को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक शव लेकर पहुंचे और सरकार को 'मुर्दों की सरकार' बताते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि सरकार जनता के असली मुद्दों से मुंह मोड़ रही है। कांग्रेस विधायकों के हाथों में पोस्टर थे, उस पर लिखा था 'सरकार किसानों की मदद नहीं कर रही, नफरत की राजनीति कर रही है'। सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदेश की जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह निष्क्रिय है। किसान खाद की कमी से परेशान हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और प्रदेश में लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर चर्चा करने के बजाए यूसीसी जैसे विषयों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हिंदू-मुस्लिम, यूसीसी और लव जिहाद जैसे मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और महंगाई जैसे असली सवालों से भटकाना चाहती है। सिंघार ने सवाल उठाया कि यदि सरकार जनता के हितों के प्रति गंभीर है तो किसानों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा से क्यों बच रही है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट की सोनम को चेतावनी

## सरेंडर करो, जांच एजेंसियों का सामना करो सही रास्ता चुनो, वरना जमानत कर देंगे रद्द



निचली अदालत में गवाहों के बयान दर्ज होने तक सरेंडर का विकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत को लेकर देश की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सोनम रघुवंशी को दो विकल्प दिए। अदालत ने कहा कि या तो आप सरेंडर कर दें या फिर मामले के गुण-दोष पर विचार करके आदेश देंगे।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की बेंच के सामने हुई। अदालत मेघालय सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मेघालय हाई कोर्ट द्वारा सोनम को मिली जमानत के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने सुझाव दिया कि जब तक ट्रायल कोर्ट अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाहों के बयान दर्ज कर रहा है, तब तक सोनम को सरेंडर कर देना चाहिए। अदालत ने कहा कि दो विकल्प हैं। या तो हम मामले के गुण-दोष पर विचार करके आदेश देंगे। या फिर हम आदेश देंगे कि जब तक गवाहों से पूछताछ पूरी नहीं हो जाती, तब तक आप सरेंडर कर दें और उसके बाद हम मामले के गुण-दोष पर विचार करेंगे।

**सोनम ने कहा**

### ट्रायल कोर्ट ने कड़ी शर्तें लगाईं

सोनम के वकील ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने उन पर कड़ी शर्तें लगाई थीं। इसमें उन्हें शिलॉन्ग में रहना था और हर दिन कार्यवाही में शामिल होना था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम दोनों पक्षों के साथ निष्पक्ष रहना चाहते हैं।

## ओबीसी आरक्षण केस

50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दिया जा सकता है

## सामान्य वर्ग की बहस अंतिम चरण में, आज प्रदेश सरकार रखेगी पक्ष

सामान्य वर्ग को 10 15 मिनट का और समय, इसके बाद शुरू होगी राज्य सरकार की दलीलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामले की सुनवाई मंगलवार को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में जारी रही। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष सामान्य वर्ग की ओर से बहस लगभग पूरी हो गई। अदालत ने संकेत दिए कि अब अगली सुनवाई में सामान्य वर्ग को केवल 10 से 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा, जिसके बाद राज्य सरकार और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में पक्ष रखने वाले अधिवक्ता अपना पक्ष रखना शुरू करेंगे।

मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप संचेती के बाद मुख्य याचिका सहित अन्य याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ ▶▶ शेष पेज 2 पर

*असाधारण परिस्थितियों पर भी उठाए सवाल*

वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सांघी ने कहा कि यदि मध्यप्रदेश में कहीं असाधारण परिस्थितियां मानी जा सकती हैं तो वे पातालकोट जैसे दुर्गम आदिवासी क्षेत्र या ओडिशा सीमा से लगे अत्यंत पिछड़े इलाके हो सकते हैं। लेकिन पूरे प्रदेश में समान रूप से आरक्षण बढ़ाने के लिए सरकार ने केवल जनसंख्या और पिछड़ेपन का हवाला ▶▶ शेष पेज 2 पर

नामांकन निरस्त होने के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचीं मीनाक्षी

## निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया 'कॉम्प्रोमाइज्ड हैं आयोग के लोग'

सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर दायर की चुनाव याचिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट पर अपना नामांकन खारिज किए जाने के फैसले को जबलपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मंगलवार को जबलपुर पहुंचीं नटराजन ने निर्धारित 45 दिनों की समय-सीमा के भीतर चुनाव याचिका दायर की। मीनाक्षी नटराजन ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नामांकन निरस्त होने में कांग्रेस पार्टी के किसी नेता या फॉर्म भरने वाली टीम की कोई गलती नहीं थी। जिस आधार पर उनकी आपत्ति निरस्त की गई, प्रक्रिया के दौरान उसका कहीं संज्ञान ही नहीं लिया गया था। हाईकोर्ट में एडवोकेट आर्यन गुप्ता उनका पक्ष रखेंगे।

## सिक्किम टनल हादसा : रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

समरदुंग में एनएचपीसी के तीस्ता प्रोजेक्ट में हुए हादसे में बढ़ी मृतकों की संख्या

## मीथेन गैस रिसाव और धमाके से 10 मजदूरों की मौत, बंगाल से विशेषज्ञों की टीम बुलाई


- 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का मुख्य प्रवेश द्वार पूरी तरह बंद हो गया था
- मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार मुआवजा
- प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने सीएम तमांग से बात की, हरसंभव मदद मिलेगी

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

सिक्किम के नामची जिले के समरदुंग में सोमवार को एनएचपीसी की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में एक दर्दनाक हादसा हो गया। चट्टानों के बीच फंसी जहरीली मीथेन गैस के अचानक फटने से हुए धमाके और भूस्खलन के कारण सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया। जिला प्रशासन और एनएचपीसी के अनुसार हादसे के वक्त टनल के भीतर करीब 25 से 27 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें से अब तक 10 मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अचानक हुए भूस्खलन के कारण लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का मुख्य प्रवेश द्वार पूरी तरह बंद हो गया, जिससे अंदर काम कर रहे मजदूर फंस ▶▶ शेष पेज 2 पर



रेस्क्यू करती टीमें



टनल

### रेस्क्यू वर्कर्स भी चक्कर खाकर बेहोश हो गए

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिक्किम पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें ऑक्सीजन मास्क और विशेष सुरक्षा उपकरणों की मदद से युद्धस्तर पर राहत कार्य में जुटी हैं। सुरंग के भीतर जहरीली गैस और धुएं के कारण बचाव अभियान में भारी चुनौतियां आ रही हैं। शुरुआती प्रयास के दौरान कुछ रेस्क्यू वर्कर्स भी चक्कर खाकर बेहोश हो गए। लगातार हो रही बारिश के ▶▶ शेष पेज 2 पर


जो कहा
वो किया
जो सोचा वो हुआ
क्या हिंदू क्या मुसलमान, क्या राम क्या रहीम,
क्या रविन्दर क्या रॉबर्ट सबके लिये समान कानून
मात्र 2 माह में 27 अप्रैल 2026 को उच्च स्तरीय समिति
गठन के बाद, 21 जुलाई 2026 को विधानसभा में ऐतिहासिक मंजूरी
विधानसभा में पारित
समान नागरिक संहिता
27 अप्रैल 2026 उच्च स्तरीय समिति का गठन
7 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति द्वारा देश के विभिन्न कानूनों और अन्य राज्यों के UCC मॉडलों का गहन तुलनात्मक अध्ययन
अभूतपूर्व जन-भागीदारी
सुझाव हेतु वेब पोर्टल लॉन्च
3.50 करोड़ संदेश नागरिकों को भेजे गए
10 लाख सुझाव मिले मध्यप्रदेश के विधायी इतिहास में पहली बार
जिला और राज्य स्तर पर 50+ वृहद बैठकें
व्यावहारिक सुझाव संकलित 1,134+
ऐतिहासिक जनसमर्थन
93% ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया
92% पुरुष और महिलाएं समान कानून के पक्ष में
लैंगिक समानता और अधिकार
91% ने भेदभावपूर्ण तलाक कानून हटाने का समर्थन किया
92% ने बेटियों और माताओं को संपत्ति में समान अधिकार का समर्थन किया
सर्वसमुदाय का समर्थन
हिन्दू: 95% पुरुष 96% महिलाएं
मुस्लिम: 40% पुरुष 80% महिलाएं
ईसाई: 90% पुरुष 95% महिलाएं
सिख: 93% पुरुष 96% महिलाएं
21 जुलाई 2026 विधानसभा में पारित
D-11064/26
प्रदेश की आधी आबादी, सभी बहनों को, दिया उनका हक़
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


पीएम आवास के सामने से राहुल गांधी को इस तरह हिरासत में लिया गया


संसदीय दल की बैठक में जाते हुए पीएम मोदी

छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई और नीट से जुड़े मुद्दों पर राजनीति गर्म

## पीएम आवास के सामने कांग्रेस का हाई-वोल्टेज ड्रामा, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच करीब आधे घंटे तक धक्का-मुक्की कांग्रेस ने ऐलान कर दिया था कि रात भर चलेगा धरना

# धरने पर बैठे विपक्षी नेता, राहुल-प्रियंका अखिलेश गिरफ्तार, तीन घंटे बाद छोड़े गए

पीएम आवास के पास दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुआ कांग्रेस का धरना, शाम साढ़े छह बजे पुलिस ने नेताओं को हिरासत में लिया, रात 9.45 बजे सभी को रिहा किया

**सरकार ने कहा**
- मांग मान ली गई थी, फिर भी बात से मुकरे राहुल गांधी
- सरकार की ओर से राहुल से दो बार बातचीत की गई पर सहमति नहीं बनी


पीएम आवास के सामने कांग्रेस नेता धरने पर बैठे हुए

- राहुल ने कहा कि पीएम युवाओं से माफी मांगें, भरोसा दें कि ऐसा फिर नहीं होगा
- देश का युवा सिर्फ प्रतियोगी परीक्षा ही नहीं, अपने भविष्य को लेकर सड़क पर है
- पीएम, गृहमंत्री व शिक्षा मंत्री को युवाओं पर बर्बरता के लिए इस्तीफा देना चाहिए


राहुल की नाक में चोट के बाद खून बहता हुआ


प्रियंका को महिला पुलिसकर्मी ले जाते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई और नीट से जुड़े मुद्दों को लेकर मंगलवार को राजधानी दिल्ली में भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। प्रधानमंत्री आवास के पास मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुआ कांग्रेस का धरना शाम साढ़े छह बजे पुलिस कार्रवाई के बाद समाप्त हो गया। दिल्ली पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### जितेंद्र सिंह बोले- सरकार संसद में चर्चा को राजी फिर ये तमाशा क्यों?

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से वे और गृह सचिव गोविंद मोहन नेताओं से बात करने पहुंचे थे। जब सरकार ने संसद में चर्चा कराने की मांग मान ली, तो राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की नई शर्त जोड़ दी और अपनी बात से मुकर गए। उधर, आम आदमी पार्टी ने इस प्रदर्शन को लेकर राहुल गांधी की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। आप सांसद संजय सिंह और विधायक आतिशी ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक और युवाओं के चल रहे ▶▶ शेष पेज 2 पर

**जंतर-मंतर पर सीजेपी का प्रदर्शन जारी**

मेदांता शिफ्ट किए गए सोनम वांगचुक शरद पवार सुप्रिया सुले और संजय राउत पहुंचे जंतर मंतर

### दीपके बोले- सरकार जंतर-मंतर पर आए

इधर, राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन लगातार जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सरकार से वार्ता के संदर्भ में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब उनका प्रतिनिधिमंडल सरकार से बात करने नहीं जाएगा। ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**नीट पेपर लीक पर पीएम मोदी बोले**

### यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी दोषियों को मिलेगी इसकी सख्त सजा

- कहा- परीक्षा प्रणाली को त्रुटि रहित और सुरक्षित बनाना प्राथमिकता

संसद भवन के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की मंगल मिलन बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार का कड़ा और स्पष्ट रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करना और पेपर लीक रोकना एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को तकनीक और पारदर्शिता के माध्यम से पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटि रहित बनाया ▶▶ शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बिना शिक्षकों के चल रहे 1,900 स्कूल, मांगा जवाब



**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य में बिना किसी शिक्षक के चल रहे लगभग 1,900 सरकारी स्कूलों के गंभीर मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया की खंडपीठ ने सरकार को अपना जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। यह याचिका वकील सौरभ त्रिपाठी द्वारा दायर की गई है।

### झूठी एफआईआर दर्ज करानी पड़ी भारी, खारिज



**टीकमगढ़।** यहां एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक जितेंद्र कुमार हेडले ने फोन पर हुई बातचीत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। टीकमगढ़ की विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए इस एफआईआर को पूरी तरह फर्जी माना और सिरे से खारिज कर दिया।

### पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर सुनवाई टली



**भोपाल।** चर्चित ट्विशा शर्मा संदिग्ध मौत मामले में केंद्रीय जेल में बंद सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई टल गई। मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण मामला स्थगित कर दिया गया। गिरिबाला ने अपनी जमानत याचिका में 100 वर्षीय मां की देखभाल और घर में हुई चोरी का हवाला दिया है।

**प्रदेश का पहला मामला!** जबकि, संविधान के अनुच्छेद 361(1) के तहत राज्यपाल न्यायालय को जवाबदेह नहीं होते

# ये तो गजब हो गया.. अवमानना याचिका पर राज्यपाल को भी हाईकोर्ट का नोटिस

यह मामला अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े किसी विवाद में पहली बार कुलाधिपति को नोटिस जारी हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जुड़े अवमानना मामले में राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल समेत तीन अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। मामला सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरबी दुबे के वेतन और सेवा विवाद से जुड़ा है। उनके साथ कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल और उप कुलसचिव स्थापना पवन साहू को भी जवाब देने के निर्देश मिले हैं। यह मामला अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है।



विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े किसी विवाद में पहली बार कुलाधिपति को नोटिस जारी हुआ ▶▶ शेष पेज 2 पर

**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जुड़ा यह मामला**



- **लोकभवन इस मामले का अध्ययन कर रहा है**
- **दुर्गावती विश्वविद्यालय से ब्यौरा मांगा गया है**

### राज्यपाल की शक्तियों पर क्या कहता है संविधान?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361(1) के तहत राज्य का राज्यपाल अपने कार्यकाल के दौरान किए गए किसी भी कार्य या निर्णय के लिए किसी भी न्यायालय (हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट) को जवाबदेह नहीं होता है। इसलिए, अदालतें आमतौर पर राज्यपाल के आधिकारिक कृत्यों के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से नोटिस जारी नहीं कर सकती हैं। हालांकि, इस नियम में कुछ विशेष और सीमित स्थितियां शामिल हैं। यदि राज्यपाल पर पद संभालने से पहले या उनके व्यक्तिगत कृत्यों से जुड़ा कोई मामला है, तो उन्हें नोटिस जारी किया जा सकता है। यदि राज्यपाल कार्यालय (अब लोकभवन) द्वारा लिए गए किसी प्रशासनिक या असंवैधानिक ▶▶ शेष पेज 2 पर

### अदालत ने नोटिस क्यों जारी किया

यह मामला अवमानना याचिका क्रमांक 3247 वर्ष 2026 से जुड़ा है। याचिका डॉ. आरबी दुबे ने दायर की है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट के पुराने आदेश का पालन नहीं हुआ। डॉ. आरबी दुबे की नियुक्ति 10 मई 2000 को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में रीडर पद पर हुई थी। बाद में उन्होंने अपना इस्तीफा दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि इस्तीफा 29 जुलाई 2006 से प्रभावी माना जाए। इसी समय से पूरा विवाद शुरू हुआ। रिकॉर्ड के अनुसार डॉ. दुबे ने प्रभावी तारीख से पहले अपना इस्तीफा वापस ले लिया था। उन्होंने 14 जुलाई 2006 को लिखित आवेदन दिया। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने 13 जुलाई 2006 का आदेश जारी किया। उस आदेश में इस्तीफा स्वीकार करने की बात कही गई। इसी फैसले को बाद में अदालत में चुनौती दी गई।

**राज्यपाल सचिवालय बोला- कोई मिस अंडरस्टैंडिंग हुई है**

मप्र हाईकोर्ट ने राज्यपाल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हालांकि संवैधानिक पद होने की वजह से हाईकोर्ट सीधे राज्यपाल को नोटिस जारी नहीं कर सकता। इसे लेकर राज्यपाल सचिवालय जल्दी ही हाईकोर्ट को पत्र लिखकर इससे अवगत कराएगा। राज्यपाल सचिवालय ने कहा कि हाईकोर्ट को इस मामले में कोई मिस अंडरस्टैंडिंग हुई है। इसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर सीधे जवाबदेह होता है।
इधर, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से राज्यपाल का नाम अवमानना याचिका से हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**राहुल की गिरफ्तारी के विरोध में मप्र में रातभर हंगामा**

## विस में सीएम कक्ष के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक


प्रदर्शन के बाद देर रात पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत प्रमुख विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में मप्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देर रात तक जमकर प्रदर्शन किया। राजधानी भोपाल में विधानसभा की कार्यवाही खत्म होते ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर फर्श पर ही धरने पर बैठ गए। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी लोकभवन के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे थे, जहां से पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। रिहाई के बाद वे सीधे विधानसभा पहुंचे और विधायकों के धरने का समर्थन किया। पटवारी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि छात्रों को देशद्रोही कहने वाले मंत्री को माफी मांगनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक करने और दोषियों को संरक्षण देने वाले ही ▶▶ शेष पेज 2 पर

**जीतू पटवारी लोकभवन से हटाए जाने के बाद पहुंचे विधानसभा, विजयवर्गीय से तीखी बहस, अब आज घेराव की तैयारी**

### प्रदेशभर के जिलों में उग्र प्रदर्शन

भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, कटनी, टीकमगढ़, खंडवा और रतलाम समेत कई जिलों में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, रैलियां निकालीं और चक्काजाम किया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी और देर रात तक प्रदर्शन का दौर जारी रहा।

**भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत**

**उनसे सवाल था-** आप कांग्रेस की सफाई करते रहे भाजपा में आपको किसने साफ कर दिया?

# उनका जवाब- मैं 30 साल विधायक और 15 साल मंत्री रहा और कितना देगी पार्टी? ख्वाहिशें तो कभी समाप्त नहीं होती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि मेरा मानना है कि पार्टी बहुत दूर की सोचती है। जब पार्टी दूर की सोचती है तो दूर का देखती भी है। मुझे लगता है मुझसे अच्छे विकल्प की तलाश हुई और मुझे 30 साल हो गए थे पार्टी में विधायक रहते हुए। 15 साल मंत्री रहा। और कितना देगी पार्टी। ये विचार स्वयं मेरे मन में आता है। जितना देना था उससे ज्यादा दिया है पार्टी ने। ऐसा मेरा स्वयं का मानना है। कितना मांगोगे आप। ख्वाहिशें तो कभी समाप्त होती नहीं हैं। इसलिए मैं मानता हूं पार्टी ने ठीक किया होगा। नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

**यह भी बोले नरोत्तम मिश्रा**
- पिछले चुनाव में कांग्रेस नहीं जीती, मैं हारा
- जख्मी कार्यकर्ता को देखकर भावुक हुआ
- दतिया में उद्योगों के लिए काफी संभावनाएं
- दतिया में औद्योगिक क्रांति होनी चाहिए




**प्रश्नः पार्टी को आपसे बेहतर विकल्प की तलाश किसलिए?**
उत्तरः चुनाव हारने के बाद पार्टी ने मुझे ई चुनाव टोली का संयोजक बनाया। महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार चुनाव में भेजा। पार्टी तो लगातार काम दे ही रही है। बाकी इससे ज्यादा कोई इच्छा अब है भी नहीं।

**उनसे सीधी बातचीत**

- **प्रश्नः ऐसा क्या हुआ कि दतिया की सड़कों पर 8-8 किमी तक नरोत्तम मिश्रा का दम देखने को मिला?**

**उत्तरः** कोई दमखम नहीं था। मैं तो था भी नहीं। कार्यकर्ता थोड़ा आवेश में आए थे। अपनापन दिखाने का रास्ता कार्यकर्ताओं ने अलग चुना। बातचीत जब हुई तो सब शांत हो गए थे, मान भी गए थे। भाजपा के कार्यकर्ता की विशेषता है कि जल्दी समरस हो जाता है।

- **प्रश्नः ऐसी नौबत क्यों आई?**

**उत्तरः** मैं समझ नहीं पाया पर मैंने समझने की कोशिश भी नहीं की। चुनाव के बाद जब केंद्रीय और राज्य के नेतृत्व से बात होगी तब मैं आपको बता पाऊंगा।

- **प्रश्नः आप कांग्रेस की सफाई करते रहे, भाजपा में आपको किसने साफ कर दिया?**

**उत्तरः** यही तो शोध और सोच का विषय है। और यही पर तो चर्चा करनी है। कोई बात नहीं है। मेरा मानना है कि पार्टी बहुत दूर की सोचती है। जब पार्टी ▶▶ शेष पेज 2 पर

## जैकेट तीन का शेष...

### अब मेघ ...

की उम्मीद है। भोपाल में 24 घंटे में 22 मिमी बारिश हुई। अब यहां कुल 421.7 मिमी बारिश हो गई है, जो नॉर्मल से 41.2 मिमी अधिक है। वहीं, प्रदेश में 24 घंटे में कम बारिश के आंकड़े में 3 फीसदी की कमी रही। सोमवार प्रदेश में औसत से 17 प्रतिशत कम बारिश थी, जो मंगलवार को 14 फीसदी कम रह गई है।

**युवक बाइक सहित बहा:** मंडला जिले के नैनपुर में तेज बारिश के बाद नाले में उफान आ गया। नाले की पुलिया पार करते समय बाइक सवार दो युवक बह गए। ग्रामीणों ने एक युवक को रस्सी के सहारे सुरक्षित बचा लिया, जबकि दूसरा युवक बाइक सहित बह गया। कुछ देर वह घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर सुरक्षित मिल गया।

**आज यहां अति भारी से भारी बारिश :** बुधवार तक गुना, श्योपुरकलां, सतना, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, मैहर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राजगढ़, बैतूल, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, कटनी, मंडला, दमोह, छतरपुर में कुछ जगह भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा में मध्यम से हल्की बारिश होगी।

### अब अलग-अलग ...

क्यों होनी चाहिए? राम से रहीम तक, रविंद्र से रॉबिन तक, अमर से एंथोनी और अकबर तक देश एक संविधान से चले। मध्य प्रदेश में अलग-अलग मजहबी तौल कांटा नहीं होगा। सब एक ही बाट से तौले जाएंगे। इस दौरान सीएम ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष बताएं कि हम अपने दो बेटों को अलग-अलग दृष्टिकोण से क्यों देखते हैं?मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों के खाने के दांत अलग हैं और दिखाने के अलग। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। समान नागरिक संहिता को लेकर समाज के अलग-अलग वर्गों को डराने की कोशिश की गई। ये पाप यदि किसी ने किया है तो वो कांग्रेस पार्टी ने किया है। इसी संदर्भ में उन्होंने जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी चौपाई का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। आज भी समान नागरिक संहिता का विरोध करके प्रदेश की करोड़ों माताओं-बहनों को मजहबी कुप्रथाओं की बेड़ियों में जकड़े रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के मुद्दे को 70 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम महिलाओं का समर्थन इस बात का प्रमाण है कि समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों ने महिलाओं और खास तौर से मुस्लिम महिलाओं के प्रति अपराध किया है। सीएम ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद मध्यप्रदेश में भेदभाव से मुक्ति मिलेगी और राज्य गोवा, उत्तराखंड और असम के बाद इस दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा। उनके वक्तव्य के दौरान विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसियों के दांत खाने के और, दिखाने के और हैं। अब कांग्रेस का पाखंड और दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। यदि कांग्रेस बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान का रत्तीभर भी सम्मान करती है तो उसे इस विधेयक का समर्थन करना चाहिए। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान कांग्रेस विधायक चंदा चोरों और गद्दी छोड़ो के नारे लगाते रहे। डॉ. यादव ने दावा किया कि प्रदेश के 93 प्रतिशत नागरिकों ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है।

### तब कांग्रेस पीछे ...

शाह बानो प्रकरण और महिलाओं के अधिकारों से जुड़े अन्य मुद्दों पर कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने राजनीतिक हितों के कारण महिलाओं के साथ न्याय नहीं किया।

**समय सीमा में पंजीकरण नहीं कराने पर जुर्माने का प्रावधान :** मुख्यमंत्री ने यूसीसी के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह की न्यूनतम आयु पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष सभी समुदायों पर समान रूप से लागू होगी। प्रत्येक विवाह का शासकीय पंजीकरण अनिवार्य रहेगा तथा समय सीमा में पंजीकरण नहीं कराने पर जुर्माने का प्रावधान होगा। लिव-इन संबंधों का भी पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा। पुत्र और पुत्री दोनों को पैतृक एवं अर्जित संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, जबकि अनुसूचित जनजातियों तथा संरक्षित परंपरागत समूहों को इस संहिता के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

### आरिफ मसूद का ...

आकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। अध्यक्ष के चर्चा करने की अपील को भी विपक्षी सदस्य नहीं माने। काफी देर तक चले गतिरोध, हंगामा व नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री ने अपना वक्तव्य दिया। इसके बाद विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### सामान्य वर्ग की बहस ...

अधिवक्ता आदित्य सांघी ने अपनी दलीलें पेश कीं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दिया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों को केवल दावों के आधार पर नहीं, बल्कि ठोस एवं मापने योग्य (क्वांटिफिएबल) आंकड़ों से साबित करना आवश्यक है। सामान्य वर्ग की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि वर्ष 2019 में जब राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए संशोधन किया, तब उसके पास सुप्रीम कोर्ट के मानकों के अनुरूप कोई ठोस डेटा उपलब्ध नहीं था। बाद में कराया गया सर्वे और डेटा संग्रह संशोधन लागू होने के लगभग पांच वर्ष बाद किया गया, जबकि मामला पहले से ही हाई कोर्ट में विचाराधीन था। इसलिए बाद में तैयार किए गए आंकड़ों के आधार पर पहले लिए गए निर्णय को वैध नहीं ठहराया जा सकता।

### असाधारण परिस्थितियों ...

दिया, जबकि इसके समर्थन में कोई व्यापक और समग्र अध्ययन अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।

### मीथेन गैस रिसाव ..

गए। हादसे के बाद मीथेन गैस के रिसाव ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। 12 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पश्चिम बंगाल से विशेष गैस-प्रोटेक्टिव उपकरणों से लैस विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### रेस्क्यू वर्कर्स भी चक्कर ...

बावजूद बचाव कार्य जारी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भी स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। रात में हुई भारी बारिश के कारण टनल में पानी भर गया था, जिसे निकालकर रेस्क्यू ऑपरेशन फिर शुरू किया गया है।

## पेज एक का शेष....

### धरने पर बैठे...

करीब तीन घंटे तक चले धरने के दौरान केंद्र सरकार की ओर से राहुल गांधी से दो बार बातचीत की गई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान मौके पर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के चारों ओर घेरा बना लिया और पुलिस को उनके पास पहुंचने से रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच करीब आधे घंटे तक धक्का-मुक्की होती रही। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहुल गांधी को धरनास्थल से हटाया और बस में बैठाकर हिरासत में ले लिया। राहुल गांधी को हटाए जाने के समय अखिलेश यादव भी उनके साथ मौजूद थे। वहीं, प्रियंका गांधी को भी हिरासत में लेकर पुलिस वाहन से ले जाया गया। सभी नेताओं को छत्रसाल स्टेडियम में रखा गया। यहां से करीब 3 घंटे बाद रात 9.45 बजे सभी को रिहा कर दिया गया। प्रियंका को मंदिर मार्ग थाने ले जाया गया था। प्रियंका से मिलने सोनिया गांधी थाने पहुंची थी। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने हिरासत में लिए जाने के दौरान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार डरी हुई है। इससे पहले कांग्रेस ने ऐलान कर दिया था कि धरना रात भर चलेगा। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। उधर, दिल्ली पुलिस ने 20 जुलाई के घटनाक्रम को लेकर चार एफआईआर दर्ज की हैं।

### जितेंद्र सिंह बोले-...

वास्तविक आंदोलन को कमजोर करने के लिए यह सब किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष की स्पष्ट मांग है कि गृह मंत्री संसद में इस पूरे मामले पर बयान दें और विस्तृत चर्चा कराई जाए।

### दीपके बोले- ....

उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ता के नाम पर उनके प्रतिनिधियों को बुलाकर जेपी नड्डा के आवास पर नजरबंद किया गया और उनके मोबाइल जब्त कर समय बर्बाद किया गया। दीपके ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार बातचीत करना चाहती है, तो उसे खुद जंतर-मंतर आना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 24वें दिन भी अनशन पर कायम सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर दिया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार, सांसद सुप्रिया सुले, शिवसेना (यूटीबी) सांसद संजय राउत और सीपीआई एम के सांसदों ने धरनास्थल पहुंचकर एकजुटता दिखाई।

### यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी,...

जा रहा है। पीएम मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आह्वान किया कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर राजनीति करने के बजाए सभी को एकजुट होकर समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

### ये तो गजब ...

है। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को तय हुई है। इस दिन सभी संबंधित पक्ष अपना जवाब पेश कर सकते हैं।

### राज्यपाल की शक्तियों...

निर्णय को चुनौती दी जाती है, तो हाईकोर्ट अक्सर राज्यपाल के सचिवया राज्य सरकार को नोटिस जारी करता है। कुछ दुर्लभ अपवादों में, यदि किसी संवैधानिक संकट या निर्णय की व्याख्या करनी हो, तो अदालत राज्यपाल सचिवालय से स्पष्टीकरण मांग सकती है। उदाहरण के लिए, विभिन्न राज्यों (जैसे छत्तीसगढ़ और कर्नाटक) में हाईकोर्ट द्वारा राजभवन को नोटिस जारी किए जाने के मामले सामने आए हैं, जिस पर कानूनी बहस भी होती रही है।

### विस में सीएम....

असली देशद्रोही हैं। विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधायकों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान विजयवर्गीय और सिंघार के बीच तीखी बहस हो गई। रात करीब 11:30 बजे विधायकों ने धरना समाप्त किया। इससे पहले पटवारी सहित अन्य नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया और थोड़ी देर में रिहा कर दिया।

## उनसे सीधी बातचीत

दूर की सोचती है तो दूर का देखती भी है। मुझे लगता है मुझसे अच्छे विकल्प की तलाश हुई और मुझे 30 साल हो गए थे पार्टी में विधायक रहते हुए। 15 साल मंत्री रहा। और कितना देगी पार्टी। ये विचार स्वयं मेरे मन में आता है। जितना देना था उससे ज्यादा दिया है पार्टी ने। ऐसा मेरा स्वयं का मानना है। कितना मांगोगे आप। ख्वाहिशें तो कभी समाप्त होती नहीं हैं। इसलिए मैं मानता हूं पार्टी ने ठीक किया होगा।

**■ प्रश्न: दतिया में ढाई साल पहले आप क्यों चुनाव हारे?**

**उत्तर:** मैं अतिविश्वास में था इसका मुझे नुकसान हुआ। कांग्रेस के भ्रम का शिकार भाजपा और दतिया की जनता हो गई। ये भ्रम दतिया में जोर-शोर से चला कि कांग्रेस की सरकार आने वाली है। उसका भी नुकसान हुआ। ऐसे दो तीन कारण रहे जिसके कारण मैं चुनाव हार गया। मैं आज भी मानता हूं दतिया में कांग्रेस नहीं जीती, मैं हारा।

**■ प्रश्न: आप कांग्रेस को मैनेज कर लेते हैं इस पर क्या कहेंगे?**

**उत्तर:** आशुतोष तिवारी के बाद कांग्रेस के घनश्याम का टिकट हुआ है। मैनेजमेंट जैसी कोई बात नहीं है। मैंने कहा कि मैं अतिआत्मविश्वास के कारण हार गया था मैंनेजमेंट के कारण नहीं।

**■ प्रश्न: घनश्याम सिंह को 2008 में आपने दतिया से विदा कर दिया था, 2026 में वो फिर कैसे दिखाई दे रहे हैं?**

**उत्तर:** घनश्याम सिंह 2008 में मेरे खिलाफ लड़े थे तीसरे नंबर पर आए थे। वे पहले 10 साल दतिया से विधायक रहे हैं। उनके पिताजी दतिया से 5 साल तक सांसद रहे हैं। वो दतिया में ही रहते हैं और दतिया के राजा कहलाते हैं। कांग्रेस के सर्वे में उनका नाम आया होगा इसलिए मैं मानता हूं कि कांग्रेस ने उनको टिकट दिया होगा।

**■ प्रश्न: क्या आपके चुनाव मैदान में नहीं रहने से घनश्याम सिंह को टिकट मिल गया?**

**उत्तर:** नहीं, उन्होंने क्या सोचा, उनकी पार्टी ने क्या सोचा। इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। मेरी उनसे अभी तक बात नहीं हुई है। मैं इतना जानता हूं कि मुझे पार्टी के लिए काम करना चाहता हूं।

**■ प्रश्न: तो आपकी बात किस-किस से हुई?**

**उत्तर:** मेरी बात सीएम, प्रदेश अध्यक्ष से, चुनाव संचालन टोली से हुई है। मैं निकला ही नहीं हूं दतिया से बाहर। 10 तारीख को टिकट कटा। 11 को भोपाल और दिल्ली गया। उसके बाद दतिया से कहीं गया ही नहीं हूं। मैं अपने नवग्रह पीठ पर हूं।

**■ प्रश्न: जितनी मेहनत आपने टिकट मिलने की उम्मीद को लेकर की थी अब उसे कैसे संभाल रहे हैं?**

**उत्तर:** सब कार्यकर्ताओं को काम पर लगा दिया है। सब काम कर रहे हैं। थोड़े बहुत जो रह गए होंगे उनको भी काम पर लगाएंगे।

**■ प्रश्न: जनता कह रही है कि आपके लोगों ने तो पार्टी का काम लगा दिया?**

**उत्तर:** यह सच है। आपकी बात से मैं आशिंक रूप से सहमत हूं। लेकिन आपने देखा होगा कि मेरे आते ही सारे इस्तीफे वापस हुए और सारे लोग काम में लग गए। चुनाव प्रचार में सब लोग रोज साथ में हैं और एक भी व्यक्ति अनुपस्थित नहीं है। हम सब साथ में काम कर रहे हैं।

**■ प्रश्न: आप भावुक क्यों हो गए?**

**उत्तर:** मेरे सामने वो कार्यकर्ता आ गया था जिसके सिर पर अश्रु गैस का गोला लगा था। वो साामने आ गया था जब मैं भाषण दे रहा था। तो स्वाभाविक से मुझे पीड़ा हुई उसे देखकर। इसलिए उसे देखकर भावुक हो गया। टिकट के लिए गला नहीं रूंधा।

बहुत दिया है पार्टी ने। आपके समक्ष भी हाथ जोड़कर पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। ये सच है कि पुलिस ने गाड़ियां तोड़ीं, कार्यालय के अंदर अश्रु गैसे के गोले छोड़े। मैं खुद यह समझ नहीं पाया कि पुलिस ने सारी गाड़ियों के कांच क्यों तोड़ दिए। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को उत्तेजित किया। अभी तक ये बातें मेरी समझ से परे हैं। मैंने शीर्ष नेतृत्व को इस संबंध में अवगत करा दिया है। अब वो क्या निर्णय लेते हैं ये शीर्ष नेतृत्व का विवेक है।

**■ प्रश्न: राजेंद्र भारती का आरोप है कि आप ही इस चुनाव के लिए जिम्मेदार हैं, क्या कहेंगे?**

**उत्तर:** यह घटना 25 साल पहले की है 1998 की जब वे बैंक के अध्यक्ष थे। उस समय उन्होंने अपनी मां के नाम से यह गलत निर्णय लिया। वो अध्यक्ष थे उस समय और मां के नाम से एफडी बनाई 10 लाख रुपए की।

उस समय का 10 लाख रुपए का सोना आज 30 करोड़ का है। पुलिस थाने में केस गया। इनके प्रभाव से रजिस्टर्ड नहीं हुआ। न्यायालय ने आदेश दिया। फिर ये केस को एमपीएमएलए कोर्ट ले गए। 2008 में जब मैं पहली बार दतिया गया चुनाव लड़ने के लिए गया। तो यह केस मेरे आने से पहले का है।

**■ प्रश्न: दतिया में इस चुनाव में क्या मुद्दा है?**

**उत्तर:** दतिया में विकास का मुद्दा है। विकास हमेशा चलने वाली प्रक्रिया है। आवश्यकता आती रहती है। एयरपोर्ट बन गया है। एयर कनेक्टिविटी हो जाए और उसके बाद दतिया में औद्योगिक क्रांति आनी चाहिए। यहां उद्योग की काफी संभावनाएं हैं। यहां कई तरक के रॉ मटेरियल हैं। अगर उनका उद्योग लगता है। जैसे दूध का प्रसंस्करण उद्योग लगे। उसका यहां कोई बड़ा प्लांट आना चाहिए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक शाखा), भोपाल

क्र.289/या.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 21/07/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https:// www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | निविदा क्रय करने का अंतिम समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_523047_1 | CONST.OF C.C ROAD INFRONT OF H.NO 21A AT SAI NAGAR AND H.NO 21A TO 11 A AND 30 A AT SURBHI ENCLAVE WARD 60 ZONE 14 | 3152568/- | 19.08.2026 | 05:30 PM |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

नि.क्र. 476/026/027

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ • B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6294



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6293 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6304

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6303 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



वीआईपी रोड से गुजरती इलेक्ट्रिक बस।

**20 नई ई-बसें जल्द पहुंचेंगी भोपाल, राजधानी को मिलना हैं 100 बसें**

## ई-बसों के ट्रायल रन में नहीं नजर आई कोई खामी, 50 किमी प्रति घंटा की गति से चलीं, लालघाटी चढ़ाव पर भी नहीं आई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में लंबे इंतजार के बाद ई-बसों का ट्रायल शुरू हो गया है। पांच दिन तक चलने वाले उक्त ट्रायल के दौरान तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं को परखा जा रहा है। ट्रायल के दूसरे दिन भी बसों के संचालन में कोई खामी नजर नहीं आई। 50 किमी प्रति घंटा की गति से बसें चलीं और चढाव वाले लालघाटी रोड पर भी कोई दिक्कत नहीं आई। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह बसें यात्रियों के लिए अगस्त माह में चलना शुरू हो जाएंगी। वर्तमान में संत नगर डिपो में 21 बसें पहुंच चुकी हैं, जबकि 20 बसें संभवतः एक-दो दिन में राजधानी पहुंच जाएंगी।

ट्रायल के दूसरे दिन मंगलवार को ई-बसें माता मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, बाणगंगा, पॉलिटेक्निक, किलोल पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी कलेक्टोरेट, रायल मार्केट, पीर गेट, मोती मस्जिद, रेतघाट होकर गुजरीं। सभी बसें संत नगर में बने डिपो में खड़ी हो रही हैं। जहां इन बसों के देखरेख, मेंटेनेंस, चार्जिंग आदि सुविधाएं हैं।

> हाईड्रोलिक डोर के सामने दो व्हील चेयर या ट्रायसिकल एक साथ खड़ी करने की जगह, दिव्यांगजनों के लिए पहली बार यह सुविधा

*संतनगर डिपो में पहुंचीं 21 बसें, जल्द ही 20 बसें और आएंगी*

*यात्रियों की सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रिक बसों में लगे 6 कैमरे*


पीरगेट माता मंदिर से गुजरती एक इलेक्ट्रिक बस।

### शहर के अलावा मंडीदीप, भोजपुर भी जाएंगी बसें

इन बसों को शहर के रूटों के अलावा फंदा, औबेदुल्लागंज, सीहोर, मंडीदीप, भोजपुर, बिलखिरिया सहित कई नगरीय निकायों तक चलाया जाएगा। दिव्यांगों के चढ़ने-उतरने के लिए हाईड्रोलिक डोर हैं। सुरक्षा के लिए 6 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बस की लंबाई 9 मीटर और चौड़ाई करीब साढ़े 3 मीटर है।

### महापौर बोलीं- शहर के लिए बड़ी सौगात हैं ई-बसें

महापौर मालती राय का कहना है कि ई-बसें शहर के लिए बड़ी सौगात हैं। परिवहन व्यवस्था बहुत बेहतर होगी। तीन रूट तैयार हो चुके हैं। जैसे-जैसे बसें आएंगी रूटों को फाइनल किया जाएगा। अभी ट्रायल चल रहा है।

---

**निगम का दावा नालों की सफाई की, फिर भी गाद और कचरा बरकरार**

## नालों की सफाई और ड्रेनेज पर हर साल करोड़ों खर्च फिर भी पानी में डूब गईं शहर की कई पॉश कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम फेल शहर के कई हिस्सों में पानी जमा लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नालों के निर्माण पर हर साल करोड़ों खर्च किए जाते हैं फिर भी हाल जस के तस हैं।

**नालों में पसरी गंदगी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा**

नगर निगम नालों की सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था पर प्रतिवर्ष करीब 100 करोड़ रुपए खर्च करता है, लेकिन जलभराव वाले इलाकों में नाले और ड्रेनेज सिस्टम बनाने के लिए करोड़ो रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। उसके बावजूद भी शहर के नालों की स्थिति जस की तस बनी हुई है मंगलवार को हुई बारिश में शहर के कई नालें ओवर फ्लो होने की कगार पर है, बारिश में गंदगी से बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

**रहवासी बोले- नालों की सफाई सिर्फ कागजों में**


प्रभात चौराहे के पास के नाले में पड़ा कचरा और पन्नियां बताते हैं कि नाले की सफाई नहीं हुई।

जोन अधिकारियों का कहना है कि हमारे इलको के नाले पुरी तरह साफ हैं, पर रहवासियों का कहना है कि सफाई सिर्फ कागजों पर हुई है। महापौर मालती राय का कहना है कि शहर में सभी नालों की सफाई और गहरीकरण का काम कई चरणों में हो चुका है। अगर कहीं कोई विशेष क्षेत्र में दिक्कत हो तो मेरे संज्ञान में लाएं तत्काल मौके पर टीम भेज कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### शहर के प्रमुख नाले...

- कई इलाकों में कच्चे नालों में गंदगी और पॉलिथीन से भरे पड़े हैं कभी-कभार मृत जानवर भी नालों में बहते मिलते है। भानपुर नाला, पुराना भोपाल में काजीकैंप नाला, रत्नागिरी और बागसेवनिया क्षेत्र के नालों में की स्थिति बद से बदतर है।
- वहीं पहले मानसून में नाले ओवरफ्लो होने के कारण कचरा गंदगी सड़कों पर तैर रही हैं। नगर निगम की ओर से हर वर्ष 15 मार्च से 15 जून तक विशेष अभियान चलाकर नालों की सफाई और गहरीकरण का कार्य किया जाता है। इसके लिए प्रत्येक जोन में नाला गैंग तैनात रहती है। हालांकि इसके बावजूद भी शहर के नालों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।
- स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन महीने के अभियान के बावजूद भी सफाई कहीं नहीं दिखाई नहीं दे रही है। शहर के 600 से अधिक नाले अब भी गंदगी, पॉलिथीन और कचरे से पटे पड़े हैं, जिससे बारिश के दौरान पानी निकासी प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है।

### बारिश ने बिगाड़ी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट से जुड़ी सड़कों की हालत, ब्रिज के मुहाने पर जलभराव, गहरे गड्ढों के बीच आवाजाही


करोंद रोड पर इतना गहरा गड्ढा है कि ऑटो के पूरे पहिए डूब गए।

शहर में शुरू हुई बारिश से निर्माणाधीन प्रोजेक्ट वाली सड़कों पर वाहन चालकों के लिए आवाजाही मुश्किल भरी हो गई है। डीआईजी बंगला चौराहे से करोंद तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और जलभराव से वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं अयोध्या टेन क्षेत्र में भी निर्माण कार्य और बारिश से लोग परेशान हैं। सबसे अधिक दिक्कत मेट्रो के निर्माणाधीन रूट पर है। कई जगह सड़क की परत उखड़ चुकी है और कीचड़ से वाहन फिसल रहे हैं। काजीकैंप से करोंद, डीआईजी बंगला चौराहे से छोला, आरिफ नगर से मंडी रोड, गोविंदपुरा तिराहा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शिव नगर, रसूल्ली में ज्यादा दिक्कत है।


पातरा नाले में पड़ी गंदगी और किनारे पर पड़ी गाद, जो बारिश में बहकर वापस नाले में ही मिल रही है।

### आवाजाही, कारोबार पर असर

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसियों द्वारा न तो जल निकासी की व्यवस्था की गई है और न ही क्षतिग्रस्त सड़कों की अस्थायी मरम्मत कराई गई है। बारिश के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं तथा कई बार लंबा जाम लग जाता है। व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि धूल, कीचड़ और जलभराव के कारण आवाजाही के साथ कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।


पुराने शहर के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में गहरे गड्ढे होने से लोग परेशान हैं।

---

**असली पैकिंग में नकली माल**

## ईनो, सर्फ, शैंपू, विक्स समेत 10 लाख के मसाले पकड़ाए

*अहमदाबाद से भोपाल आ रहा माल, शहर की दुकानों पर कम कीमत में खपाया*


गोदाम में नकली सामान पर कार्रवाई करता अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

असली पैकिंग जैसी नकली पैकिंग बनाकर पीएंडजी गोदरेज, ईनो, विक्स वेपोरब समेत नकली मसालों को खपाने के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। करोंद निवासी आरोपी सोहेल उर्फ रेहान उम्र 34 वर्ष अहमदाबाद गुजरात से नकली माल मंगवाता था। मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे पुराने कबाड़खाना स्थित धर्मकांटे के पास दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से दस लाख रुपए का नकली सामान जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपी लंबे समय से शहर की किराना दुकानों पर ब्रांडेड सामान के नाम पर नकली सामान बेच रहा था। दुकानदारों को सस्ते का लालच देकर उसे खपा देता था। आरोपी के कब्जे से ब्रांडेड कंपनियों के नाम से तैयार किए गए सर्फ, शैंपू, फेस क्रीम, विक्स वेपोरब, ईनो, हेयर ऑयल, एवरेस्ट मसाले समेत बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद बरामद हुए हैं।

### ग्राहकों से ठगी, असली के दाम चुकाए

जांच में पता चला कि नकली उत्पादों की पैकिंग और रैपर इस तरह तैयार किए गए थे कि ग्राहक के लिए उन्हें असली और नकली में पहचानना मुश्किल था। कम कीमत का लालच देकर ये उत्पाद बाजार में बेचे जा रहे थे, जबकि दुकानदार उपभोक्ताओं से पूरे दाम वसूल कर रहे थे। आरोपी सोहेल पिछले छह महीने से शहर की अलग-अलग बड़ी किराना दुकानों पर नकली माल सप्लाई कर रहा था। उसका टॉरगेट थोक सामान बेचने वाले बड़े दुकानदार थे, जिनके यहां से छोटे दुकानदार सामान ले जाते थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने विलानी स्टोर बैरागढ़, राठौर किराना स्टोर शाहजहांनाबाद, मोक्ष किराना स्टोर शाहजहांनाबाद, काशिफ किराना स्टोर छोला मरघट, वहीं कमल ट्रेडर्स फूटा मकबरा और जैन गृह उद्योग गांधीनगर में सामान सप्लाई किया गया है।

### तीन घंटे की घेराबंदी के बाद आरोपी को दबोचा

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कबाड़खाना इलाके में एक व्यक्ति ट्रांसपोर्ट के जरिए नकली ब्रांडेड सामान भेजने की तैयारी में है। जिसके बाद टीम ने मीनार कांटा के सामने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके से कार्टन और बोरियों में भरा नकली सामान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नकली उत्पाद अहमदाबाद से खरीदकर भोपाल में विभिन्न दुकानों पर सप्लाई करता था।

---

**तहसीलदार के दबाव में 12 डंपरों को छोड़ा**

## खनिज माफिया के नाम गायब, किसान पर बनाया अवैध उत्खनन का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातताल के रोजीवे गांव में 15 एकड़ जमीन की समतलीकरण परमिशन लेकर डेढ़ सौ डंपर कोपरा निकालने के मामले की जांच पर फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर की रिपोर्ट से खनिज माफिया शेखर पवार और शैलेंद्र भदौरिया के नाम गायब कर दिए हैं, जबकि जमीन मालिक किसान हरिचरण पर केस बनाया गया है। किसान पर 40 लाख 40 हजार रुपए की रायल्टी जमा कराने की पैनाल्टी लगाई गई है। इधर, खदान से दो पोकलेन मशीन जब्त करने और 12 डंपरों को छोड़ने के मामले में जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत का कहना है कि खनिज इंस्पेक्टर ने डंपरों को क्यों छोड़ा है, इस बारे में मुझे जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि उनका कहना है कि जब डंपरों को जब्त नहीं किया गया है, तो पोकलेन मशीनें भी जब्त नहीं की जानी चाहिए।

### कलेक्टर ने किया खनिज अफसरों का बचाव

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का कहना है कि जिले में खदानों की संख्या सीमित है, ऐसे में आसपास क्षेत्रों के किसान अस्थाई परमिशन लेकर सरकार को रायल्टी के रूप में राजस्व देते हैं। अगर इन पर सख्ती की जाएगी, तो निर्माण के लिए खनिज की उपलब्धता मुश्किल हो जाएगी। दाम बढ़ने से कम बजट का मकान बनाने वाले लोगों को निर्माण करना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि इसके पहले कलेक्टर ने इस मामले की तीसरी बार जांच कराने की बात कही थी, लेकिन खनिज अधिकारी ने कलेक्टर के लिखित में आदेश मिलने पर जांच कराने की बात कह दी।

### रिटायर अफसर के बेटे को बचाया

इसके पहले जिला खनिज अधिकारी ने अचारपुरा के डोबरा रोड स्थित कुठार की चंदेरी झील में जल गंगा संवर्धन के नाम पर अवैध उत्खनन मामले में भी पूर्व जिला खनिज अधिकारी एलएम गोयल के बेटे शुभम गोयल शैंकी को बचा लिया था। अफसरों ने मौके से डंपर और मशीनें नहीं मिलने पर उसे क्लीनचिट दे दी। जिला खनिज अधिकारी का कहना है कि खनिज इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर ही कार्रवाई की जाती है। पेश की गई रिपोर्ट में अवैध खनन और किसी व्यक्ति का नाम नहीं दिया गया था।

### अवैध उत्खनन पर सरकारी जमीन का होगा सीमांकन



**भोपाल।** कोलार क्षेत्र की दानिश हिल्स व्यू कॉलोनी के पास अकबरपुर की सरकारी जमीन पर अवैध उत्खनन, पहाड़ी कटाई और पेड़ों को नुकसान पहुंचाने के मामले में जमीन का सीमांकन कराया जाएगा। एसडीएम, वन, खनिज सहित संबंधित विभागों की टीम गठित की है। रहवासियों प्रशांत जैन ने बताया कि सर्वे क्रमांक-3 की जमीन पर जेसीबी और पोकलेन मशीनों से पहाड़ की खुदाई की गई है। उन्होंने बिना अनुमति प्लॉटिंग, पेड़ों की कटाई और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की थी। यह क्षेत्र वन्यजीवों के विचरण का एरिया है, जहां बाघ सहित अन्य जीव पाए जाते हैं। एडीएम सुमित पांडे का कहना है कि रहवासियों की शिकायत पर सीमांकन के लिए टीम बनाई गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

**सीएम रविवार को कर सकते हैं स्टेशन का उद्घाटन**

## राजधानीवासियों को इस सप्ताह से मिलेगी चौथे रेलवे स्टेशन की सौगात, निशातपुरा पर दो ट्रेनों के साथ शुरू होगा रेल यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल को निशातपुरा के रूप में जल्द चौथा रेलवे स्टेशन मिल सकता है। रेलवे ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस रविवार यानी 26 जुलाई से स्टेशन का संचालन शुरू करने की योजना है। अगर सबकुछ सही रहा तो मुख्यमंत्री मोहन यादव स्टेशन का उद्घाटन कर सकते हैं। वहीं रेलवे की ओर से पहले ही मालवा एक्सप्रेस और जबलपुर-वेरावल (सोमनाथ) एक्सप्रेस के हॉल्ट को लेकर आदेश जारी कर दिए है। स्टेशन शुरू होते ही भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। इससे भीड़ भी घटेगी और ट्रेनों का समय भी सुधरेगा। दरअसल, अभी कई ट्रेनों को भोपाल रेलवे स्टेशन के आउटर पर घंटों खड़ा रहना पड़ता है। इससे यात्री परेशान होते हैं। निशातपुरा स्टेशन शुरू होने से करोंद, लालघाटी, गांधी नगर, अयोध्या नगर, आनंद नगर, भीमनगर व आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वे यहां से सीधे आवागमन कर सकेंगे।

> भोपाल रेल मंडल उद्घाटन समारोह की तैयारियों में जुटा

> मालवा और सोमनाथ एक्सप्रेस के हॉल्ट को लेकर आदेश जारी

### स्टेशन पर सभी सुविधाएं मौजूद, भोपाल स्टेशन पर कम होगा ट्रेनों का दबाव



निशातपुरा का स्टेशन जो करीब एक साल पहले बनकर तैयार हो चुका है।

### इंजन की दिशा बदलने की जरूरत हो जाएगी खत्म, बचेगा पौन घंटे तक का समय

रेलवे अधिकारियों के अनुसार अगर भोपाल स्टेशन पर समाप्त होने वाली कुछ ट्रेनों का टर्मिनेशन निशातपुरा तक बढ़ाया जाता है, तो इंजन की दिशा बदलने की जरूरत खत्म हो जाएगी। अभी भोपाल स्टेशन पर इंजन की दिशा बदलने में 30 से 45 मिनट तक का समय लग जाता है, जिससे ट्रेनें लेट हो जाती हैं। निशातपुरा से ट्रेनों को सीधे इंदौर, उज्जैन और रतलाम की ओर रवाना करना आसान होगा। बता दें कि लगभग एक साल पहले निशातपुरा रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है।

रेलवे विभाग ने स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म विस्तार के साथ टिकट घर, यात्री प्रतीक्षालय, पार्किंग, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं दी हैं। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है पहले चरण में दो जोड़ी ट्रेनों के स्टॉपेज के साथ ही रेल यातायात शुरू किया जा रहा है। इसके बाद छह माह बाद अन्य ट्रेनों को यहां स्टपेज देने की तैयारी रहेगी। उनमें जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, अजमेर-हैदराबाद एक्सप्रेस, इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस, इंदौर-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस, विंध्याचल राज्यरानी, भोपाल-बीना मेमू, बिलासपुर एक्सप्रेस और झांसी-इटारसी पैसेंजर शामिल हैं।

## विधानसभा के मानसून सत्र में अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विधेयक 2026 पारित

### प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर, सीवेज टैक्स के साथ पड़ेगा फायर सेफ्टी टैक्स का भार

# आगजनी को रोकने चार मंजिला इमारतों पर लगवाना पड़ेगा फायर सिस्टम, वसूला जाएगा फायर सेफ्टी टैक्स



विधानसभा में जाते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मंगलवार को अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विधेयक 2026 पारित हो गया। प्रदेश में तेजी बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए यह विधेयक लाया गया है। बिल के पारित होने से पहले सदन में जमकर चर्चा हुई। बिल में पंद्रह मीटर से अधिक ऊंची इमारतों, बड़े स्कूलों, हॉस्टलों, अस्पतालों, मॉल और कमर्शियल कॉम्पलेक्स में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाना पड़ेगा। इसके साथ इन इमारतों से फायर सेफ्टी टैक्स भी वसूल किया जाएगा।

इसके साथ प्रदेश में आधुनिक अग्निशमन उपकरण लाए जाएंगे। फायर एनओसी और सर्टिफिकेट जारी करने के लिए तय समय सीमा निर्धारित की जाएगी। मंगलवार को विस में बताते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा कि इस एक्ट को धरातल पर लागू करने में करीब 6 महीने का समय लगेगा। विजयवर्गीय ने सदन में बताया कि यह विधेयक जनहानि और धनहानि दोनों को रोकेगा। आग बुझाने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जिन्हें इस एक्ट में शामिल किया गया है।

### प्रत्येक वर्ष बहुमंजिला इमारतों के लिए लेना पड़ेगी फायर एनओसी




#### शादी और आयोजनों में लगेंगे फायर रिटार्डेंट पंडाल, नए सुरक्षा मानक तय होंगे


शादी समारोह, धार्मिक आयोजन, राजनीतिक कार्यक्रम और मेलों में लगाए जाने वाले पंडालों के लिए भी नए सुरक्षा मानक तय होंगे। पंडालों में उपयोग किए जाने वाले कपड़े और अन्य सामग्री का अग्निरोधी (फायर रिटार्डेंट) होना अनिवार्य किया जाएगा।

#### दस मिनट में पहुंचेगी फायर ब्रिगेड

नए कानून के तहत फायर सेफ्टी के लिए सभी भवनों में एग्जिट प्लान और फायर पाइपलाइन का प्रदर्शन अनिवार्य रहेगा। नए फायर स्टेशन बनाने के साथ-साथ, दस मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचे, यह तय करने के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाएगी।

#### स्कूल, अस्पताल मॉल, उद्योगों के लिए सर्टिफिकेट जरूरी

पंद्रह मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्कूल, अस्पताल, मॉल, होटल और औद्योगिक इकाइयों के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जरूरी होगा। बिना फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के किसी भी इमारत को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही, अब आम लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स के साथ फायर सेफ्टी टैक्स भी देना पड़ेगा, जिसका सीधा असर आम लोगों की जैब पर पड़ेगा।



विधानसभा में मंत्री राकेश सिंह।

## फायर मैन बनकर विधानसभा पहुंचे विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय



विधानसभा का मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में फायर सेफ्टी एक्ट लाया जा रहा है जिस लेकर लंबे समय से सदन में फायर सेफ्टी एक्ट को लेकर अपने बात रख रहे जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को फायरमैन के गेट अप में विधानसभा में प्रवेश करके फायर सेफ्टी एक्ट लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं लोगों को भी फायर सेफ्टी एक्ट के विषय में जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि 25 फरवरी को मैंने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से मप्र में फायर सेफ्टी एक्ट लागू करने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। आज यह हम सभी के लिए बेहद खुशी और संतोष का विषय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण एक्ट को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित

मप्र के राजमार्गों के विकास, रख-रखाव, प्रबंधन एवं संचालन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से मप्र शासनने मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 विधानसभा में पारित हो गया। इसका उद्देश्य राज्य में राजमार्गों के संचालन के लिए एक सुदृढ़ एवं आधुनिक कानूनी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे सड़क अधोसंरचना के विकास को गति मिले, परियोजनाओं का संचालन अधिक दक्षता के साथ हो और निजी निवेश को प्रोत्साहन प्राप्त हो। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने सदन को बताया कि वर्तमान में राज्य में उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस, टोल) के अधिरोपण एवं संग्रहण की व्यवस्था भारतीय टोल अधिनियम, 1851 तथा भारतीय टोल (मप्र संशोधन) एक्ट, 1932 के आधार पर संचालित होती है। ये दोनों कानून औपनिवेशिक काल में बनाए गए थे और वर्तमान समय की आवश्यकताओं तथा आधुनिक सड़क अधोसंरचना विकास की चुनौतियों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए राज्य सरकार ने भारतीय टोल (मप्र संशोधन) एक्ट, 1932 को निरस्त करने तथा मप्र राजमार्ग अधिनियम, 2004 में आवश्यक संशोधन कर उपयोगकर्ता शुल्क संबंधी स्पष्ट एवं सक्षम वैधानिक प्रावधान शामिल करने का प्रस्ताव रखा है।

### परियोजनाओं के वित्तीय मॉडल को मजबूती मिलेगी

स्पष्ट कानूनी प्रावधान उपलब्ध होने से राजमार्ग परियोजनाओं के वित्तीय मॉडल को मजबूती मिलेगी तथा परियोजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने, समय पर मरम्मत एवं रख-रखाव तथा बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी।

### पीपीपी मॉडल से विकास को भी नई गति मिलने की संभावना

विधेयक के माध्यम से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत सड़क अधोसंरचना के विकास को भी नई गति मिलने की संभावना है। स्पष्ट कानूनी व्यवस्था होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और निवेशकों का विश्वास मजबूत होगा। इससे राज्य में नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण, राजमार्गों के उन्नयन तथा अधोसंरचना विकास के लिए अधिक निवेश आकर्षित किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### विश्राम स्थल, ईंधन केंद्र, पार्किंग, शौचालय आदि बनेंगे

संशोधन का एक महत्वपूर्ण पहलू राजमार्गों के किनारे वे-साइड एमेनिटीज के विकास को बढ़ावा देना भी है। इसके अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए विश्राम स्थल, भोजनालय, ईंधन केंद्र, पार्किंग, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा, वाहन मरम्मत और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा सकेगा। इससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनेगी। वे-साइड एमेनिटीज के विकास से केवल यात्रियों को ही लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### विधानसभा में 7,765 करोड़ रुपए का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को 7,765 करोड़ रुपए का प्रथम अनुपूरक बजट पेश हो गया। इसे बुधवार को चर्चा के बाद पारित किया जाएगा। इसमें सबसे अधिक 3 हजार करोड़ रुपए नर्मदा घाटी विकास विभाग की परियोजनाओं के लिए आवंटित किया गया है। जबकि 2220 करोड़ रुपए खाद्य विभाग, 157 करोड़ रुपए गृह विभाग, 397 करोड़ भू राजस्व, जिला प्रशासन व अन्य के लिए आवंटित किया गया है। विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पारित होने के बाद संबंधित विभागों को राशि आवंटित की जाएगी। 352 करोड़ रुपए किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, 1300 करोड़ रुपए लोक निर्माण विभाग, 101 करोड़ रुपए परिवहन विभाग का आवंटन किया गया है। इसीतरह अन्य विभागों को भी राशि आवंटित की गई है।

## लोकायुक्त मामले: 2020-25 में मिली 27,192 शिकायतें, 24,717 शिकायतों का निराकरण किया

मप्र विधानसभा में लोकायुक्त प्रकरणों के निपटारे में देरी को लेकर पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि शिकायतों का निराकरण संबंधित विभागों से जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद किया जाता है, इसलिए प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। राज्य सरकार ने विधानसभा में एक जवाब में बताया कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच लोकायुक्त संगठन की शिकायत, जांच एवं तकनीकी शाखा में कुल 27,192 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 24,717 शिकायतों का निराकरण किया गया, जबकि 2,475 शिकायतें जांच के लिए पंजीबद्ध की गईं। इस अवधि में पंजीबद्ध और पूर्व से लंबित मामलों सहित 2,279 प्रकरणों का निपटारा किया गया। लोकायुक्त की विशेष पुलिस स्थापना ने वर्ष 2020 से 2025 के दौरान 1,451 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। इनमें से 477 मामलों में चालान न्यायालय में पेश किए गए। अब तक 84 मामलों में फैसला आया है, जिनमें 55 मामलों में सजा, 26 मामलों में दोषमुक्ति हुई, जबकि 3 प्रकरण आरोपी की मृत्यु के कारण समाप्त कर दिए गए।

## अपराधियों की संपत्तियों पर कार्रवाई कानून के दायरे में

मप्र विधानसभा में कांग्रेस विधायक आतिफ अकील के प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में अपराधियों की संपत्तियों पर की जाने वाली कार्रवाई कानून के दायरे में की जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। वहीं अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई राजस्व विभाग, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों की ओर से अपने-अपने अधिनियमों के तहत की जाती है।

### बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का कोई निर्णय नहीं

मप्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विधानसभा में विधायक आतिफ अकील के तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि विश्वविद्यालय का नाम बदलने का निर्णय शासन ने नहीं लिया है। मंत्री ने यह भी साफ किया कि डॉ. बरकतउल्ला भोपाली को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानने संबंधी जानकारी एकत्रित की जा रही है। किसी विश्वविद्यालय का नाम बदलने के लिए संबंधित अधिनियम में संशोधन विधेयक लाना आवश्यक होता है।

## मप्र ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक 2026 पारित, उद्योग स्थापना, संचालन होगा आसान

मप्र में उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं संचालन को अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं निवेशक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से मप्र ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस विधेयक, 2026 पारित हो गया। भारत सरकार के डीरिग्युलेशन एक्सरसाइज के तहत राज्यों में निवेश-अनुकूल, विश्वास-आधारित एवं समयबद्ध नियामकीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपेक्षित विधायी एवं संस्थागत सुधारों को वैधानिक आधार प्रदान करने के उद्देश्य से यह विधेयक तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं संचालन की प्रक्रियाओं को सरल बनाना, निवेशकों को एकीकृत डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराना तथा प्रदेश में निवेश-अनुकूल औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। यह विधेयक राज्य के अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापना, विस्तार अथवा संचालन किए जाने वाले उद्योगों पर लागू होगा। विधेयक के तहत निवेश संवर्धन के लिए व्यापक संस्थागत व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके तहत राज्य निवेश संवर्धन समिति तथा जिला निवेश संवर्धन समिति का गठन किया जाएगा। मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) को राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस सचिवालय की स्थापना की जाएगी।



विधायक रीति पाठक।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने यूसीसी बिल पास होने के बाद विधानसभा में मीडिया से की चर्चा

# समान नागरिक संहिता लागू होने से हिंदू-मुस्लिम सबको जीवन में बेहतरी का अवसर मिलेगा

### सीएम बोले- राज्य सरकार बहुविवाह से पीड़ित बहनों को उनका अधिकार दिलाने संपूर्ण समर्थन के साथ खड़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में किसी के लिए भी एक से ज्यादा विवाह करना अपराध होगा। राज्य सरकार बहुविवाह से पीड़ित बहनों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संपूर्ण समर्थन के साथ खड़ी है। यूसीसी में बहनों को कई अधिकार मिलेंगे।

परिवार की संपत्ति में महिलाओं को पुरूषों के बराबर अधिकार मिलेंगे। दत्तक पुत्र से लेकर जीवन के सभी अधिकारों को समान रूप से लागू किए जाएंगे। लिव-इन-रिलेशनशिप के लिए भी 18 वर्ष और 21 वर्ष की आयु होनी चाहिए। इसके लिए एक माह में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जो व्यक्ति विवाहेत्तर संबंध रखने के लिए लिव-इन-रिलेशन में रहेगा, उसके लिए 5 वर्ष तक के कारावास की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मप्र आज देश के बड़े राज्यों में ठोस कदम उठाते हुए यूसीसी पास कराके नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। इसके लिए प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि आखिर कांग्रेस क्यों तुष्टिकरण की राह पर चलती है और हिंदू-मुसलमान के बीच अंतर करती है। राम और रहीम हमारे लिए समान है, तो दोनों को भेदभाव के चश्मे से क्यों देखना चाहिए। हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का कहां सवाल। दोनों भाईयों को लड़ाने का काम कांग्रेस ने वर्षों से किया है। लंबे संघर्ष के बाद जब आजादी मिली तो कांग्रेस की इसी सोच के कारण देश का बंटवारा हो गया। गलत कानून बनाने और विदेशी शासन पद्धति से शासन चलाने की, जो भूमिका जगदीशपुर को इस्लामनगर करके की गई थी। उसी जगदीशपुर की धरती पर हमारी सरकार के मंत्रिमंडल ने फैसला लिया कि प्रदेश में शरिया कानून के स्थान पर सबके लिए एक समान कानून लागू होना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम सबसे जीवन में बेहतरी का अवसर मिलाना चाहिए।

### यूसीसी महिलाओं-बेटियों को समाज में सुरक्षा और बराबरी का अधिकार दिलाएगा: खंडेलवाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मध्यप्रदेश विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने यूसीसी लागू कर इतिहास रचा दिया है।

भाजपा सरकार का यह निर्णय मध्यप्रदेश के इतिहास में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक अध्याय है। यूसीसी महिलाओं और बेटियों को समाज में सुरक्षा और बराबरी का अधिकार दिलाएगा। इस कानून से सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिरण के साथ संवैधानिक मूल्यों को नई मजबूती मिलेगी। खंडेलवाल ने कहा कि विधानसभा द्वारा यूसीसी विधेयक पारित कर मध्यप्रदेश ने समान न्याय, समान अधिकारों की भावना को साकार किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समान न्याय और समान अधिकारों की भावना को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लिव-इन रिलेशनशिप का 1 महीने में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध है। हमारी सरकार ने जनजातीय समाज को यूसीसी कानून के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। जनजातीय समुदाय की संस्कृति से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब एक ही कानून चलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक समरसता तथा पारदर्शी कानूनी व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में यह एक दूरगामी और प्रभावी निर्णय सिद्ध होगा।

### हलाला जैसी कुप्रथा पर लगेगी रोक, मुस्लिम महिलाओं का बढ़ेगा सम्मान: सारंग



विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित होने पर मंत्री विश्वास सारंग ने इसे ऐतिहासिक, समाज हित में लिया गया निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में समानता, न्याय और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री सारंग ने कहा कि यूसीसी लागू होने के बाद प्रदेश में बहुविवाह और हलाला जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगेगी। इससे मुस्लिम समाज में समानता, न्याय और एकरूपता को बढ़ावा मिलेगा तथा मुस्लिम महिलाओं को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार और अधिक सशक्त होगा। सारंग ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के चलते सदन का दुरुपयोग कर रही है।

### कांग्रेस ने पहले जिन्ना के सामने घुटने टेके थे, अब दो मुस्लिम विधायकों के सामने घुटने टेक दिए: रामेश्वर

मध्यप्रदेश विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर हुई चर्चा के दौरान हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने



विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता किसी धर्म के खिलाफ नहीं, बल्कि भेदभाव, तुष्टिकरण और महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ निर्णायक कानून है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी इस कानून का विरोध कर रही है इससे साबित होता है कि कांग्रेस ने पहले जिन्ना के सामने घुटने टेके थे, अब दो मुस्लिम विधायकों के सामने घुटने टेक दिए हैं। अब देश और प्रदेश संविधान से चलेगा, अलग-अलग कानूनों से नहीं। रामेश्वर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### तेजा इंजीनियरिंग को मिले 18.19 करोड़ रु. के ऑर्डर

**गुजरात।** ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्र में इंजीनियरिंग सेवाएं देने वाली तेजी से उभरती कंपनी तेजा इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से कुल 181.92 मिलियन (लगभग 18.19 करोड़ रुपए ) मूल्य के कई ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस अनुबंध प्राप्त हुए हैं।इन नए ऑर्डरों के साथ तेजा इंजीनियरिंग की पहचान भारत के ऊर्जा अवसंरचना क्षेत्र में एक भरोसेमंद और पसंदीदा इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस पार्टनर के रूप में और मजबूत हुई है।

### तनिष्क ने डायमंड फेस्टिवल शुरू किया

**मुंबई।** ज्वेलरी ब्रांड्स में शामिल मिआ बाए तनिष्क ने डायमंड और आभूषण प्रेमियों के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े फेस्टिवल 'द बिग ब्लिंग फेस्ट' की घोषणा की है। यह फेस्टिवल भारतीयों के आभूषणों के प्रति लंबे समय से चले आ रहे लगाव और चमकदार पलों को खास बनाने की परंपरा का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 16 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक चलने वाले इस फेस्टिवल में मिआ के आधुनिक और स्टाइलिश ज्वेलरी कलेक्शन्स के साथ ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स भी पेश किए जा रहे हैं।

### अद्वित ज्वेल्स की आय में 33.68 फीसदी की वृद्धि

**जयपुर।** हस्तनिर्मित आभूषण निर्माता कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 और चौथी तिमाही के ऑडिटेड वित्तीय नतीजों का ऐलान किया है। कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में आय, एबिटडा और शुद्ध लाभ में मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी की कुल आय 33.68 प्रतिशत बढ़कर 16,702.56 लाख रुपए हो गई, जबकि एबिटडा 32.52 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,923.80 लाख रहा। कंपनी का एबिटडा मार्जिन 29.48 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### गोदरेज ने दिखाई भारत की एयरोस्पेस ताकत

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का एयरोस्पेस बिजनेस फर्नबरो इंटरनेशनल एयरशो 2026 में अपनी उन्नत इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है। 20 से 24 जुलाई तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में दुनिया की प्रमुख विमान निर्माता कंपनियां, एयरो-इंजन निर्माता, सप्लायर, टेक्नोलॉजी कंपनियां और नीति-निर्माता हिस्सा ले रहे हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने बताया कि उसके एयरोस्पेस कारोबार ने निर्यात में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।

# बैंक ऑफ इंडिया ने सीहोर में 'किसान दिवस महोत्सव' आयोजित किया

# 500 से अधिक किसानों ने लिया हिस्सा, करीब 50 करोड़ रुपए के कृषि ऋणों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसान माह के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल द्वारा सीहोर स्थित क्रिसेंट ग्रीन्स में भव्य किसान दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीहोर जिले की बैंक ऑफ इंडिया की 20 से अधिक शाखाओं से जुड़े 500 से ज्यादा किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय से आए महाप्रबंधक लोकेश कृष्णा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एफजीएमओ भोपाल के महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव और

**किसानों के लिए कई आधुनिक कृषि नवाचारों का प्रदर्शन किया**



ड्रोन आधारित कृषि संचालन का प्रदर्शन

बैंक ऑफ इंडिया भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक विकास पटनायक उपस्थित रहे। किसान दिवस महोत्सव के दौरान बैंक ऑफ इंडिया की ओर से किसानों को लगभग 50 करोड़ रुपए के कृषि ऋण वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, बैंकिंग सुविधाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। महोत्सव में किसानों के लिए कई आधुनिक कृषि नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। इसमें ड्रोन आधारित कृषि संचालन, आधुनिक सिंचाई तकनीक, उन्नत कृषि उपकरण और तकनीक प्रमुख आकर्षण रहे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे किसानों और आगंतुकों ने काफी सराहा। इस दौरान किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई।

#### कृषि विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सक्सेना और कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री जाट ने किसानों को आधुनिक खेती, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और नई कृषि तकनीकों के प्रभावी उपयोग के बारे में मार्गदर्शन दिया। किसान दिवस महोत्सव किसानों, बैंकिंग क्षेत्र और कृषि विशेषज्ञों के बीच संवाद का प्रभावी मंच साबित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि अपनाने, नई तकनीकों का उपयोग करने और वित्तीय रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता का लक्ष्य, एथेनॉल आधारित कुकिंग फ्यूल

# पेट्रोल के बाद रसोई में एथेनॉल फ्यूल की तैयारी, अब सरकार बना रही नई नीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ई20) लागू करने के बाद अब केंद्र सरकार घरेलू रसोई में भी एथेनॉल को वैकल्पिक ईंधन के रूप में शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ऐसी नीति तैयार करने पर काम कर रहा है, जिसके तहत भविष्य में एलपीजी के साथ-साथ एथेनॉलआधारित कुकिंग फ्यूल भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा सके। सरकार का उद्देश्य देश की आयातित एलपीजी पर निर्भरता को कम करना, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाना और पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है, क्योंकि एथेनॉल का उत्पादन गन्ना, मक्का और अन्य फसलों से किया जाता है।



फाइल फोटो

#### स्वच्छ ईंधन के तौर पर बढ़ेगा एथेनॉल का उपयोग

विशेषज्ञों के अनुसार, एथेनॉल एक जैव ईंधन है, जिसके इस्तेमाल से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है। यदि इसे रसोई ईंधन के विकल्प के रूप में सफलतापूर्वक अपनाया जाता है, तो लंबे समय में भारत के ईंधन आयात खर्च को कम करने और घरेलू ऊर्जा व्यवस्था को अधिक आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल सकती है। सरकार की यह पहल अभी शुरुआती स्तर पर है। एथेनॉल आधारित स्टोव, ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था, सुरक्षा मानक और उपभोक्ताओं तक इसकी पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया जा रहा है। नीति लागू करने से पहले तकनीकी परीक्षण, सुरक्षा मूल्यांकन और व्यापक स्तर पर अध्ययन किए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं के लिए यह ईंधन सुरक्षित और प्रभावी साबित हो सके। इस बीच सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत (ई20) से अधिक बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

#### किसानों और बायोफ्यूल मिशन को मिलेगा बढ़ावा

सरकार का मानना है कि रसोई ईंधन के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, किसानों के लिए नए बाजार तैयार होंगे और भारत के बायोफ्यूल मिशन को नई गति मिलेगी। एथेनॉल आधारित कुकिंग फ्यूल की पहल भारत को स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर ईंधन व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### हार्टफुलनेस संस्थान और यूपीबीटीवीपी के बीच हुआ समझौता



**हैदराबाद।** मथुरा-वृंदावन की पारिस्थितिकी, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हार्टफुलनेस संस्थान और उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मथुरा में हुए इस समझौते का उद्देश्य ब्रज क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक बहाली, जैव विविधता संवर्द्धन, योग-ध्यान और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों को मिलकर आगे बढ़ाना है। समझौते के अनुसार, दोनों संगठन ब्रज की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने, पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने तथा जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इस अवसर पर हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक एवं श्री राम चंद्र मिशन के अध्यक्ष दाजी ने कहा कि ब्रज हमेशा से ऐसा पवित्र स्थान रहा है जहां प्रकृति और चेतना का अद्भुत सामंजस्य देखने को मिलता है।

### मप्र में जेनरजाइज ने बढ़ाया कारोबार

# वर्ष 2027 तक 5 हजार से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का बड़ा लक्ष्य

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

पावर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी जेनरजाइज ने मध्य प्रदेश में अपने परिचालन के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने राज्य में अपनी विकास यात्रा की शुरुआत भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से की है। इस विस्तार के साथ जेनरजाइज ने मध्य भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

कंपनी का फोकस राज्य में तेजी से बढ़ रही रूफटॉप सोलर और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की मांग को पूरा करना है। मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ राज्य बन रहा है, जहां आवासीय और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के बीच सोलर ऊर्जा अपनाने की रुचि लगातार बढ़ रही है। कंपनी ने वर्ष 2027 के अंत तक मध्य प्रदेश में 5,000 से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के तहत देशभर में आवासीय सोलर सिस्टम को बढ़ावा मिला है और मई 2026 तक 40 लाख से अधिक घरों में सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। जेनरजाइज़ के अनुसार, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में रूफटॉप सोलर के लिए अभी भी बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं।

### सिल्वर स्टॉर्म पार्क्स का आईपीओ 24 को खुलेगा

**मुंबई।** एकीकृत मनोरंजन (इंटीग्रेटेड अम्यूज़मेंट) डेस्टिनेशन सिल्वरस्टॉर्म पार्क्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड ने 24 जुलाई, 2026 को अपना आईपीओ खोलने का प्रस्ताव किया है। कंपनी का लक्ष्य 82.43 करोड़ रु. जुटाने का है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू में 10 रु. अंकित मूल्य वाले 61,98,000 नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। आईपीओ का प्राइस बैंड 123 से 133 रु. प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली गुरुवार, 23 जुलाई, 2026 को खुलेगी। यह इश्यू मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 को बंद होगा।

# जेके अस्पताल के डॉक्टरों ने बचाई हाई वोल्टेज करंट से झुलसे मरीज की जान, पूरी तरह स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जेके अस्पताल के डॉक्टरों ने हाई वोल्टेज बिजली के करंट की चपेट में आए एक गंभीर मरीज की जान बचाकर बड़ी सफलता हासिल की है। मरीज को अचेत अवस्था में अस्पताल के इमरजेंसी विभाग लाया गया था, जहां उसकी नाड़ी और रक्तचाप नहीं मिल रहे थे तथा पुतलियां फैली हुई और स्थिर थीं।जेके अस्पताल के डॉ. मनीष बड़कुर ने बताया कि मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए इमरजेंसी टीम ने बिना समय गंवाए तुरंत सीपीआर , एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट और आवश्यक डिफिब्रिलेशन (इलेक्ट्रिक शॉक) दिया।

डॉक्टरों के त्वरित प्रयासों से मरीज की हृदय गति दोबारा शुरू हो गई और उसकी जान बचाई जा सकी। इसके बाद मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखकर 2 से 3 दिनों तक इमरजेंसी आईसीयू में गहन निगरानी और



मरीज की अस्पताल से छुट्टी

उपचार दिया गया। स्वास्थ्य में लगातार सुधार होने पर उसे सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटाया गया। पूरी तरह स्थिर होने के बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डिस्चार्ज के सात दिन बाद फॉलो-अप जांच में मरीज पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।

डॉ. मनीष बड़कुर ने कहा कि यह मामला साबित करता है कि हाई वोल्टेज करंट जैसी गंभीर आपात स्थिति में यदि समय पर सीपीआर, त्वरित आपातकालीन उपचार और विशेषज्ञ आईसीयू देखभाल उपलब्ध हो, तो मरीज की जान बचाई जा सकती है।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने रचा नया रिकॉर्ड 9,075 कारों की बिक्री

**गुरुग्राम ।** लग्जरी वाहन निर्माता बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने वर्ष 2026 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने इस दौरान 9,075 कारों की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। वहीं अप्रैल से जून के बीच दूसरी तिमाही में कंपनी ने 4,507 कारों की डिलीवरी कर 17 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने बताया कि वह भारत में लक्जरी ईवी सेगमेंट में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। जनवरी से जून 2026 के दौरान कंपनी ने 2,359 इलेक्ट्रिक वाहन ग्राहकों को सौंपे।

### भारत-मेक्सिको आर्थिक सहयोग को मिलेगी नई गति

# सीआईआई और मेक्सिको के महावाणिज्य दूत के बीच अहम बैठक, हुई विशेष बातचीत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और मेक्सिको के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के पश्चिमी क्षेत्र और मुंबई स्थित मेक्सिको के महावाणिज्य दूतावास के बीच हुई इस विशेष बातचीत में दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुंबई में मेक्सिको के महावाणिज्य दूत एडोल्फो गार्सिया



डॉ. अल्पा अंतानी और एडोल्फो गार्सिया

एस्ट्राडा और सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अल्पा अंतानी शामिल हुए। चर्चा के दौरान पश्चिमी भारत में व्यापार, निवेश, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार किया गया। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि सीआईआई के विभिन्न मंचों का उपयोग कर मेक्सिको की कंपनियों और भारत के उद्योग जगत के बीच संवाद और व्यावसायिक साझेदारी को और मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में दोनों पक्षों ने भारत और मेक्सिको के बीच आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने और भविष्य में संयुक्त विकास की दिशा में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# सोलरस्क्वेयर में धोनी ने किया निवेश, भारत में रूफटॉप सोलर को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैमिली ऑफिस 'मिडास डील्स' के माध्यम से रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर कंपनी सोलरस्क्वेयर में निवेश किया है।

यह निवेश कंपनी के हाल ही में घोषित 53 मिलियन डॉलर के सीरीज-सी फंडिंग राउंड का हिस्सा है। निवेश के साथ ही धोनी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभाएंगे। यह साझेदारी भारत में तेजी से बढ़ रहे



रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर बाजार पर धोनी के भरोसे को दर्शाती है। बढ़ती बिजली कीमतों और स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच देशभर में अधिक से अधिक घर रूफटॉप सोलर को दीर्घकालिक और किफायती ऊर्जा समाधान के रूप में अपना रहे हैं।

#### 29 शहरों में 50 हजार से ज्यादा घरों तक पहुंच

सोलरस्क्वेयर वर्तमान में देश के 29 शहरों में 50,000 से अधिक घरों को सेवाएं दे रही है। कंपनी ग्राहकों को रूफटॉप सोलर के लिए एंड-टू-एंड समाधान उपलब्ध कराती है, जिसमें परामर्श, इंस्टॉलेशन, फाइनेंसिंग, मॉनिटरिंग और दीर्घकालिक सर्विस शामिल है। इससे घरों के लिए स्वच्छ ऊर्जा अपनाना अधिक आसान और सुविधाजनक बनता है। इस साझेदारी पर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि यह सिर्फ किसी कंपनी में निवेश नहीं, बल्कि भारत के भविष्य में निवेश है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह किसी कंपनी में निवेश करने से कहीं ज्यादा है। यह भारत के भविष्य में निवेश करने जैसा है। ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा आने वाले दशक में भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में होंगी और इसमें रेजिडेंशियल सोलर की अहम भूमिका रहेगी। धोनी की इस साझेदारी को भारत के तेजी से बढ़ते रूफटॉप सोलर सेक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनके जुड़ने से स्वच्छ ऊर्जा के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ेगा ।

# मंडी बोर्ड के 1500 अधिकारी-कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार, संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने जताया आभार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा प्रदेश की विभिन्न मंडियों में कार्यरत करीब 1500 अधिकारी-कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार दिए जाने पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड ने प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

मोर्चा ने मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम, अपर संचालक अनुराग सक्सेना, झानिया मैडम, सहायक संचालक योगेश नागले



और रश्मि कश्यप के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि मोर्चा के संयोजक बीबी फौजदार, संतोष सिंह दीक्षित, अंगिरा प्रसाद पांडे, नैन सिंह सोलंकी, रामवीर किरार और वीरेंद्र नरवरिया के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से मंडी बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार एवं पदोन्नति दिए जाने की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मोर्चा के प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश की विभिन्न मंडियों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, चपरासी, चौकीदार, लिपिक, लेखपाल और इंजीनियर सहित लगभग 1500 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है।

### स्माइल ट्रेन इंडिया ने रचा इतिहास

# मप्र में 41,500 बच्चों को मिला मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्लेफ्ट उपचार के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख गैर-लाभकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने भारत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्था ने वर्ष 2000 से अब तक देशभर में 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी कराने में मदद की है। मध्य प्रदेश में भी स्माइल ट्रेन इंडिया के 8 सक्रिय साझेदार अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से अब तक 41,500 से अधिक बच्चों को मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी का लाभ मिल चुका है। संस्था अब केवल इलाज तक सीमित नहीं रहकर क्लेफ्ट की शुरुआती पहचान, जनजागरूकता और समय पर उपचार की जरूरत पर विशेष ध्यान दे रही है। कंपनी के रीजनल डायरेक्टर ममता कैरोल ने कहा कि क्लेफ्ट उपचार को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में संस्था ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### यूरोकिड्स ने बच्चों के लिए लांच किया 'जूनियर प्लेग्रुप'

**मुंबई।** प्रीस्कूल ब्रांड यूरोकिड्स प्रीस्कूल ने 18 से 24 महीने की उम्र के बच्चों के लिए अपना नया शुरुआती शिक्षा कार्यक्रम 'जूनियर प्लेग्रुप' लांच किया है।

यह अपनी तरह का पहला व्यवस्थित और अनुसंधान आधारित कार्यक्रम है, जिसे बच्चों के शुरुआती विकास की मजबूत नींव तैयार करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम में विशेष पाठ्यक्रम, प्रशिक्षित शिक्षक और बच्चों के लिए सुरक्षित एवं सीखने के अनुकूल वातावरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों के विकास के शुरुआती चरण में उनकी जिज्ञासा, संवाद क्षमता, भावनात्मक सुरक्षा और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देना है।

### एसआरके यूनिवर्सिटी में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान

# विद्यार्थियों ने रैली, शॉर्ट फिल्म, व्याख्यान और ड्रग अवेयरनेस रन से दिया नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सर्वपल्ली राधाकृष्णन (एसआरके) यूनिवर्सिटी, भोपाल में विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह अभियान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में



अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई 2026 को विद्यार्थियों द्वारा आयोजित जागरूकता रैली और ड्रग अवेयरनेस रन के साथ हुई।

#### नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई

रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को नशे के दुष्परिणामों से बचने और सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। बीते दिनों विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता से संबंधित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

#### रचनात्मक प्रतियोगिताओं से दिया संदेश

अभियान के समापन चरण में मंगलवार को विश्वविद्यालय में रंगोली, पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता के माध्यम से नशे से दूरी है जरूरी का संदेश प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दोहराया। एसआरके यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव का सहभागी बनाना रहा।

चिंतन

# अधिक संवेदनशील बने सरकार और विपक्ष

देश में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्र कई दिनों से जंतर-मंतर पर आंदोलनरत हैं। वहीं, किसानों ने भी अमेरिका से प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौता (इंडिया-यूएस ट्रेड डील) को लेकर दिल्ली के किसान घाट पर महापंचायत का ऐलान किया है। इन आंदोलनों पर सरकार और विपक्ष को और अधिक संवेदनशील होना होगा। हालांकि सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे 'घोर पाप' और 'राष्ट्रीय चिंता' का विषय बताया है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि केवल कार्रवाई की घोषणा भर पर्याप्त नहीं है। छात्रों का विश्वास तभी लौटेगा, जब भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध होगी। बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं की मेहनत, समय और मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्षों तक तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा रद्द होने, दोबारा परीक्षा कराने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सरकार को तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत होगा। वहीं, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को रचनात्मक ढंग से उठाना भी है। छात्रों और किसानों जैसे संवेदनशील वर्गों के मुद्दों पर विपक्ष को तथ्यों के आधार पर सरकार से जवाब मांगना चाहिए और समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी देने चाहिए। किसानों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसानों के मन में यह आशंका है कि इससे उनकी आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि बाजार और घरेलू उत्पादन प्रभावित हो सकते हैं। यदि किसानों के मन में किसी प्रकार की शंका है, तो सरकार का दायित्व है कि वह उनसे सीधे संवाद करे, समझौते के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी दे और यह भरोसा दिलाए कि किसी भी निर्णय में किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होगी। दूसरी ओर, किसानों को भी अपनी मांगों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से रखने के साथ-साथ वार्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आंदोलन लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान बातचीत, आपसी विश्वास और सहमति से ही निकलते हैं। सरकार और किसान संगठनों के बीच नियमित संवाद की व्यवस्था बने, ताकि किसी भी विवाद को समय रहते सुलझाया जा सके और टकराव की स्थिति पैदा न हो। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति और उम्मीद हैं, वहीं किसान देश के अन्नदाता। यदि इन दोनों वर्गों में असंतोष बढ़ता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और विकास पर भी पड़ता है। इसलिए सरकार और विपक्ष दोनों को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इन वर्गों की भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। जब सरकार, विपक्ष, छात्र और किसान सभी संवाद तथा सहयोग का मार्ग अपनाएंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश का विकास अधिक संतुलित एवं समावेशी बन सकेगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# बलूचिस्तान में स्वघोषित आजादी

बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिलने की उम्मीद करने लगे हैं। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है।

रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं, जिसमें बलूच नेता मीर यार बलूच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलूच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे हैं।

हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाक सेना ने बलूचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाक के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजरायली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़कों के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। पाक सेना का यह भी आरोप है कि अफगानिस्तान बीएलए को विद्रोही बलूचों ने करीब 85 प्रतिशत बलूचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलूच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाक आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलूचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाक के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलूच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलूचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलूच वहां के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलूचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलूच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। बलूचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलूचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद कर किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के



बाद बलूच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलूचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलूच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए।

साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलूचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई। बीएलए बलूचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलूचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल, भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलूचिस्तान को बलूचों की इच्छा के बिना बंदूक के जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतएव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलूचों का संघर्ष पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था, तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलूचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं। इसीलिए वे बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री भी रहे थे। 26 अगस्त 2006 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने उनकी हत्या कर दी थी। तभी से यह संगठन पाक सेना से लोहा ले रहा है। वर्तमान में बलूच अलगाववादी और तालिबान के बीच निरंतर निकटता बढ़ रही है। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। पाक सरकार ने भी स्वीकार किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ही बलूच लड़ाकों को प्रशिक्षित कर रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी बीएलए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। इस सच्चाई को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकारा है। पाक की कुल भूमि का 43.6 फीसदी हिस्सा केवल बलूचिस्तान का है, लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, पाक की कुल आबादी में इनकी छह प्रतिशत की भागीदारी है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,47,190 वर्ग किमी है। यहां हिंदू, सिख और ईसाई भी रहते हैं। 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आ गए। इनमें सबसे प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। वाशिंगटन में कार्यरत संस्था गिलगित-बलूचिस्तान नेशनल कांग्रेस के सेंग सिरिंग ने मोदी द्वारा उठाए, इस सवाल का समर्थन किया है कि 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और बलूचिस्तान में लोगों पर होने वाले जुल्म एवं अत्याचार के बाबत पाक को दुनिया के समक्ष जवाब देना होगा? पाक तो जवाब देने वाला नहीं है, लेकिन भारत की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में भागीदार बने?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राष्ट्रीय ध्वज दिवस
मोहित सिंगला



# जब तिरंगे को मिली स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय पहचान

भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का जीवंत प्रतीक है। आज जिस तिरंगे के नीचे पूरा देश गर्व से एकजुट होता है, उसे स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में आधिकारिक मान्यता 22 जुलाई 1947 को मिली थी। इसी दिन संविधान सभा ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वराज ध्वज को कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन था ध्वज के मध्य स्थित चरखे के स्थान पर अशोक चक्र को अपनाना, जिसने राष्ट्रध्वज को व्यापक, सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक पहचान प्रदान की। यह निर्णय स्वतंत्रता प्राप्ति से मात्र तीन सप्ताह पहले लिया गया था, लेकिन इसका



महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह केवल ध्वज का चयन नहीं था, बल्कि उस नए भारत की विचारधारा का चयन था, जो लोकतंत्र, समानता, न्याय और निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध था। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की यात्रा लंबे संघर्ष और अनेक राष्ट्रभक्तों के प्रयासों से होकर गुज़री है। वर्ष 1906 में कलकत्ता में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके बाद 1907 में सुश्री भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय ध्वज को प्रदर्शित कर विश्व का ध्यान भारत की स्वतंत्रता की आकांक्षा की ओर आकर्षित किया। वर्ष 1921 में आंध्र प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया। गांधीजी के सुझाव पर उसमें चरखे को स्थान दिया गया, जो स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतीक था। बाद में 1931 में कांग्रेस ने केसरिया, सफेद और हरे रंग वाले तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में स्वीकार किया। यही ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे सशक्त प्रतीक बना और लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे हाथों में लेकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। जब भारत की स्वतंत्रता निश्चित हो गई, तब यह आवश्यक समझा गया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी राजनीतिक संगठन का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसी उद्देश्य से 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा में राष्ट्रीय ध्वज संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस प्रस्ताव को सभा के समक्ष रखते हुए कहा कि यह ध्वज स्वतंत्र भारत की आत्मा, उसकी एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक होगा। संविधान सभा ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। राष्ट्रीय ध्वज को अंतिम रूप देते समय चरखे के स्थान पर सारनाथ स्थित सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से प्रेरित अशोक चक्र को अपनाया गया। गहरे नीले रंग के इस चक्र की 24 तीलियां धर्म, न्याय, नैतिकता, सतत कर्म और निरंतर प्रगति का संदेश देती हैं। यह चक्र इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र को कभी ठहरना नहीं चाहिए, बल्कि निरंतर विकास और गतिशीलता की ओर अग्रसर रहना चाहिए। तिरंगे के प्रत्येक रंग का अपना विशिष्ट संदेश है। केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

सफेद रंग सत्य, शांति और पारदर्शिता का संदेश देता है, जबकि हरा रंग समृद्धि, कृषि, पर्यावरण और विकास का प्रतीक माना जाता है। इन तीनों रंगों के मध्य स्थित अशोक चक्र राष्ट्र के जीवन में संतुलन, न्याय और निरंतर गति का संदेश देता है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब यही तिरंगा पहली बार स्वतंत्र राष्ट्र के ध्वज के रूप में फहराया गया। तभी से लेकर आज तक यह ध्वज देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का सर्वोच्च प्रतीक बना हुआ है। सीमाओं पर डटे सैनिकों का साहस, खिलाड़ियों की उपलब्धियां, वैज्ञानिकों की सफलताएं और प्रत्येक भारतीय की देशभक्ति इसी तिरंगे से प्रेरणा प्राप्त करती है। 22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम दिवस है, जिसने भारत को केवल एक राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि उसकी लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा का प्रतीक भी प्रदान किया। तिरंगा आज भी प्रत्येक भारतीय को यह संदेश देता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, समर्पण और निरंतर प्रगति का संकल्प भी है। जब-जब तिरंगा आकाश में लहराता है, वह हमें उन लाखों अमर बलिदानों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में गर्व से खड़ा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

सटाका




आज की पाती

### भूख मिटाने की कोई गोली इजाद नहीं

आधुनिक विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इसके बावजूद सवाल यह है कि भुखमरी के खिलाफ जंग कब जीतेगी दुनिया?

– सुदेश कुमारी, हिसार

ट्रेंड

### मेरी संवेदनाएं



सिक्किम के नामची ज़िले में बन रही सुरंग के पास भूस्खलन से हुई कीमती जानों के नुकसान से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### भर्ती परीक्षा



झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा? हेमंत सरकार के कार्यकाल में शायद ही कोई ऐसी भर्ती परीक्षा हुई हो जो बिना किसी विवाद के पूरी हुई हो। हर बार युवाओं की मेहनत, उम्मीदों और भविष्य के साथ अन्याय होता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

### संवेदनहीनता



केंद्र सरकार एक महीने तक असंवेदनशील बनी रही और कोई बातचीत नहीं की। जब युवाओं ने सरकार तक अपनी बात पहुँचाने के लिए संसद तक मार्च करने का फैसला किया, तो पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### सार्थक बातचीत



मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार सोनम वांगचुक और छात्र संगठनों के साथ सार्थक बातचीत शुरू करेगी ताकि उनकी सेहत और न बिगड़े! सोनम, कृपया अपना अनशन खत्म करें। आपकी सेहत भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी कि यह लड़ाई।
- **प्रीति ज़िंटा,** फिल्म अभिनेत्री

करंट अफेयर


## शुल्क नीति बहुत सफल रही और उपाय आएंगे सामने: ग्रीर



अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि देश की शुल्क (टैरिफ) नीति 'बेहद सफल' रही है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन उन शुल्क उपायों की जगह नए उपाय लाने की योजना बना रहा है जिन्हें अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था। ग्रीर ने 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले एक साल में अमेरिका की 70 साल पुरानी व्यापार नीति को बदल दिया है और इन नए उपायों से व्यापार घाटा कम हुआ है और कारोबारों को दोबारा अमेरिका लाने में मदद मिली है। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क प्रणाली से अच्छे नतीजे मिल रहे हैं, इस पर ग्रीर ने कहा, ' हां, बिल्कुल। मेरा मानना है कि हम बेहद सफल रहे हैं।' ग्रीर ने कहा कि प्रशासन ने इस संबंध में तेजी से कदम उठाए। प्रशासन ने अमेरिका के बढ़ते व्यापार घाटे को एक ऐसी आर्थिक आपात स्थिति माना जिसके लिए कड़े फैसले लेने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, हम व्यापार नीति बदलने में कामयाब हो रहे हैं। हम व्यापार घाटा कम करने में सफल हो रहे हैं। हम कारोबार को दोबारा अमेरिका वापस लाने में कामयाब हो रहे हैं। हम वेतन के मोर्चे पर भी बढ़त बना रहे हैं। हम इन सभी मोर्चों पर जीत रहे हैं।

ऑफ बीट

## नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव



पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है। यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू-कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी-कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर-निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

छह दिन में दो बड़े ग्रह परिवर्तन होने से प्रदेशभर में अच्छी बारिश के आसार, तो सभी राशियों के जातकों पर दिखेगा असर

# बुद्धि, व्यापार और संचार के ग्रह बुध होंगे मार्गी, तो कर्म-न्याय के कारक शनिदेव होंगे वक्री, सभी राशियों पर पड़ेगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



आने वाले छह दिनों में में दो बड़े ग्रह परिवर्तन होने जा रहे हैं। कर्म और न्याय के कारक शनि वक्री होंगे, जबकि बुद्धि, व्यापार और संचार के ग्रह बुध मार्गी हो रहे हैं। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि 24 को बुध मार्गी,तो 27 को शनि वक्री होने जा रहे है। इस परिवर्तिन से भोपाल सहित प्रदेशभर में अच्छी बारिश होगी। दोनों ग्रहों की चाल का असर सभी 12 राशियों पर अलग-अलग दिखाई देगा। एक ओर शनि लोगों को अपने पुराने कर्मों का हिसाब करने और अधूरे काम पूरे करने का संदेश देंगे, वहीं बुध के मार्गी होने से लंबे समय से अटके कामों में गति आएगी। शनि के वक्री होने की अवधि को आत्ममंथन और जिम्मेदारियों की समीक्षा का समय माना जाता है। इस दौरान नौकरी, कारोबार, कोर्ट-कचहरी और सरकारी कामों में धैर्य रखना होगा। जिन लोगों ने मेहनत की है, उन्हें देर से ही सही लेकिन अच्छे परिणाम मिलने के योग बनेंगे।

### बुध सही निर्णय लेने में करेंगे मदद

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि यह समय जल्दबाजी से बचने, पुराने अधूरे काम पूरे करने और नई योजनाओं पर सोच-समझकर आगे बढ़ने का है। शनि जहां कर्मों का मूल्यांकन कराएंगे, वहीं बुध सही निर्णय लेने और रुके कार्यों को गति देने में मदद करेंगे। बुध मार्गी से राहत मिलेगी। पिछले कुछ समय से संचार, व्यापार, दस्तावेज, तकनीक और लेन-देन से जुड़े जिन कामों में रुकावट आ रही थी, उनमें अब सुधार की संभावना है। व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह बदलाव सकारात्मक माना जा रहा है।

### सभी राशियों पर पड़ेगा कुछ ऐसा प्रभाव

**मेष**: करियर में नई शुरूआत के अवसर मिलेंगे।
**वृषभ**: भाग्य का साथ मिलेगा, शिक्षा, यात्रा में लाभ होगा।
**मिथुन**: व्यापार और नौकरी में रुके काम पूरे होंगे।
**कर्क**: दांपत्य और साझेदारी के रिश्तों में सुधार आएगा।
**सिंह**: जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
**कन्या**: शिक्षा, रचनात्मक कार्य और प्रेम संबंधों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।
**तुला**: परिवार, संपत्ति से जुड़े मामलों में राहत मिलेगी।
**वृश्चिक**: संचार, यात्रा और नए संपर्कों से लाभ होगा।
**धनु**: आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, खर्च नियंत्रित रखें।
**मकर**: आत्मविश्वास बढ़ेगा और करियर में नई योजनाएं बनेंगी।
**कुंभ**: मानसिक तनाव कम होगा, लेकिन गोपनीय मामलों में सतर्क रहें।
**मीन**: आय के नए स्रोत बनने और मित्रों से सहयोग मिलने के योग हैं।

### नवमीं के साथ कल होगा गुप्त नवरात्रि का समापनः मंदिरों में होंगे शतचंडी पाठ व हवन

**भोपाल**। नवमी के साथ गुरुवार को गुप्त नवरात्रि का समापन होगा। इस मौके पर अधिकांश माता मंदिरों-दरबारों में हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। जहां पर प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना को लेकर हवन में आहूतियां डाली जाएगी। माता रानी से जगत कल्याण को लेकर प्रार्थना की जाएगी। इस मौके पर मां सिद्धिदात्रि और दस महाविद्याओं में मातंगी माता की पूजा-अर्चना विशेष अनुष्ठान होंगे। कई मंदिरों में हवन पूजा के साथ पूर्णाहूति को लेकर तैयारी की जा रही है। मंदिर में सुबह से ही सप्तशती और शतचंडी पाठ किया जाएगा। मंदिरों में गुप्त साधना करने वाले साधकों संकल्पित मंत्रों के साथ पूर्णाहूति के साथ हवन करेंगे।

---

### खबर संक्षेप

### भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण

**भोपाल**। भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा, कोलार रोड की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं दायित्व ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख कमल प्रेमचंदानी मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान नए पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेकर जिम्मेदारी संभाली। समारोह में प्रांतीय संरक्षक दीपक गोयल, प्रांत संयोजक (पर्यावरण) संजय बरनवाल और शाखा संरक्षक सुनील कुमार मंगल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर कपड़े के थैले अपनाने और अन्न की बर्बादी रोकने पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने इन दोनों विषयों पर जागरुकता फैलाने और स्वयं भी इनका पालन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण समारोह में गीता गर्ग ने अध्यक्ष, प्रकाश देवनानी ने सचिव, सुमन शर्मा ने कोषाध्यक्ष, रेणू बरनवाल ने पर्यावरण प्रमुख, डॉ. दीपाली बेहेरे ने संस्कार प्रमुख, रत्नाकर राउत ने सेवा प्रमुख, अभय श्रीवास्तव ने संपर्क प्रमुख और संगीता साहू ने महिला संपर्क प्रमुख के रूप में शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से हुई और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन जिला संयोजक डॉ. दिलीप बेहेरे ने किया।

■ प्लास्टिक से दूरी और अन्न की बर्बादी रोकने का संदेश

---

## जनता क्वार्टर के विस्थापन को लेकर मौके पर पहुंचे इंजीनियर

# पुलिस बल के पहरे में किया जाएगा छह सौ परिवारों का विस्थापन कार्य

**बारिश में हादसा रोकने बोर्ड अलर्ट मोड पर, निगम को भी किया सूचित**



ऐशबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए जनता क्वार्टर अब क्षतविक्षत हालत में।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ऐशबाग क्षेत्र में 40 साल पहले हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए जनता क्वार्टर का विस्थापन अब पुलिस के पहरे में जल्द होगा। दरअसल यहां के 600 मकान पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। पांच साल पहले निगम ने इन्हें डेंजर घोषित किया है। यह आवास इतने जर्जर हैं कि इनसें कभी भी हादसा हो सकता है। बीते माह निगम आयुक्त ने हाउसिंग बोर्ड आयुक्त को पत्र लिखकर परिवारों का विस्थापन करने को कहा था।

हाउसिंग बोर्ड ने जनता क्वार्टर में रहने वाले परिवारों के विस्थापन को लेकर सहमति के लिए बाकायदा कैंप लगाया, लेकिन किसी भी परिवार ने सहमति नहीं दी। बोर्ड के इंजीनियर भी मौके पर पहुंचे, इसके बावजूद कोई भी आवास खाली करके जाने को तैयार नहीं हुआ। जबकि बोर्ड प्रशासन ने अपनी योजना को लेकर पूरी जानकारी देने की भी कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने।

### बारिश में कोई अनहोनी न हो इसलिए मांगा पुलिस बल

बारिश में कोई अनहोनी न हो इसे देखते हुए अब सख्ती के साथ हाउसिंग बोर्ड विस्थापन करवाएगा। बोर्ड के जन संपर्क अधिकारी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि पुलिस आयुक्त से पुलिस बल मांगा गया है। नगर निगम को सूचना दे दी गई है। जल्द ही पुलिस बल की मौजूदगी में आवास खाली करवाए जाएंगे।



### 4 साल पहले भी निगम अमला पहुंचा था, लेकिन हुआ था विरोध



जनता क्वार्टर से 4 साल पहले निगम का अमला, पुलिस और जिला प्रशासन के कर्मचारियों के साथ मकानों को गिराने भी पहुंचा था, लोगों के विरोध के बाद तीन दिन में मकान खाली करने की चेतावनी देकर वापस चला गया था।

---

### जलवायु परिवर्तन को लेकर कल आयोजित होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

**भोपाल**। राजधानी स्थित श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय के गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा पर्यावरणीय भलाई और जलवायु कार्रवाईरू एक टिकाऊ ग्रह की ओर विषय पर 23 जुलाई 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास तथा हरित भविष्य के लिए प्रभावी विचार-विमर्श एवं शोध को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रो. राजीव दीक्षित, वाइस चेयरमैन, अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ गुड गवर्नेंस एंड पॉलिसी एनालिसिस, भोपाल उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एन. पी. शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष, सीएक्यूएम भारत सरकार, नई दिल्ली उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी के बीज वक्ता के रूप में प्रो. चेतन सिंह सोलंकी, पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी मुंबई एवं संस्थापक, एनर्जी स्वराज फाउंडेशन अपना व्याख्यान देंगे। संगोष्ठी में अध्यक्ष महाविद्यालय संचालन समिति जम्बू भंडारी का आशीर्वचन प्राप्त होगा।

तकनीकी सत्रों में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत करेंगे, जिनमें डॉ मनीष मुदगल, डॉ. लोकेन्द्र ठक्कर, डॉ. परिमिता दास तथा डॉ. पूजा सक्सेना (पुरातत्वविद्, धरोहर) प्रमुख रूप से शामिल होंगे। संगोष्ठी में देशभर के शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी पर्यावरणीय चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास से जुड़े समकालीन विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

---

जीएमसी में मनाया कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन डे

## 220 छात्रों को मिला जीवन रक्षक बीएलसी स्किल का प्रशिक्षण



जीएमसी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नर्सिंग कॉलेज में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन डे (आईएपी सीपीआर डे) के अवसर पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 220 नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलसी) एवं सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जीएमसी बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूषा गोयल एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजेश टिक्कस के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ राजेश पाटिल, सीपीआर चैंपियन, डॉ शिप्रा मंडराहा, डॉ प्रतिभा बामने, पीजी छात्र डॉ कृतिका एवं डॉ आंचल ने छात्रों को बताया कि किसी आपातकालीन स्थिति, जैसे अचानक दिल का दौरा पड़ने या सांस रुकने पर, किस प्रकार त्वरित सीपीआर देकर किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीपीआर की स्किल सभी लोगों को आने चाहिए। व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से भावी नर्सों को आपात स्थिति से निपटने के गुर सिखाए गए। डॉ राजेश टिक्कस ने बताया कि सही समय पर सही तकनीक से दिया गया सीपीआर मरीज के अस्पताल पहुंचने तक उसके जीवन की रक्षा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सिंग छात्रों ने इस जीवन रक्षक प्रशिक्षण में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल अकादमी द्वारा आज पूरे देश भर में अनेक जगह इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

जब व्यक्ति खुद को समझता है, तभी वह परिवार, समाज और राष्ट्र जान पाता है

## अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ आत्मचिंतन से जीवन में बदलाव का संदेश

सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल





तीन दिवसीय 'अल्पविराम' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत।

राज्य आनंद संस्थान द्वारा भोपाल स्थित वाल्मी (जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान) में तीन दिवसीय 'अल्पविराम' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 60 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों में सकारात्मक सोच विकसित करना, आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करना और समाज में प्रभावी नेतृत्व की भावना को मजबूत करना है। वहीं आनंद संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि एक दिन में कुछ नहीं होता, लेकिन अल्पविराम के बाद एक दिन जरूर बहुत कुछ होता है। जीवन की भागदौड़ के बीच कुछ समय स्वयं के लिए निकालना जरूरी है। जब व्यक्ति खुद को समझता है, तभी वह परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए बेहतर योगदान दे सकता है।

### आनंदमय जीवन की खोज

प्रतिभागियों को व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच, प्रभावी संवाद, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सरोकार और आनंदमय जीवन जैसे विषयों पर अनुभव आधारित सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें पत्रकारों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने कार्यों में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और समाजहित में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

---

दो दिनी आयोजन में शिक्षकों, शोधार्थियों, वैज्ञानिकों ने लिया हिस्सा

## सेज यूनिवर्सिटी में शोध को ग्रांट्स और पेटेंट से जोड़ने पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




संजीव अग्रवाल ग्लोबल एजुकेशनल यूनिवर्सिटी , भोपाल में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से इनोवेटिव रिसर्च को ग्रांट और पेटेंट में बदलना विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ। यह कार्यशाला 17 और 18 जुलाई को आयोजित की गई, जिसमें शोध को अनुदान, पेटेंट और नवाचार से जोड़ने के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में डॉ. विकास शेंडे (प्रिंसिपल साइंटिस्ट, एमपीसीएसटी), अपर्णा पांढरकर (रजिस्टर्ड पेटेंट अटॉर्नी एवं मैनेजिंग पार्टनर) तथा कुमार राजू (असिस्टेंट कंट्रोलर ऑफ पेटेंट डिज़ाइन, आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर) ने प्रतिभागियों को रिसर्च ग्रांट्स प्राप्त करने की प्रक्रिया, आईपीआर, पेटेंट फाइलिंग और शोध के व्यावसायीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

द्वितीय दिवस में मोनिका (एडवोकेट एवं रजिस्टर्ड पेटेंट एजेंट, अक्ष आईपी एसो), नवीन माथुर (पूर्व ज्वाइंट कंट्रोलर ऑफ पेटेंट्स एंड डिजाइन्स, भारत सरकार) और डॉ. प्रशांत बरेदार (प्रोफेसर, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान) ने पेटेंट ड्राफ्टिंग, बौद्धिक संपदा अधिकार, तकनीकी नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग तथा शोध को स्टार्टअप और व्यावसायिक उत्पादों में बदलने के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। कार्यशाला में बड़ी संख्या में शिक्षकों, शोधार्थियों, वैज्ञानिकों, नवाचारकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---

स्लीपर वंदेभारत से 12 घंटे का सफर आठ घंटे में होगा पूरा, 20 कोच की होगी नई ट्रेन, मुसाफिरों को मिलेगी सुविधा


# भोपाल और लखनऊ स्लीपर वंदे भारत की सौगात, अगस्त में जारी होगा शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल मंडल को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिल गई है। जल्द ही भोपाल और लखनऊ के बीच यह ट्रेन चलेगी। भोपाल रेल मंडल के प्रस्ताव को रेलवे की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। जल्द ही रेलवे भोपाल को वंदे भारत का रैक आवंटित किया जाएगा। मौजूदा ट्रेनों से लखनऊ की यात्रा में अभी 12 घंटे का वक्त लगता है। वंदे भारत ट्रेन से ये सफर 8 घंटे में ही पूरा हो जाएगा। खास बात यह है कि यह ट्रेन सिटिंग ही नहीं, बल्कि स्लीपर वाली होगी। ऐसे में यात्री सोते हुए भी यात्रा कर पाएंगे। वर्तमान में चलने वाली अधिकांश वंदे भारत सिटिंग है। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी

मंडल के प्रस्ताव को रेलवे ने दी सैद्धांतिक मंजूरी

समय-सारणी, किराया और ठहराव की जानकारी भी सार्वजनिक होगी



फाइल फोटो।

### 20 कोच से होगी संचालित

भोपाल-लखनऊ के बीच चलने वाली यह ट्रेन 20 कोच वाली होगी। पूर्व में इस ट्रेन को 16 कोच के साथ चलाया जाना प्रस्तावित था, लेकिन यात्रियों की सुविधा और संख्या को देखकर कोच की संख्या 20 करने का निर्णय लिया जा रहा है। भोपाल से पहले ही नई दिल्ली, उज्जैन, जबलपुर, नागपुर और रीवा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हो रही है। भोपाल-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस की अधिसूचना अगस्त में जारी की जा सकती है। इससे ट्रेन के संचालन की समय-सारणी, किराया और ठहराव की जानकारी भी सार्वजनिक हो जाएगी। ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और तेज रफ्तार के साथ कम समय में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाएगी।

### पिट लाइन में देरी के कारण हुई लेट

नई वंदे भारत का रैक आने में इसलिए देर हो रही है, क्योंकि रानी कमलापति स्टेशन पर पिट लाइन मौजूदा क्षमता को पूरा नहीं कर हा रहा था वर्तमान में दो पिट लाइन हैं, जो मौजूदा रैक के संधारण कार्य के लिए भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में यहां एक नई पिट लाइन पर काम चल रहा है। काम पूरा होते ही नई ट्रेन आ जाएगी। अगस्त में इसका काम पूरा हो जायेगा।

### प्रदेश में चल रही 5 वंदे भारत ट्रेन

अभी फिलहाल मध्य प्रदेश में कुल 5 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जो राज्य के प्रमुख शहरों जैसे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और खजुराहो को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ती हैं। भोपाल लखनऊ और भोपाल नागपुर वंदे भारत के लिए मंडल ने प्रपोजल भेजा था जिसमें अभी भोपाल लखनऊ के बीच रेल को मंजूरी मिली है।

- रानी कमलापति - हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
- इंदौर - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
- रीवा - रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस
- खजुराहो - हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
- खजुराहो - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

### मंडल की तैयारियां पूरी हैं...

भोपाल रेल मंडल की पूरी तैयारियां है, लेकिन अभी तक वंदेभारत का रैक उपलब्ध नहीं हुआ है। जैसे रेलवे बोर्ड से नोटिफिकेशन आता है वैसे ही शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

**सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम, भोपाल रेल मंडल**

### मालगाड़ी डिरेलमेंट के चलते छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रूट बदला

**भोपाल**। यात्रियों को सूचित किया जाता है कि साहिबाबाद स्टेशन पर हुई रेल दुर्घटना (मालगाड़ी डिरेलमेंट) के कारण उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल द्वारा परिचालन व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप भोपाल मंडल होकर संचालित गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (प्रारंभिक स्टेशन अमृतसर से 20 जुलाई 2026 को प्रस्थान गाड़ी) को गाजियाबाद-दिल्ली-नई दिल्ली-हजरत निजामुद्दीन मार्ग से चलाया गया। हालांकि भोपाल मंडल के निर्धारित स्टेशनों पर अपने निर्धारित मार्ग के अनुसार संचालित होगी।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चड्डी-बनियान गैंग के तीन बदमाश

# आईपीएस स्कूल में घुसा चड्डी-बनियान गिरोह स्कूल का ताला तोड़ 3.92 लाख रुपए उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूने मकानों, दुकानों पर निशाना बनाने वाली चड्डी-बनियान गैंग अब स्कूलों में भी चोरी की वारदात की अंजाम दे रही है। चड्डी-बनियान गैंग ने मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड के आईपीएस स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश स्कूल परिसर में घुसे, एक के बाद एक कई कार्यालयों के ताले तोड़े और प्रिंसिपल कार्यालय में रखी दो दिन की फीस के तीन लाख 92 हजार 280 रुपए चोरी कर फरार हो गए। पूरी वारदात स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



सीसीटीवी कैमरे में कैद चड्डी-बनियान गैंग के सदस्य।

### 20 जुलाई को सुबह स्टाफ ने ताला टूटा देखा

पुलिस के अनुसार स्कूल के मैनेजर प्रदीप पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई की शाम स्कूल बंद कर दिया गया था। 20 जुलाई को सुबह स्कूल खुलने पर स्टाफ ने सूचना दी कि प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और पीए टू प्रिंसिपल के कार्यालयों के दरवाजों के हैंडल और ताले टूटे पड़े हैं। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि अकाउंट सेक्शन, स्टोर, मुख्य गेट और अन्य हिस्सों के ताले भी तोड़े गए थे। इसके बाद प्रिंसिपल ने अपने कार्यालय की जांच की तो ड्रॉअर में रखी 3.92 लाख रुपए की फीस राशि गायब मिली।

### चेहरे पर कपड़ा बांधकर पहनी थी चड्डी-बनियान

पुलिस ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें तीन बदमाश केवल चड्डी-बनियान पहने और चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए नजर आए। बदमाश बेहद सुनियोजित तरीके से स्कूल में दाखिल हुए, अलग-अलग कमरों के ताले तोड़े और नकदी लेकर फरार हो गए। वारदात के दौरान उनकी पूरी गतिविधि कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

### पारदी गैंग की शैली से मिल रहा तरीका

पुलिस का कहना है कि चोरी का तरीका चड्डी-बनियान गैंग और पारदी गिरोह की कार्यप्रणाली से मिलता-जुलता है। इसी एंगल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### दिन में पांच और रात में चार गार्ड तैनात

स्कूल में सुरक्षा के लिए दिन में पांच और रात में चार गार्ड तैनात रहते हैं। इसके बावजूद बदमाश स्कूल परिसर में दाखिल होकर कई ताले तोड़ने और लाखों रुपए चोरी करने में सफल रहे।

पूर्व आईएफएस अधिकारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# सलकनपुर बिजासन मंदिर ट्रस्ट में भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिस्टम परिवर्तन अभियान के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएफएस अधिकारी आजाद सिंह डबास ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर सीहोर जिले के प्रसिद्ध सलकनपुर बिजासन देवी मंदिर ट्रस्ट में करोड़ों रुपए के कथित भ्रष्टाचार, मंदिर चढ़ावे में गड़बड़ी और वन भूमि के नियमविरुद्ध हस्तांतरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि ट्रस्ट अध्यक्ष के कार्यकाल में मंदिर प्रबंधन और निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं।


पत्र में दावा किया गया है कि मंदिर में चढ़ावे के दुरुपयोग, 'श्री देवी महालोक' निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं,



फाइल फोटो

ट्रस्ट की संपत्तियों के प्रबंधन तथा वन भूमि आवंटन में नियमों की अनदेखी की गई। शिकायत में इन सभी मामलों की वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की निगरानी में स्वतंत्र जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा श्रद्धालुओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप



### निगम ने रोशनपुरा में मेट्रो निर्माण के दायरे में आ रही दीवार तोड़ी

**भोपाल।** शहर के रोशनपुरा क्षेत्र में मेट्रो निर्माण में बाधक एक मकान की अवैध दीवार को निगम अमले ने ढहा दिया। इसके अलावा एक दुकान के शटर को हटाने की कार्रवाई की गई। मेट्रो प्रोजेक्ट के मैदानी अमले की मौजूदगी मे निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने यह कार्रवाई की। इधर निगम अमले ने बैरागढ़ वार्ड ऑफिस के पास सिंगारचोली क्षेत्र में नालियों पर अवैध रूप से बने चबूतरे तथा शाहजहांनाबाद क्षेत्र में नाली के ऊपर अवैध रूप से रखी फर्शियां, भानपुर रोड पर अवैध रूप से रखी गुमठी, अवधपुरी बीडीए रोड पर आवागमन में बाधक तीन चार पहिया वाहन तथा नवीबाग क्षेत्र से अस्थायी रूप से बना छप्पर हटाया गया।

### रहवासियों ने की कोपरा और डस्ट डलवाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** बारिश के मौसम में वार्डों में कीचड़ और जलभराव से राहत के लिए नगर पंचायत द्वारा कोपरा और डस्ट डलवाने की मांग स्थानीय रहवासियों ने की है। ज्ञात हो कि कोपरा व मिक्स मटेरियल डालने का कार्य अध्यक्ष की अनुमति के अभाव में रुका हुआ है। संबंधित फाइल पर अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। समस्या को लेकर गोमती नागर, मनीष यादव सहित कई महिलाएं नगर पंचायत कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों के समक्ष अपनी परेशानी रखी। इस दौरान पार्षद दीपू परमार, नरेश सेठी भी बैठक में मौजूद रहे। बताया गया कि अध्यक्ष पति ने गोमती नागर को फोन पर कहा कि सीएमओ स्तर से अनुमति मिल चुकी है तथा अध्यक्ष के हस्ताक्षर होते ही सभी वार्डों में कोपरा एवं मिक्स मटेरियल डलवाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 337 | 31 | 290 |
| रात: | 146 | 15 | 366 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 127 | 05 | 799 |
| रात: | 780 | 51 | 470 |

टीटी नगर थाना पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया

# पंचशील नगर में कोचिंग जा रहे भाई-बहन का रास्ता रोककर तलवार से किया जानलेवा हमला

» हमले में एक बच्चे को आई गंभीर चोट, अस्पताल में चल रहा इलाज

» आसपास के लोग पहुंचे तो दोनों नाबालिग हमलावर वहां से भाग निकले

कुछ समय पहले स्कूल में उनका एक लड़के से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में कोचिंग जा रहे भाई-बहन समेत तीन बच्चों का रास्ता रोककर दो लड़कों ने तलवार से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में एक बच्चे को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को हिरासत में लिया है। एक अन्य घटना इसी इलाके में घर के सामने कचरा फेंकने की बात को लेकर हुई, जिसमें एक परिवार ने दूसरे पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे महिला समेत तीन लोगों को गंभीर चोट आई है।

पुलिस के अनुसार टीटी नगर के पंचशील नगर में रहने वाले भाई-बहन स्कूली छात्र हैं। कुछ समय पहले स्कूल में उनका एक लड़के से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस लड़के ने इसकी जानकारी अपने एक दोस्त को दी, जो कि आपराधिक प्रवृत्ति का है। सोमवार शाम दोनों भाई-बहन अपने चचेरे भाई के साथ कोचिंग जाने के लिए निकले थे। रास्ते में दोनों



नाबालिग लड़कों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए तलवार से हमला करना शूरू कर दिया। एक बच्चे के सिर में तलवार लगी, जिससे उसे करीब दस टांके आए हैं। बहन और चचेरे भाई ने जब बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे चचेरा भाई भी घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि इस हमले में बहन को तलवार लगने से बच गई। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो दोनों नाबालिग हमलावर वहां से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर देर रात दोनों को हिरासत में ले लिया है। उन्हें किशोर इकाई में रखा गया है।

### कचरा फेंकने के विवाद पर महिला समेत तीन को मारी तलवार

टीटी नगर में घर के सामने कचरा फेंकने की बात को लेकर चार लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया, जिससे महिला समेत तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार ज्योति पत्रकार कॉलोनी के पीछे झुग्गीबस्ती में रहती हैं। मोहल्ले में रहने वाले मोहित के परिवार वालों ने पिछले दिनों एक घर के सामने कचरा फेंक दिया था। मकान मालिक ने इसका विरोध किया तो ज्योति के घरवालों ने भी वहां कचरा नहीं फेंकने की समझाइश दी थी। इसी बात को लेकर रविवार की रात करीब एक बजे मोहित, विशाल और अंकित ने ज्योति के परिवार वालों के साथ विवाद किया। परिवार वालों ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर लाठी-डंडे और तलवार से हमला कर दिया। इस हमले में ज्योति के साथ ही संदीप और एक अन्य महिला को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तीनों युवकों और उनकी मां के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

### तीन गांजा तस्करों से सात किलो 800 ग्राम गांजा जब्त

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया है। मुखबीर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने हुलिए के आधार पर दो संदिग्धों को मां खेड़ापति बैकुंठ धाम मंदिर के सामने गेट के सामने से हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम 30 वर्षीय अर्जुन सौराष्ट्र लामाखेड़ा इस्लाम नगर रोड और 20 वर्षीय लक्की यादव सुंदर नगर अशोका गार्डन बताया। दोनों के बैग चेक करने पर उनके पास से सात किलो 800 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में लक्की यादव ने बताया तीन-चार दिन पहले एक किलो 600 ग्राम गांजा मुझे राहुल चौहान उर्फ भाई साहब निवासी दशमेश नगर दशहरा मैदान ने दिया था, जिसमें से मैंने कुछ गांजा पुड़िया बनाकर लोगों को बेच दी। आरोपी से आगे की पूछताछ में पता चला कि एक किलो गांजा मुझे बृजेश ठाकुर, बजीरगंज कॉलोनी डैम रोड बाड़ी जिला रायसेन ने पंद्रह हजार रुपए में दिया था, जिसे मैं अर्जुन सौराष्ट्र के साथ बेचने आया था। अर्जुन सौराष्ट्र ने बताया कि जो गांजा मुझसे पुलिस ने पकड़ा है, वह गांजा मैने उवेश नायक निवासी जयपुर वस स्टैंड पास उड़ीसा से आज से करीब 15 से 20 दिन पहले तीस हजार रुपए में छह किलो गांजा खरीदा था, जिसे बेचने के लिए लक्की यादव के साथ काली मंदिर स्टेशन बजरिया आया था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

# एक युवक ने फांसी लगाकर दूसरे ने जहर पीकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित पार्कसिटी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक की जहरीला पदार्थ पीकर और बागसेवनिया निवासी युवक की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है। दोनों ही मामलों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय सतीश लोवंशी पार्क सिटी बैरसिया रोड पर रहता था और प्रायवेट काम करता था। उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी मौत हो गई। मौत का कारण कोई जहरीला पदार्थ पीने की बात सामने आई है। हालांकि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि मर्ग जांच और परिजन के बयान के बाद ही जहर पीने के कारण का खुलासा हो सकेगा। इधर, 25 वर्षीय आकाश यादव पिपलिया पेंदे खां थाना बागसेवनिया में रहता था और चाय-नाश्ते की दुकान पर काम करता था। सोमवार रात वह काम से घर पहुंचा था। कुछ देर बाद उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी तो उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासैया में पढ़ने वाली एक स्कूली छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जांच के बाद ही खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय एंजल अहिरवार कान्हासैया बिलखिरिया में रहती थी और दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। परिवार में मां के अलावा एक बड़ी बहन और छोटा भाई है। सोमवार को मां अपने काम पर गई थी। दोपहर के समय बहन और छोटा भाई बाहर थे, तभी एंजल ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।



आरोपी को पुलिस थाने लेकर पहुंचे विहिप व बजरंग दल के लोग।

20 गायों को छुड़ाकर गोशाला सुरक्षित भेजा

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जिला भोजपुर की गोरक्षा टीम को सूचना मिली कि एक गाड़ी जिसका नंबर एम 04, जेडएन 5273 गोवंशों से भरी हुई है, जो गौहरगंज की तरफ जा रही है। गो सेवकों ने पीछा करते हुए गौरगंज रोड़ के पास उस ट्रक को पकड़ लिया, जिसमें 20 गायें भरी हुईं थीं। गो सेवकों ने गायों को छुड़ाया और सुरक्षित बंगरसिया गोशाला भेजा। इसके साथ ही एक आरोपी इकबाल खान को औबेदुल्लागंज थाने ला कर पुलिस को सौंपा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के गजराज मीणा जिला गोरक्षा प्रमुख तथा राहुल राजपूत, गौरव कलावत, आशीष यादव, मनीष जोशी, शुभम कुशवाहा, वरुण चौधरी, विनोद मीणा, कृष्णा कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वन कर्मचारियों पर हमला करने वालों पर लगाई जाए रासुका

**भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न वन मंडलों में लगातार वन माफिया वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला कर रहा है। हाल ही में इंदौर वन मंडल के चोरल में वन माफिया ने वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला किया, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने अभी तक किसी भी वन माफिया को गिरफ्तार नहीं किया है।

मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला करने वाले वन माफिया के खिलाफ रासुक की कार्रवाई कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राजगढ़, बैरसिया, खंडवा, देवास, उमरिया, बुरहानपुर अब इंदौर में वन माफिया ने वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमला किया है, जिसमें दर्जनों वन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।

### स्वस्थ जीवन के लिए दिनचर्या में बदलाव जरूरी : डॉ. टेवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' के अंतर्गत दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. गुलाब राय टेवानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने के साथ अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करना बेहद जरूरी है। आरोग्य केन्द्र संत हिरदाराम साहिब की पावन कुटिया के समान है, जहां प्राकृतिक वातावरण भी स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि शिविर में साधकों को शरीर के शुद्धिकरण, प्राकृतिक आहार, स्वस्थ दिनचर्या और उपवास की कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंचतत्वों-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के माध्यम से प्राकृतिक चिकित्सा की पद्धतियों को समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उचित और प्राकृतिक आहार अपनाने से दवाइयों पर निर्भरता कम की जा सकती है और निरोगी जीवन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में हिस्सा लेने के लिए भोपाल के साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आ कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

# आरोग्य केंद्र में हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ



शिवर में जानकारी देते अतिथि।

### डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाने पर जोर

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में डिजिटल डिटॉक्स पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों के अनावश्यक उपयोग से दूरी बनाकर स्वयं को अधिक स्वस्थ और सक्रिय रखा जा सकता है। शिविर के साथ हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किया गया है, जिसमें साधकों को प्राकृतिक चिकित्सा एवं उपवास चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, ताकि वे स्वयं स्वस्थ रहने के साथ अपने परिवार को भी स्वस्थ रखने में योगदान दे सकें।

### आईटी खरीद एवं टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता के गंभीर आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सलाहकार अध्यक्ष केके मिश्रा ने आदिम जाति कल्याण विभाग सहित प्रदेश के विभिन्न विभागों में आईटी उपकरणों की खरीद एवं आईसीटी लैब परियोजनाओं में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच की मांग की है।


उन्होंने आरोप लगाया कि एक कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से टेंडर की शर्तों को इस प्रकार तैयार किया गया कि अन्य कंपनियों की प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाए। सात माह के भीतर संबंधित कंपनी को आदिम जाति कल्याण विभाग में करीब 350 करोड़ के कार्य प्रदान किए। केवल आदिम जाति कल्याण विभाग ही नहीं, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा गृह विभाग में भी कंपनी की भूमिका और प्रभाव को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

मंदिरों में हो रहा सिद्ध चक्र महामंडल विधान, श्रद्धालु कर रहे जप, तप

# अष्टान्हिका पर्व प्रारंभ, जिनालयों में शुरू हुए शांति धारा, अभिषेक और पूजा-पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में मंगलवार से अष्टानिका पर्व प्रारंभ हो गया। प्रातः काल मंदिरों में शांति धारा, अभिषेक और पूजा-पाठ हुआ। जैन धर्मावलंबियों के लिए यह समय अत्यंत पावन और आनंददायी सिद्ध हो रहा है, जहां एक ओर पूरा समाज 8 दिनों तक चलने वाले पवित्र 'अष्टान्हिका पर्व' की भक्ति में लीन है। वहीं दूसरी ओर 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ स्वामी का 'मोक्ष कल्याणक' बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। औबेदुल्लगंज पाराशनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नेमीनाथ जैन मंदिर और तामोट जैन मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और सिद्ध चक्र महामंडल विधान, जप, तप का दौर जारी है। गिरनार जी सिद्ध क्षेत्र से लेकर विभिन्न सिद्ध पीठों में भक्तों द्वारा मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाकर विश्व शांति और आत्म-कल्याण की प्रार्थना की।



मंदिर में अभिषेक करते श्रद्धालु।

### अध्यात्म की अनूठी छटा देखने को मिली

इस पावन अवसर पर चारों ओर धर्म प्रभावना, त्याग और अध्यात्म की अनूठी छटा देखने को मिल रही है, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है। मुकेश जैन इजारदार, मीना सुनील जैन तामोट, समता सुनील बर्धमान, नीति अनुराग जैन, पवन जैन, मीना ऋषभ जैन विजय के. टी तरुण इंद्र जैन संभव जैन, दिनेश गुड्डन जैन, विनय जैन, आकाश मयूरी जैन, प्रदीप भंडारी, तामोट से अरविंद जैन, रानी जैन, पप्पू मनोज जैन आदि अराधना में लगे हैं।

विधायक पटवा का क्षेत्र में खासा प्रभाव और लोकप्रिय नेता हैं

# भोजपुर विधानसभा में अभी से गर्माई राजनीतिः भाजपा और कांग्रेस में टिकट के लिए दावेदारों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से सियासी हलचल तेज हो गई है। एक ओर जहां भाजपा के वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा को उनके समर्थक सबसे मजबूत और लाड़ले नेता के रूप में देख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को लंबे समय से पद का इंतजार

भोजपुर सीट पर चार बार जीत दर्ज कर चुके सुरेंद्र पटवा का क्षेत्र में खासा प्रभाव माना जाता है। उनके समर्थकों का दावा है कि क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता और विकास कार्यों के दम पर पटवा आने वाले चुनाव में और भी बड़ी बढ़त के साथ जीत हासिल करेंगे। हालांकि, भाजपा के भीतर ही कई वरिष्ठ नेता लंबे समय से विधायक पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इनमें 2003 से प्रयासरत वरिष्ठ नेता जोधासिंह अटवाल, 10 वर्षों से प्रयासरत पूर्व प्रदेश प्रवक्ता दीपक विजयवर्गीय, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के सलाहकार रहे जेपी शर्मा, कृष्ण गोपाल पाठक और गणेश मालवीय शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र अग्रवाल बबलू भैया, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान और युवा चेहरा गौरव पचौरी का नाम भी चर्चाओं में है। यदि यह सीट महिला वर्ग के खाते में जाती है, तो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा चौहान भी एक प्रमुख दावेदार के रूप में सामने आ रही हैं।

### कांग्रेस खेमे में भी मची होड़

दूसरी तरफ, कांग्रेस खेमे में भी भोजपुर से चुनावी मैदान में उतरने के लिए नेताओं की होड़ मची हुई है। पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास और पूर्व विधायक राजेश पटेल जैसे दिग्गज चेहरे एक बार फिर अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। इनके साथ ही हाईकोर्ट एडवोकेट विजय धाकड़, प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ नेता परेश नागर, ठाकुर युद्धवीर सिंह, बाड़ी से मेघराज चौहान, आदिवासी नेता विनोद इरपाचे, दीपेश मीणा, उमेश पाल, अभिषेक परमार, राजू कांता पटेल, चंदा चौहान और ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार भी टिकट पाने की कोशिश में जुटे हैं।

### भोजपुर भाजपा का मजबूत किला

भोजपुर लंबे समय से भाजपा का मजबूत किला रहा है, लेकिन दोनों ही प्रमुख दलों के भीतर जिस तरह से दावेदारों की संख्या बढ़ रही है, उसने यह साफ कर दिया है कि आने वाले चुनाव में प्रत्याशियों का चयन दोनों ही पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के लिए एक बड़ी कसौटी साबित होने वाला है।



## ‘मुसद्दी की बेटी चली ऑफिस ऑफिस’ में निभा रहे अहम भूमिका

# सारांश ने फिर बढ़ाया मप्र का मान

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कर चुके अपनी अलग पहचान स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के युवा अभिनेता सारांश भारद्वाज एक बार फिर अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इन दिनों वे चर्चित धारावाहिक ‘मुसद्दी की बेटी चली ऑफिस ऑफिस’ में अपनी प्रभावशाली भूमिका के कारण सुर्खियों में हैं। यह धारावाहिक डीडी नेशनल और वेव्स ओटीटी पर प्रसारित हो रहा है। ग्वालियर से निकलकर मायानगरी मुंबई तक का उनका सफर संघर्ष, मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है।

सारांश भारद्वाज ने ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय से थिएटर एंड ड्रामा में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के उद्देश्य से मुंबई का रुख किया। वर्षों के संघर्ष और निरंतर मेहनत के बाद आज वे टीवी, फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुके हैं।

### 50 से अधिक नाटकों में किया अभिनय

मुंबई पहुंचने से पहले सारांश ने ग्वालियर और देश के विभिन्न शहरों में लगभग 8 वर्षों तक रंगमंच को समर्पित रहते हुए 50 से अधिक नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने ओडिपस, मैकबेथ, द चेरी आर्चर्ड जैसे विश्वप्रसिद्ध नाटकों के साथ-साथ बुंदेलखंडी लोकनाट्य ‘स्वांग’ तथा संस्कृत नाटकों उत्तररामचरितम, मालती-माधव और भगवदज्जुकीयम में भी अभिनय किया। रंगमंच पर उनकी मजबूत पकड़ ने उन्हें अभिनय की गहराई और विविधता प्रदान की।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 2 का भी रहे हिस्सा

*द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 2, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैंपियन 2, छोटे मियां, छोटे मियां बड़े मियां जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में भी काम कर सारांश ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया हैं। इसके अलावा वे फिल्म ‘लुका छुपी’ का भी हिस्सा रह चुके हैं।*



डीडी नेशनल पर प्रसारित धारावाहिक ‘मुसद्दी की बेटी चली ऑफिस ऑफिस’ में हवलदार की भूमिका में सारांश।

## बाल साहित्य शोध केंद्र में बाल साहित्य संवाद आज से

**भोपाल।** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बाल साहित्य एवं बाल कल्याण शोध केंद्र भोपाल इस महत्वपूर्ण उक्ति को ध्यान में रखते हुए सदैव से सभी आयु के बच्चों के विकास के लिए कटिबद्ध रहा है। एक नए सोपान के रूप में अब शोध केंद्र द्वारा प्रतिमाह होने वाले विशिष्ट कार्यक्रम बाल साहित्य संवाद की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम में प्रतिमाह किसी एक वरिष्ठ बाल साहित्यकार पर केंद्रित डेढ़ घंटे का कार्यक्रम शोध केंद्र में आयोजित होगा। कार्यक्रम दो भागों में होगा जिसमें 45 मिनट का बाल साहित्यकार का साक्षात्कार होगा, जिसके अंतर्गत उसके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबद्ध कई प्रश्न पूछे जाएंगे। कार्यक्रम के द्वितीय भाग में 45 मिनट तक साहित्यकार की श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ होगा। इससे कई नए बाल साहित्यकारों को सृजन हेतु उचित प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम 22 जुलाई बुधवार को बाल साहित्य शोध केंद्र में दोपहर 4 बजे से होगा।

### रवींद्र भवन में हुआ डॉ. हेडगेवार के जीवन और कार्यों पर केंद्रित महानाट्य का मंचन

# डॉ. हेडगेवार ने दिया था समता का विचार, जिसे राष्ट्र आज भी अंगीकार कर रहा: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रवादी विचारधारा के संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने देशभक्ति के साथ समानता का दर्शन दिया था। वे भारत माता को मिलने जा रही स्वतंत्रता को कायम रखने के महत्व को पहले ही जान चुके थे, इस नाते उन्होंने राष्ट्र हित में अपनी भूमिका का निर्वाह किया। वे दूरदर्शी सोच के साथ रचनात्मक प्रकल्प संचालित करते थे।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवींद्र भवन में संस्कार भारती द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष होने के अवसर पर हुए महानाट्य युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार के मंचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. हेडगेवार के समता के भाव को आज राष्ट्र भी अंगीकार कर रहा है। समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल भी इस भाव को दृष्टिगत रखते हुए की गई है।

इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक पांडे, फिल्म अभिनेता और रंगमंच निर्देशक राजीव वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में शशि भाई सेठ, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, संस्कृति संचालक एन.पी. नामदेव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। संस्कृति विभाग मप्र शासन के सहयोग से हुए नाटक में दक्ष कलाकारों ने प्रभावी अभिनय कर नाट्य प्रस्तुति को सफल बनाया। जिसने भी इस नाटक को देखा, डॉ. हेडगेवार से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। देश के अनेक नगरों में भी नाटक का मंचन हुआ है।



डॉ. हेडगेवार के मंचन कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्र को वैभव की ओर ले जाने के भरसक प्रयास किए : हेमंत मुक्तिबोध

कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवक संघ के पदाधिकारी हेमंत मुक्तिबोध ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्र को वैभव की ओर ले जाने के भरसक प्रयास किए। यह नाटक उनके जीवन के समर्पण,राष्ट्र निष्ठा और कर्म आधारित जीवन के स्वरूप को सामने लाने का माध्यम है।

### हमारा मूल दर्शन समानता का है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर विशेष कार्य के लिए कोई निमित्त ढूंढता है। स्वामी विवेकानंद की ये भविष्यवाणी कि आने वाली सदी भारत की होगी, आज चरितार्थ हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, डॉ. हेडगेवार की कल्पना के भारत के निर्माण में संलग्न हैं। राष्ट्र अपने गर्व और गौरव को प्राप्त कर रहा है। भारत की पहचान एक विधान है। हमारा मूल दर्शन समानता का है। डॉ. हेडगेवार ने स्वतंत्रता के पहले चुनौती भरे दौर में राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सर्वोपरि के भाव का प्रकटीकरण ही नहीं किया, लाखों लाख नागरिकों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा भी दी।

### संघ का संघर्ष, सृजन और बलिदान की गाथा कहता नाटक


डॉ. हेडगेवार का समर्पित नाटक का एक दृश्य।

इस दौरान डॉ. हेडगेवार लगभग दो घंटे की अवधि का एक महानाट्य का मंचन हुआ। नाटक में टेक्निकल डायरेक्टर अरविंद उपाध्याय रहे। नाटक की शुरुआत हेडगेवार के बचपन से होती है, जहां देशभक्ति और अंग्रेजी शासन के प्रति असंतोष उनके व्यक्तित्व को आकार देते हैं। आगे चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ते हैं और महसूस करते हैं कि भारत की समस्याओं का समाधान राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि एक संगठित, और जागरूक समाज का निर्माण है।



### सिंगर मट्टू ने इंदौर व रायपुर में दीं सोलो परफार्मेंस

# सूफी सुरों से बॉलीवुड तक पहुंचे भोपाल के करनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल के युवा गायक, अभिनेता और संगीतकार करनदीप मट्टू अपनी आवाज के दम पर देशभर में पहचान बना रहे हैं। करनदीप अधिरोह बैंड के लीड सिंगर हैं और सूफी, पंजाबी व बॉलीवुड संगीत के अनोखे संगम के लिए जाने जाते हैं। करनदीप ने बैंड से अलग सोलो परफार्मेंस भी दी हैं और अब उनकी पहचान सोलो परफार्मर के तौर पर भी उभरकर सामने आई है। करनदीप ने हाल में इंदौर, आगरा और रायपुर में आयोजित बड़े संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। करनदीप मट्टू की संगीत यात्रा भारतीय शास्त्रीय संगीत की मजबूत नींव पर आधारित है।

उन्होंने भोपाल में प्रख्यात संगीत गुरु सज्जन लाल भट्ट से शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा प्राप्त की, जिसके कारण उनकी प्रस्तुतियों में सुरों की शुद्धता, भावों की गहराई और मंचीय परिपक्वता सहज रूप से दिखाई देती है।

### आईडिया रॉक्स इंडिया सीजन-6 के रहे प्रथम उपविजेता

*वर्ष 2014 में वे प्रतिष्ठित आईडिया रॉक्स इंडिया सीजन-6 के प्रथम उपविजेता रहे, जहां उन्हें पार्श्व गायिका सुनिधि चौहान ने सम्मानित किया। उन्होंने गायिका रिचा शर्मा के साथ भी मंच साझा किया। भारत के कई शहरों के अलावा श्रीलंका और दुबई में भी वे अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। उनके लाइव शो में सूफी संगीत की गहराई, पंजाबी लोकधुनों की ऊर्जा और बॉलीवुड गीतों का आकर्षण एक साथ देखने को मिलता है।*




## रचनाकार के साथ पाठक का मन भी बावरा हो जाता है: मधु

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच की मप्र इकाई का नवाचार पुस्तक मंथन कार्यक्रम बीते दिनों ऑनलाइन आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भोपाल की लेखिका कमल चंद्रा की चर्चित कृति ‘मन बावरा रे’ काव्य संग्रह पर चर्चा की गई। साहित्यकार मधु सक्सेना ने बहती हुई कविताएं शीर्षक मन बावरा रे पर कहा कि पुस्तक की रचनाओं की काव्यधारा में बहते रचनाकार के साथ पाठक का मन भी बावरा हो जाता है। कवितायें में कवियत्री ने हर विषय को समेटने का प्रयास किया है। संग्रह की सभी कविताएं संदेशपरक हैं। पुस्तक की विषयवस्तु, पर प्रकाश डालते हुए डॉ. साधना शुक्ला ने कहा कि, संग्रह में कुछ विषय दार्शनिक भाव लिए हैं, कुछ पारिवारिक एवं सामाजिक है। लेखिका कमल चंद्रा ने कहा कि मानव मन चंचल होता है, कभी सोचती हूं कि, मन हमारे शरीर का साकार अवयव नहीं होते हुए भी दिल दिमाग़ पर इतना हावी कैसे रहता है? कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष श्रीवास्तव ने की।कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच की मध्यप्रदेश इकाई की अध्यक्ष शेफालिका श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में साधना गंगराडे, मधुलिका श्रीवास्तव, वसुधा श्रीवास्तव व श्रुति मंगला के साथ अधिक संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।


- साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाता पुस्तक मंथन कार्यक्रम संपन्न हुआ

## एमसीयू में द जॉयफुल एजुकेटर विषय पर तीन दिवसीय एफडीपी आज से

**भोपाल।** शिक्षा में एक शिक्षक का सानंद व्यक्तित्व गढने के उद्देश्य से माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय,भोपाल में तीन दिवसीय संकाय विकास प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। विवि के रेखी सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस द्वारा द जॉयफुल एजुकेटर एक्सपीरियेंशियल वेल-बीइंग एंड एप्लाइड पॉजिटिव साइकोलॉजी विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 22 से 24 जुलाई तक विश्वविद्यालय के नालंदा लाइब्रेरी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी करेंगे। यह आयोजन (एफडीपी) की समन्वयक सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा वर्मा ने बताया कि प्रातः 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक चलने वाले के कार्यक्रम के विशेषज्ञ प्रशिक्षक के रूप में रेखी फाउंडेशन के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. श्रीहरि कृष्णा एवं सीनियर फैकल्टी डॉ. रीतू शर्मा शामिल होंगे।

### मैनिट में सिक्योर मीटर्स का ‘कैंपस कनेक्ट’ कार्यक्रम संपन्न

# उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र, वैश्विक गुणवत्ता के मानकों का महत्व बताया


कार्यक्रम में मौजूद इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ, प्रोफेसर और विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को सिविल ऑडिटोरियम में सिक्योर मीटर्स के सहयोग से ‘कैंपस कनेक्ट’ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के विशेषज्ञों, प्राध्यापकों और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र, करियर मार्गदर्शन, छात्र परियोजनाओं की प्रस्तुति तथा प्रतिष्ठित विक्रम अवॉर्ड-2026 का आयोजन भी किया गया।

### कार्यक्रम के तकनीकी सत्र की शुरूआत

*कार्यक्रम के तकनीकी सत्र की शुरूआत क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (इंडस्ट्री प्रैक्टिसेज) विषय पर अनिल त्रिपाठी के व्याख्यान से हुई। उन्होंने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, विनिर्माण उत्कृष्टता, प्रक्रिया सुधार, सप्लायर क्वालिटी एश्योरेंस तथा वैश्विक गुणवत्ता मानकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उद्योगों के व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि गुणवत्ता के प्रति सजगता एक सफल इंजीनियर बनने की आधारशिला है।*

## राष्ट्रचिंतक रामबहादुर राय को दिया जाएगा ‘पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय पुरस्कार’

**भोपाल।** तुलसी शोध संस्थान द्वारा तुलसी मानस प्रतिष्ठान में 6 अगस्त, 2026 को 04 बजे अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष-2026 के लिए ‘पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार’ सुप्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं राष्ट्रचिंतक रामबहादुर राय को प्रदान किया जायेगा। रामबहादुर राय हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं चिंतक हैं। वे वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष हैं। साथ ही वे देश की सबसे पुरानी बहुभाषी समाचार एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के समूह संपादक हैं। समाज, राजनीति और समसामयिक विषयों पर उनके लेखन एवं संपादन को व्यापक सम्मान प्राप्त है।



- मानस भवन में 6 अगस्त को 4 बजे होगा अलंकरण समारोह

## चेतना ऑडिटोरियम में आज नाटक टोबा टेक सिंह का मंचन

**भोपाल।** आदम एक्टर्स क्रिएशन द्वारा प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार सआदत हसन मंटो की चर्चित कहानी टोबोटेक सिंह पर आधारित नाटक का मंचन 22 जुलाई को शाम 7 बजे चेतना ऑडिटोरियम में किया जाएगा। नाटक का निर्देशन आदम ने किया है। प्रस्तुति में लगभग 10 कलाकार अभिनय करेंगे, जो अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को विभाजन की त्रासदी और मानवीय संवेदनाओं से रूबरू कराएंगे। टोबा टेक सिंह, भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित मंटो की कालजयी कहानी है। कहानी में लाहौर के मानसिक चिकित्सालय के कैदियों को धर्म के आधार पर भारत और पाकिस्तान भेजने का निर्णय लिया जाता है। इस निर्णय के बीच बिशन सिंह नामक पात्र अपने गांव टोबोटेक सिंह की तलाश में भटकता रहता है।

### विहान द्वारा आरुषि संस्था में नाटक ‘द क्लाउन हू वाज़ मी’ की प्रस्तुति

# रंगमंच पर आत्मखोज की अनूठी प्रस्तुति बना नाटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स रिपर्टरी ने मंगलवार को आरुषि संस्था में थिएट्रिक्स-31 के अंतर्गत द क्लाउन हू वाज़ मी का मंचन किया। यह प्रस्तुति पारंपरिक कहानी या पात्रों पर आधारित न होकर कलाकारों की आत्मखोज की यात्रा थी। प्रतिभागियों ने अपने डर, कमजोरियों, इच्छाओं, असफलताओं और सहज मानवीय भावनाओं से जन्मे अपने-अपने क्लाउन को मंच पर जीवंत किया। प्रस्तुति का निर्देशन एवं प्रशिक्षण श्वेता केतकर ने किया।


नाटक में जोकर की वेशभूषा में मंचन करते कलाकार।

### रेड नोज़, शारीरिक अभिनय, इम्प्रोवाइजेशन रहा खास

*रेड नोज़, शारीरिक अभिनय, इम्प्रोवाइजेशन और दर्शकों से सीधे संवाद ने प्रस्तुति को रोचक और भावनात्मक बना दिया। कई क्षणों में दर्शक ठहाके लगाते नजर आए तो कई दृश्य उन्हें गहराई से भावुक भी कर गए। वहीं विहान ड्रामा वर्क्स के निर्देशक सौरभ अनंत ने कहा कि थिएट्रिक्स श्रृंखला का उद्देश्य केवल अभिनेता तैयार करना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जागरूक कलाकारों का निर्माण करना है।*





## मुकेश की स्मृति में ‘रिमझिम गिरे सावन’ 26 को

**भोपाल।** कायस्थम संस्था ने प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. श्री मुकेश चंद्र माथुर के 22 जुलाई को 103 वें जन्मदिवस पर पुण्य स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्व. मुकेश की स्मृति में कायस्थम संस्था रविवार 26 जुलाई को फिल्मी गीतों का कार्यक्रम रिमझिम गिरे सावन- 2.0 का आयोजन करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना, विशेष अतिथि मध्यप्रदेश कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जनरल अनिल कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव और प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे होंगे। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार रिमझिम गिरे सावन- 2.0 में कायस्थ समाज के 30 चित्रांश गायक लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## खबर संक्षेप

### नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय के सामने मंगलवार को प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2025 में डीएलएड योग्यता धारक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की और संचालक कामना आचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का कहना है कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान से प्राप्त डीएलएड योग्यता को मान्यता प्राप्त होने के बावजूद उन्हें भर्ती प्रक्रिया में नियुक्ति से वंचित किया जा रहा है, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, पीएम का पुतला जलाया

**भोपाल।** सोमवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज एवं कार्यवाही के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### भोपाल जिले में 19 बदले पटवारियों के प्रभार

**भोपाल।** एक महीने पहले जिले के 43 पटवारियों के तबादले के बाद मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने 19 अन्य पटवारियों के प्रभार में बदलाव किया है। जिसके तहत इन पटवारियों को तहसील और वृत्तों में पदस्थ किया गया है। आदेश के तहत उज्जवल उपाध्याय भू-संसाधन प्रबंधन को टीटी नगर, दीपाली अग्रवाल एमपी नगर से टीटी नगर, नीरज विश्वकर्मा गोविंदपुरा से टीटी नगर, लेखराज लोधी गोविंदपुरा से टीटी नगर, सुरेन्द्र राजपूत बैरागढ़ से शहर, ताजुद्दीन बैरागढ़ से शहर, राजेन्द्र मीणा बैरागढ़ से शहर, मंगलेश सवालवाल भू-संसाधन प्रबंधन से बैरागढ़, मनीष लोधी भू-संसाधन प्रबंधन से बैरसिया, विवेक सक्सेना सीहोर से कोलार, ज्योति साहू रायसेन से कोलार, ज्योति जैन दमोह से बैरसिया, पदस्थ किया है।

---

बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर किया संबोधित

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- बड़वानी की लाल मिर्च को दिलाएंगे 'जीआई टैग'

मेहनत से बड़वानी बन रहा देश में कृषि, उद्यमिता एवं नवाचार का उदाहरण

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़वानी जिला यहां के लोगों की मेहनत और नवाचारों के बल पर पूरे देश में कृषि, उद्यमिता, नवाचार का नवीन उदाहरण बन रहा है। हमारे मिर्च उत्पादक किसान अब पारंपरिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक खेती, आधुनिक ग्रेडिंग और उन्नत पैकेजिंग को अपना रहे हैं। इससे बड़वानी की मिर्च की मांग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बड़वानी की लाल मिर्च को 'जीआई टैग' दिलाने के लिए प्रयास कर रही है। एक बार यह टैग मिल गया, तो दुनिया के बाजारों में बड़वानी की मिर्च का पेटेंट हो जाएगा और ग्लोबल ब्रांड के रूप में नई पहचान मिलेगी। डॉ. यादव मंगलवार को मप्र विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष से बड़वानी जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों से कहा कि बलराम कृषि महोत्सव सबके लिए एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने किसानों विशेषकर युवा किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बढ़-चढ़ कर इस कृषि महोत्सव में सहभागिता करें। खेती में तकनीक और नवाचार को शामिल करें। एग्री-स्टार्टअप प्रारंभ करें, आधुनिक कृषि तकनीक सीखें। सरकार की योजनाओं का लाभ और कृषि विशेषज्ञों की समुचित सलाह लें, सरकार आपके हर कदम पर साथ खड़ी है।

**युवा किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बढ़-चढ़ कर इस कृषि महोत्सव में सहभागिता करें**



### 1.21 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि होगी सिंचित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार बड़वानी में लगभग 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से सेंधवा, निवाली, पाटी, नागलवाड़ी उद्वहन योजना और शहीद भीमा नायक सागर (लोअर गोई) परियोजनाओं पर तेजी से काम कर रही है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के 319 गांवों की 1.21 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राज्य की सिंचाई क्षमता 100 लाख हेक्टेयर तक करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बड़वानी के किसानों से खेतिया कृषि उपज मंडी को एक सर्वसुविधायुक्त 'आदर्श मंडी' के रूप में अपग्रेड और विकसित करने का जो वादा हमने किया है, उसे भी पूरा करेंगे। किसान किसी भी तरह के भ्रम में न आएं, प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है।

---

किसानों का भाग्य बदलेगा

## केला ब्रांड बनकर विदेशों में किया जाएगा एक्सपोर्ट

**किसानों ने ड्रिप सिंचाई और आधुनिक 'टिश्यू कल्चर' तकनीक के दम पर अंतराष्ट्रीय बाजारों को लुभाया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे किसानों ने ड्रिप सिंचाई और आधुनिक 'टिश्यू कल्चर' तकनीक के दम पर ऐसी कमाल की खेती की है कि बड़वानी के केले की मिठास ने खाड़ी देशों के अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सबको लुभा रखा है। हमारी सरकार राजपुर तहसील के घटवा में जो 'मेगा फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर' विकसित कर रही है। इससे केला उत्पादक किसानों का भाग्य बदलेगा। यहां आधुनिक पैकहाउस, कोल्ड चेन और ग्रेडिंग यूनिट्स लगाई जाएंगी, जिससे केले की शेल्फ-लाइफ बढ़ेगी और हमारे किसान उत्पादक संगठनों को बड़ी कंपनियों से जोड़ा जाएगा। हम यहां प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन की ऐसी चेन खड़ी करेंगे, कि बड़वानी का केला यहीं से ब्रांड बनकर विदेशों में एक्सपोर्ट होगा।

---

प्रदेश में सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित करेगी कंपनी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीस कंपनी के पदाधिकारी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मेसर्स पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मुंजल शरद शाह एवं उनके सहयोगियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों का स्वागत किया और कहा कि वे खुले मन से मध्यप्रदेश में निवेश करें, सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी।

भेंट के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (मप्र शासन) और कंपनी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन कर आदान-प्रदान किया गया। कम्पनी का कन्ट्री हेड क्वार्टर (कॉर्पोरेट ऑफिस) नवी मुंबई में है। कंपनी ऑप्टिकल सिस्टम्स का उत्पादन करती है। कंपनी के पदाधिकारियों ने बताया कि वे मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित करना चाहते हैं। शुरुआती दौर में कम्पनी करीब 6 हजार 200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस परियोजना से 2500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनी द्वारा भूमि का चयन कर लिया है। जल्द ही भूमि आवंटन के लिए भी प्रस्ताव देंगे।

**6 हजार 200 करोड़ निवेश, ढाई हजार रोजगार होंगे सृजित**



विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अतिथियों से भेंट करते हुए।

### प्रदेश की सेमीकंडक्टर पॉलिसी बेहद पसंद आई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि पारस कंपनी को प्रदेश की सेमीकंडक्टर पॉलिसी बेहद पसंद आई है और अपनी यूनिट लगाने के लिए कंपनी ने भूमि भी पसंद कर ली है। मेसर्स पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीस लिमिटेड भारत की अग्रणी रक्षा एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है, जो रक्षा, अंतरिक्ष एवं एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए स्वदेशी तकनीकों एवं उच्चस्तरीय इंजीनियरिंग समाधान विकसित एवं निर्मित करती है। कंपनी को रक्षा एवं उच्च परिशुद्धता विनिर्माण क्षेत्र में 40 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा कंपनी का वर्तमान मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। कंपनी द्वारा वर्तमान में सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में संभावनाओं का विस्तार किया जा रहा है।

#### विश्वस्तरीय इकाई स्थापित करने की योजना

अपने बिजनेस एक्सटेंशन के क्रम में कंपनी की विश्वस्तरीय इकाई स्थापित करने की योजना है। इस परियोजना की स्थापना के लिए कंपनी को लगभग 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इस संबंध में एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, उज्जैन द्वारा कंपनी के प्रतिनिधियों को डीएमआईसी विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड के फेज-2 में लगभग 40 एकड़ क्षेत्रफल की उपयुक्त भूमि दिखाई गई है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भूमि स्थल का मौका मुआयना कर लिया गया है तथा इसी भूमि को परियोजना स्थापना के लिए उपयुक्त मानते हुए प्रारंभिक रूप से चयनित कर लिया गया है। परियोजना के स्थापित होने से मध्यप्रदेश में सेमीकंडक्टर एवं उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

---

## सिंघार ने सीएम कक्ष के बाहर दिया धरना... मंत्री कैलाश से हुई बहस

**इधर, विस परिसर में चलती रही मंत्री कैलाश की भुट्टा पार्टी, उधर कांग्रेस विधायक देते रहे धरना**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर धरने पर बैठ गए। कुछ विधायक विरोध जताने के लिए फर्श पर भी लेट गए। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने धरना खत्म कराने की कोशिश की, लेकिन विधायक नहीं माने। बाद में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी बातचीत के लिए पहुंचे। इस दौरान उनकी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से तीखी बहस हुई और कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की। सिंघार ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा युवाओं के प्रति की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी देशद्रोही कहने के विरोध में कांग्रेस विधायक दल का स्पष्ट संदेश है कि जब तक विजयवर्गीय माफी नहीं मांगते, तब तक यह विरोध जारी रहेगा। इधर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की भुट्टा पार्टी मंगलवार रात चल रही थी, वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस विधायक विधानसभा में सीएम कक्ष के बाहर धरना देते रहे।



---

बीडीए प्लॉट और सहकारी समिति की शिकायतें पहुंचीं

## नौ सौ परिवारों से बिल्डर ने वसूला विकास शुल्क, सड़क, पानी को तरसे

128 लोगों ने दर्ज कराई जनसुनवाई में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कॉलोनी में सड़क, पेयजल, सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट, पार्क, सुरक्षा, बाउंड्रीवाल और कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, जबकि कॉलोनी के 900 परिवारों से विकास शुल्क वसूल किया गया है। यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में रहवासियों ने दर्ज कराई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मामले की जांच कोलार एसडीएम प्रकाशचंद पांडे को सौंपी है। जनसुनवाई में पहुंचे 128 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। चिनार सेवन माइल कॉलोनी के रहवासियों ने 15 सालों से मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने और बिल्डर पर अनियमितताओं के आरोप लगाए।

#### हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष ने की वसूली

शुभम कॉलोनी निवासी गिरिश नरवरे ने कान्हा हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष पर विकास शुल्क के नाम पर अवैध वसूली और एनओसी रोकने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रति वर्गफीट 48 रुपए शुल्क मांगा जा रहा है। सरकारी छात्रावासों की बाउंड्रीवाल निर्माण करने वाले ठेकेदार नवनीत कुमार ने भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाष छात्रावास का 60 प्रतिशत और कस्तूरबा गांधी छात्रावास का 90 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। भारत नगर निवासी अनीश दुबे ने अमेरिका में बढ़ने वाले बेटे आर्यन का भोपाल में कक्षा नवमीं में एडमिशन के लिए कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी शिक्षा व्यवस्था में टीसी जारी नहीं होती, जबकि स्कूल द्वारा टीसी, आधार और समग्र आईडी मांगी जा रही है।

---

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम सामाजिक न्याय की सबसे बड़ी गारंटी : गोविंद सिंह



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम केवल खाद्यान्न वितरण की योजना नहीं, बल्कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का संवैधानिक आधार प्रदान करने वाला सामाजिक न्याय का सशक्त माध्यम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'गरीब कल्याण' के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में यह सुनिश्चित कर रही है कि राज्य का कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न के अधिकार से वंचित न रहे और भूखा न सोए। राजपूत भोपाल के कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राज्य खाद्य आयोग एवं केन्द्रीय नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 : प्रगति, चुनौतियां और भविष्य की दिशा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सचिव श्रीमन शुक्ला ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी।

---

### दिल्ली में युवाओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक: अजय सिंह

**भोपाल।** विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने दिल्ली में संसद घेराव कर रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ के खिलाफ आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है।



पिछले बारह वर्षों में अभी तक 113 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। दो साल पहले हुई पेपर लीक की जांच की रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई है। सिंह ने कहा कि कल दिल्ली में देश के भविष्य, हमारे युवा साथियों पर पुलिस द्वारा किया गया बर्बर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और अलोकतांत्रिक है। सिंह ने कहा कि नीट और अन्य परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक के खिलाफ जब देश का युवा संसद के

---

इंदौर लोकायुक्त का बड़ा एक्शन

## बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री की 258% काली कमाई



बेटे, बहू, दामाद और समधी के नाम मिली करोड़ों की फैक्ट्रियां

33 साल की नौकरी में कमाए 2 करोड़, मिली 7.16 करोड़ की अनुपातहीन संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। इंदौर के निधि वन कॉलोनी स्थित उनके आवास सहित कई ठिकानों पर आय से 258 प्रतिशत अधिक (लगभग 7.16 करोड़ रुपए) की बेनामी अचल संपत्ति, फैक्ट्रियां और निवेश का खुलासा हुआ है। सेमिल को 33 वर्षों की शासकीय सेवा के दौरान कुल 2 करोड़ रुपए का वेतन मिला। लेकिन जांच में उनके और रिश्तेदारों के नाम पर 6.50 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश और संपत्तियां पाई गईं।

#### फैक्ट्रियों का जाल

जांच में सामने आया कि सेमिल ने अपने पद का दुरुपयोग कर पूरे परिवार और रिश्तेदारों के नाम पर औद्योगिक साम्राज्य खड़ा कर रखा था। पीथमपुर में बेटे शुभम के नाम 1.25 करोड़ की शुभम इलेक्ट्रिकल (ट्रांसफार्मर फैक्ट्री) और बहू के नाम कनिष्क पावरजोन फर्म के तहत दो औद्योगिक भूखंड (लागत 1 करोड़) मिले। वहीं धार (उज्जैनी औद्योगिक क्षेत्र) में दामाद और बेटे के नाम एसएस इलेक्ट्रिकल्स (लागत 1.50 करोड़), कृष्णा पावर और समधी के नाम ए वन इलेक्ट्रिकल फैक्ट्रियां पाई गईं।

---

### पति ने लगाए पत्नी पर दूसरी महिला से संबंध में आरोप

**भोपाल।** मप्र राज्य महिला आयोग में नई नियुक्तियों के बाद लगातार जनसुनवाई की जा रही है। एक मामला आयोग ने सुनवाई के दौरान आया है, जिसमें सरकारी विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर बनने के बाद पत्नी ने पति पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए और बच्चे के साथ मायके चली गई। उसने शादी के 20 साल बाद महिला आयोग में शिकायत करते हुए तलाक की मांग किया। सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर पति को आयोग ने सुनवाई के लिए बुलाया। पति ने बेंच के सामने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ रहना चाहता है। इस उम्र में अकेला कहां जाएगा? दूसरे मामले में पति ने अपनी पत्नी पर एक महिला के साथ अवैध संबंध रखने के आरोप लगाए। पति ने कहा- मुझे पत्नी से जान का खतरा है। पत्नी ने पति पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने, जबरन अबॉर्शन कराने और दहेज के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। ये दोनों केस सोमवार को आए।

---

प्रथम बैठक की 70वीं वर्षगांठ के अवसर आयोजन

दो वर्ष के कार्यकाल में सदन में अध्यक्ष तोमर के वक्तव्यों, नवाचारों व व्यवस्थाओं को किया रेखांकित

# 16वीं विधानसभा की दो वर्ष की उपलब्धियों पर पुस्तक 'विधान से जनकल्याण' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र की पहली विधानसभा की प्रथम बैठक की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर तथा नारी शक्ति वंदन के अवसर पर दो विशेष सत्रों का आयोजन, मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के युवा विधायकों का सम्मेलन, वेल ऑफ द हाउस के विधानसभा सचिवालयीन अधिकारियों के लिए विशेष गणवेश की व्यवस्था तथा दिवगंत विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम की शुरुआत जैसे नवाचार 16वीं विधान सभा के दो वर्षीय कार्यकाल की यादगार उपलब्धियां हैं।

सत्र समाप्त तो प्रश्न नहीं होंगे समाप्त, प्रथम निर्वाचित सदस्यों को बोलने के ज्यादा अवसर, मंगलवार को सिर्फ महिला एवं प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों के ही प्रश्न लिये जाने जैसे निर्णय इस कार्यकाल की प्रशंसनीय पहल मानी गई है। इन विशिष्टताओं रेखांकित करती एक पुस्तक विधान से जनकल्याण- 16वीं विधानसभा कार्यकाल के 2 वर्ष का विमोचन हुआ।




**विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन**

पुस्तक का विमोचन पंचम विधानसभा के सदस्य, पूर्व मंत्री तथा पूर्व विधायक मंडल के अध्यक्ष जसवंत सिंह और नवम विधानसभा के सदस्य तथा पूर्व विधायक परिषद के अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में हुए इस आयोजन में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक अरुण भीमावद, विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा आदि उपस्थित थे।

#### आलेखों को समाहित किया

इस पुस्तक में 16वीं विधानसभा के दो वर्ष के कार्यकाल में सदन में अध्यक्ष तोमर द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण वक्तव्यों व व्यवस्थाओं, विधान सभा की समितियों एवं उनके सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों, नवाचारों, विधान सभा में आयोजित प्रमुख संसदीय सम्मेलनों, विशेष सत्रों, ई-विधान, राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन/पीठासीन अधिकारी सम्मेलनों में अध्यक्ष तोमर की सहभागिता एवं संसदीय, संवैधानिक तथा सम-सामयिक विषयों पर अध्यक्ष तोमर के आलेखों को समाहित किया गया है।

---

### भाजपा देती है समर्पित कार्यकर्ता को अवसर : डॉ. महेंद्र सिंह



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने मंगलवार को दतिया स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय से विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रचार रथों के माध्यम से सभी मंडलों में भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश अब घर-घर और गांव-गांव तक पहुंचेगा।

---

## सीएम से मिले श्याम सेल एंड पॉवर कम्पनी के पदाधिकारी

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि उद्योगपति और निवेशक प्रदेश में निवेश करने में रूचि दर्शा रहे है। उन्होंने कहा कि समृद्धशाली देश के दिल में निवेश करने के इच्छुक प्रत्येक निवेशक का दिल से स्वागत है। मुख्यमंत्री से मंगलवार को मप्र विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में श्याम सेल एंड पावर कम्पनी लिमिटेड के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। कम्पनी के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर संजय अग्रवाल एवं चीफ आपरेटिंग आफिसर दीपक कुमार गौर ने मुख्यमंत्री को कम्पनी की भावी परियोजनाओं की जानकारी दी। निवेशकों ने बताया कि उनकी कंपनी स्टेनलेस स्टील बनाती है। धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में उनकी एक निर्माण इकाई पहले से ही संचालित है। इस निर्माण इकाई में कंपनी ने 550 करोड़ रुपए का निवेश कर 1300 लोगों को रोजगार दिया है। कंपनी पीथमपुर में ही अपनी दूसरी उत्पादन इकाई प्रारंभ करना चाहती है। कंपनी इसमें करीब 1000 करोड़ रुपए का निवेश कर 1000 से अधिक लोगों को रोजगार देने की मंशा रखती है। इसके लिए उन्हें पीथमपुर में ही अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन्हें अतिरिक्त भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया।

दूसरे दिन भी जमकर हंगामा

# कोई अहम कामकाज नहीं हुआ, दोनों सदनों में कार्यवाही हुई स्थगित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक मामले और इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज किए जाने के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार को एक बार के स्थगन के बाद दूसरी बार दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण राज्यसभा और लोकसभा में कार्यवाही बाधित हुई और प्रश्नकाल एवं शून्यकाल नहीं हो सके। इसके बाद विपक्ष के भारी हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## हंगामे के चलते लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सके

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें। प्रश्नकाल के बाद उचित नियम प्रकियाओं के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर दिया जाएगा

### छात्रों से माफी मांगें पीएमः राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों के विरोध मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई पर पीएम की चुप्पी पर सवाल उठाया। राहुल



गांधी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की और सदन में छात्रों पर हुई 'बर्बरता' पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ, मोदी जी ने उसके लिए अब तक माफी तक नहीं मांगी है। युवा शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर दिया गया है।



संसद के बाहर प्रदर्शन करते समाजवादी पार्टी के सांसद

### आंदोलन पर सरकार बहस को तैयार

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से सदन चलाने में सहयोग की अपील की है। सरकार का कहना है कि वह महत्वपूर्ण जनहित के विषयों पर चर्चा से पीछे नहीं हट रही। उधर, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संकेत दिए हैं कि यदि छात्रों के मुद्दे पर सार्थक चर्चा कराई जाती है तो वे तैयार हैं।

### पुलिस ने दर्ज की 4 एफआईआर

कॉकरोच जनता पार्टी और किसान संगठनों द्वारा 20 जुलाई को आयोजित ‘संसद चलो’ मार्च के दौरान हुई हिंसा, तोड़फोड़ और अन्य घटनाओं के संबंध में दिल्ली पुलिस ने अब तक चार प्राथमिकी दर्ज की हैं तथा वह दो अन्य मामले दर्ज करने की प्रक्रिया में है। ये मामले संसद मार्ग, कनॉट प्लेस और अन्य थानों में दर्ज किए गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), शस्त्र कानून और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के कई प्रावधानों को शामिल किया गया है। पुलिस ने बताया कि मारपीट, कानून अपने हाथ में लेने और अन्य संबंधित अपराधों के संबंध में दो और प्राथमिकी तैयार की जा रही हैं।

### पुलिस बल प्रयोग सही नहीं



सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नीट पेपर लीक को लेकर सोमवार को राजधानी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया और यह सही नहीं है।

### प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करें।

### घायल प्रदर्शनकारियों का हाल जाना



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राम मनोहर लोहिया और लेडी हार्डिंग अस्पतालों का दौरा किया तथा प्रदर्शनकारियों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। नड्डा ने छात्रों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की भी समीक्षा की।

भाजपा ने राहुल गांधी के धरने पर उठाए सवाल

# नबीन बोले- नेता प्रतिपक्ष राहुल ने जो कृत्य किया, वो पूरी तरह से अशोभनीय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में धरने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि जिस प्रकार से नेता प्रतिपक्ष ने कृत्य किया है वो पूरी तरह से अशोभनीय है निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष जिस गरिमा का पद है उस पद को भी राहुल गांधी गंभीरता से नहीं लेते हैं ये उनके व्यवहार में दिखा। लोकतंत्र में विरोध और अराजकता दोनों अलग-अलग शब्द है। विरोध जब मर्यादा की हदों को पार कर जाती है वो अराजकता बन जाती है। राहुल गांधी विरोध की राजनीति नहीं अराजकता वादी राजनीति के परिचायक बनते जा रहे हैं।

# आंदोलन को कमजोर करने की साजिश है कांग्रेस का धरनाः आप सांसद सिंह

## बॉलीवुड बोला- युवा देश के भविष्य के वास्तविक निर्माता उनका समर्थन करें और उन्हें सशक्त बनाएं



### पीएम मोदी ने राहुल को अपने आवास पर बैठने दिया

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक महीने से आंदोलन को गाली दे रही है, अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि जंतर मंतर नहीं हमारे धरने में शामिल हो। आखिर युवाओं के आंदोलन को क्यों कमजोर करना चाहती है कांग्रेस? जंतर मंतर के आंदोलन में शामिल होने की अपील क्यों नहीं करती कांग्रेस? कॉकरोच जनता पार्टी के धरने को कमजोर करने के लिए पीएम मोदी ने राहुल गांधी को अपने आवास पर धरने पर बैठा दिया।

### छात्रों की आवाज सुनी जाएः रितेश

अभिनेता रितेश देशमुख और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन किया। देशमुख ने 'एक्स' पर कहा कि छात्रों की आवाज बिना किसी डर के, स्पष्ट और बुलंद तरीके से सुनी जानी चाहिए। हम अपने देश के



युवाओं के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उनकी आवाज बुलंद, स्पष्ट और बिना किसी भय के सुनी जानी चाहिए। वे हमारे लोकतंत्र की धड़कन हैं और देश के भविष्य के वास्तविक निर्माता हैं। आइए, उनकी बात सुनें, उनका समर्थन करें और उन्हें सशक्त बनाएं। हमारे युवाओं की ऊर्जा, साहस और सपने उसी भारत का निर्माण करेंगे जिसकी हम कल्पना करते हैं। जय हिंद।

### कॉजपा का प्रदर्शन 'नौटंकी': बावनकुले

महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शन को सरकार को बदनाम करने के लिए रची गई 'नौटंकी' करार देते हुए खारिज कर दिया।



उन्होंने दावा किया कि युवाओं के बीच इस मुद्दे को लेकर जानबूझ कर आक्रोश पैदा किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बचाव करते हुए संसद की ओर कॉजपा के विरोध मार्च के दौरान कथित पथराव की घटनाओं की गहन जांच की मांग की।

## दिल्ली में किसान महापंचायत से पहले हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर सील किया

**अंबाला।** पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में महापंचायत में शामिल होने दिल्ली जा रहे किसानों को रोकने के लिए शंभू बॉर्डर पर अवरोधक लगाए जाने को लेकर मंगलवार को हरियाणा सरकार की आलोचना की। पंजाब के विभिन्न इलाकों से किसान अपने-अपने संगठनों के झंडे लिए मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने के लिए शंभू बॉर्डर पर इकट्ठा हुए। 'देश बचाओ मोर्चा' के बैनर तले दिल्ली के किसान घाट पर एक दिवसीय 'किसान महापंचायत' का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। किसानों को रोकने के लिए घग्गर नदी पर बने पुल पर अवरोधक लगाए गए हैं और सीमेंट के



ब्लॉक रख दिए गए हैं। भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने बिना किसी पूर्व सूचना के शंभू बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिया है। किसानों का काफिला मंगलवार सुबह गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब से रवाना हुआ। एक हजार से अधिक किसानों का काफिला जीटी रोड पर सरहिंद के निकट माधोपुर पहुंचा और वहां से शंभू बॉर्डर की ओर बढ़ा। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में किसानों ने दावा किया कि उन्हें ज्योतिसर के पास रोक दिया गया।

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी पटरी से उतरी 85 ट्रेनें प्रभावित हुईं

**नई दिल्ली।** दिल्ली डिवीजन के गाजियाबाद-नई दिल्ली रेल मार्ग पर मंगलवार 21 जुलाई 2026 को एक



मालगाड़ी के 6 भरे हुए डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके बाद रेलवे ने 85 से ज्यादा ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। यह रेल मार्ग दिल्ली-हावड़ा रूट का हिस्सा है। उत्तरी रेलवे के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है।

### घर में लगी आग, मां और दो बेटियों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोधी कॉलोनी के बीके दत्त कॉलोनी की एक इमारत की सबसे ऊपरी



मंजिल पर लगी भीषण आग में एक ही परिवार की 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 45 साल की महिला और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। बेटियों की उम्र करीब 7 और 13 साल बताई जा रही है। सुबह करीब 10:21 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर एक महिला का घबराया हुआ फोन आया।

### श्रीगंगानगर में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में मंगलवार को एक कृत्रिम जलाशय में दो सगे भाइयों की




डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह रायसिंहनगर क्षेत्र के 56 एनपी गांव में हुई, जहां दोनों भाई खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पाइप ठीक करते समय 20 वर्षीय राजदीप सिंह का पैर फिसल गया और वह पानी से भरी डिग्गी में गिर गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जारी किया नोटिस

# पर्यावरण राहत कोष के 1,000 करोड़ सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को देने पर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से जवाब मांगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पर्यावरण राहत कोष में जमा



1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अब तक उपयोग नहीं किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष जबलपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञान प्रकाश की ओर से कहा गया कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े इस राहत कोष का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था।

याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए।

> याचिकाकर्ता के प्रयासों की तारीफ करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2019 में दायर इस जनहित याचिका में पर्यावरण राहत कोष के कथित गैर-उपयोग का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने कहा कि वर्ष 2020 तक इस कोष में कुल 881 करोड़ रुपए इकट्ठा किए गए थे, जो बाद में बढ़कर 1,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गए

*2008 में बनी थी योजना अब इसमें करोड़ों रुपए*

### 2008 से किसी को नहीं दी राशि

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पर्यावरण राहत कोष योजना वर्ष 2008 में बनाई गई थी, लेकिन इसके तहत अब तक किसी भी लाभार्थी को कोई राशि वितरित नहीं की गई है। जब अदालत को बताया गया कि इस कोष का प्रबंधन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर रहा है, तब पीठ ने केंद्र सरकार और बोर्ड के सदस्य सचिव को नोटिस जारी कर कोष के उपयोग या गैर-उपयोग के संबंध में विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने केंद्र सरकार और सीपीसीबी से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि इस कोष के उपयोग के लिए कोई व्यवस्था या योजना मौजूद है या नहीं, और अगर है तो अब तक राशि का वितरण क्यों नहीं किया गया?

### दौसा विस्फोट मामले में मौत की सजा रद्द

करीब तीन दशक पहले राजस्थान के दौसा जिले में हुए भीषण बस विस्फोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए दोषी अब्दुल हमीद की सजा रद्द करते हुए उसके खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। साथ ही उम्रकैद की सजा पाए पप्पू उर्फ सलीम को बरी कर दिया है। इसके अलावा राजस्थान हाई कोर्ट की ओर से छह आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील भी खारिज कर दी गई। इस फैसले के साथ लगभग 30 साल पुराने इस मामले में न्यायिक प्रक्रिया एक बार फिर नए चरण में पहुंच गई है।

### एल्गार परिषद केसः तीसरे जज ने सुनवाई से खुद को किया अलग

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर ने 2018 के एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। गाडलिंग की याचिका जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ के सामने सूचीबद्ध थी। जस्टिस मिश्रा ने कहा, यह किसी दूसरी पीठ के पास जाएगा, मेरे साथी जज को कुछ परेशानी है।

### केरल वक्फ बोर्ड की स्वयत्तता जरूरी

सर्वोच्च अदालत ने केरल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का वह हिस्सा हटा दिया, जिसमें केरल वक्फ बोर्ड को राज्य सरकार के संयुक्त सचिव की निगरानी में काम करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की स्वायत्तता बनाए रखना जरूरी है, संयुक्त सचिव, उसी हैसियत से अपना कार्य जारी रखेंगे।

'हेट स्पीच' मामले में मोइत्रा को राहत

## हाईकोर्ट ने पुलिस कार्रवाई पर लगाई रोक, जांच जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को कथित 'हेट स्पीच' मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट से



अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ 5 अक्तूबर तक किसी भी तरह की सख्त पुलिस कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हालांकि अदालत ने साफ किया कि यह राहत तभी तक लागू रहेगी, जब तक महुआ मोइत्रा जांच में पूरा सहयोग करें और अदालत की ओर से तय सभी शर्तों का पालन करें। इस आदेश के बाद फिलहाल उनकी गिरफ्तारी या अन्य सख्त कार्रवाई पर रोक लग गई है, लेकिन जांच जारी रहेगी।

### मोनालिसा को फिर मिली पुलिस सुरक्षा

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रयागराज कुंभ मेले में एक वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आई मोनालिसा को फिर से पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया। युवती ने दावा किया था कि कई समूह उसका पीछा कर रहे हैं और उसके ठिकाने के बारे में जानकारी फैला रहे हैं। पुलिस द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद कि उसका पता नहीं लगाया जा सका है, उच्च न्यायालय ने 10 जुलाई को उसे पुलिस सुरक्षा प्रदान करने वाले अपने पूर्व आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया था कि जब भी लड़की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए उनके पास आए तो पुलिस उसकी सुरक्षा करे।

### चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे ठाकरे



*मुंबई। केंद्रीय चुनाव आयोग के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आयोग द्वारा शिवसेना का चुनाव चिन्ह धनुष-बाण फ्रीज किए जाने के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर की गई है। उद्धव ठाकरे गुट का आरोप है कि चुनाव आयोग ने हमारे द्वारा भेजे हुए कागजातों की ठीक से जांच पड़ताल न करते हुए पार्टी का चुनाव चिन्ह फ्रीज किया है। उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से इस मामले को तत्काल सुनने की भी अर्जी की गई थी हालांकि, इस मामले पर आज या फिर कल सुनवाई हो सकती हैं। शिवसेना की तरफ से पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की अटकलें चल रही थी लेकिन बाद में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है।*

अवैध रेत खनन पर एनजीटी सख्त

## राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को नियामक ढांचा बनाने के निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने अवैध रेत खनन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए





सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बड़ा निर्देश दिया है। एनजीटी ने कहा कि वे ऐसा व्यापक नियामक ढांचा तैयार करें, जिससे मानसून के बाद निजी कृषि भूमि से रेत हटाने के नाम पर किए जाने वाले अवैध व्यावसायिक खनन पर रोक लगाई जा सके।

### नए साधनों का करें उपयोग

एनजीटी ने रेत के जमाव और निकासी की निगरानी के लिए उपग्रह चित्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों के इस्तेमाल का भी सुझाव दिया। एनजीटी ने कहा कि कृषि भूमि से रेत हटाने की आड़ में होने वाले अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए नवीनतम वैज्ञानिक और तकनीकी साधनों का उपयोग जरूरी है।

क्रिप्टो इंडस्ट्री में निवेशकों को टोकन नहीं दिए जाने का मामला

# ईडी ने जांच में पाया 337 अरब रुपए से अधिक का घोटाला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बेंगलुरु जोनल ऑफिस ने पीएमएलए के तहत एक ऐसे मामले की जांच की है, जिसमें आरोपियों ने क्रिप्टो इंडस्ट्री में खुद को 'की ओपिनियन लीडर्स' बताकर 35 मिलियन यूएस डॉलर (337 अरब रुपए) का घोटाला कर दिया। यह जांच साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, साउथ अंडमान में दर्ज एफआईआर के आधार पर की जा रही है। एक डच कंपनी ने इस घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। कंपनी ने आरोप लगाया है कि वर्चुअल डिजिटल एसेट्स में 'ओवर-द-काउंटर' (ओटीसी) ट्रेड के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। आरोपियों ने निवेशकों को डिस्काउंट पर क्रिप्टो टोकन देने का वादा करके धोखा दिया, लेकिन ये टोकन कभी भी पूरी तरह से नहीं दिए गए।





'ओवर-द-काउंटर' ट्रेड के नाम पर किया घोटाला | बड़े क्रिप्टो प्रोजेक्ट्स से गारंटीड लाभ देने का वादा

### आरोपियों ने किया था झूठा दावा

ईडी के मुताबिक, मोहम्मद वसीम, सौरभ दीवान और वैभव गुप्ता नाम के आरोपियों ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीतने के लिए प्राइवेट टेलीग्राम ग्रुप, आमने-सामने की मीटिंग और झूठी जानकारी का इस्तेमाल किया। उन्होंने शुरुआत में छोटे-मोटे क्रिप्टोकरेंसी ओटीसी ट्रांजैक्शन आसानी से पूरे किए, ताकि शिकायतकर्ता को बड़ी रकम निवेश करने के लिए उकसाया जा सके।

### लाखों डॉलर मिलते ही डिजिटल टोकन देना बंद

शिकायतकर्ता से लाखों डॉलर का निवेश मिलने के बाद, जब बाजार की स्थिति बेहतर हुई तो आरोपियों ने अचानक डिजिटल टोकन देना बंद कर दिया। जो वादा उन्होंने निवेशकों से किया था, एकाएक उसका वितरण रोक दिया गया। इन्फ्लुएंसर्स ने क्रिप्टो वॉलेट के जरिए जो लाखों डॉलर का निवेश हासिल किया था, उसे बेंगलुरु के रवींद्र के. को भेजा गया।

### डिजिटल डिवाइस और ईमेल वॉलेट से मिले सबूत

ईडी को पीएमएलए, 2002 के तहत की गई तलाशी में ऐसे डिजिटल डिवाइस और ईमेल वॉलेट जैसे सबूत मिले हैं, जिनका इस्तेमाल अपराध से हुई कमाई को इधर-उधर करने में किया गया था। तलाशी के दौरान अपराध से हुई कमाई के तौर पर 8700 यूएस डॉलर की कीमत वाली वर्चुअल डिजिटल एसेट्स भी जब्त की गईं। तलाशी में यह भी सामने आया कि कई विदेशी संस्थाओं/निवेशकों के साथ भी आरोपियों ने इसी तरह धोखाधड़ी की है।

## ब्रिटेन में नए पीएम बर्नहैम ने नए कैबिनेट के चेहरों का खुलासा किया

# ब्रिटेन की नई सरकार में भारत का डंकाः बिहार के कनिष्क नारायण बने एआई मंत्री, लीजा नंदी को मिली संस्कृति मंत्रालय की कमान

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के तकनीकी विशेषज्ञों का डंका अमेरिका से लेकर यूरोप तक बोलता रहा है। अब इसमें एक और सितारा जुड़ गया है। नाम है- कनिष्क नारायण। दरअसल, ब्रिटेन में नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने अपने नए कैबिनेट के चेहरों का सोमवार को खुलासा किया। इनमें भारत से जुड़े दो चेहरों को शामिल किया गया है। एक नाम कनिष्क नारायण और दूसरा नाम लीजा नंदी का। जहां कनिष्क को ब्रिटेन में नवगठित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मामलों का मंत्रालय सौंपा गया है, वहीं लीजा को संस्कृति मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों चेहरों का ही भारत से जुड़ाव रहा है। जहां लीजा पश्चिम बंगाल से नाता रखती हैं तो वहीं कनिष्क बिहार से। दोनों ही नेता दूसरी पीढ़ी के भारतवंशी हैं। यानी इनके पिता का जन्म भारत में ही हुआ था। बता दें इससे पहले ब्रिटेन में भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री और प्रीति पटेल एवं सुएला ब्रेवरमैन गृह मंत्री रह चुके हैं।

**कनिष्क का परिवार बिहार का है और लंबे समय से ब्रिटेन में है**

**लीजा का परिवार पश्चिम बंगाल से है वे लंदन से पढ़ी हैं**



ब्रिटेन का संसद भवन

### कनिष्क नारायण



कनिष्क नारायण ब्रिटेन में एक प्रमुख भारतीय मूल के नेता हैं। उन्हें वेल्स के पहले जातीय अल्पसंख्यक सांसद होने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त है। उन्होंने कैथेस हाई स्कूल से पढ़ाई करने के बाद, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र (पीपीई) में बीए और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री (एमबीए) हासिल की है। राजनीति में कदम रखने से पहले, उन्होंने अमेरिका की सिलिकॉन वैली और ब्रिटेन में ग्लोबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम किया है। वह निवेश बैंक लजॉर्ड में काम कर चुके हैं, जहां उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों और वित्त मंत्रालय के सलाहकार के तौर पर काम किया।

#### बिहार में जन्म दिल्ली में पढ़ाई

कनिष्क नारायण का जन्म बिहार के मुजफ्फरपुर में हुआ था। उन्होंने अपने बचपन के शुरुआती साल भारत में ही बिताए। कनिष्क के पिता संतोष कुमार और मां चेतना सिन्हा एसकेजे लॉ कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली चले गए। ऐसे में तीसरी कक्षा तक मुज्जफरपुर में पढ़े कनिष्क की आगे की पढ़ाई दिल्ली के एपीजे स्कूल से हुई। बाद में 12 वर्ष की उम्र में उनके माता-पिता भारत से ब्रिटेन के वेल्स स्थित कार्डिफ में बस गया।

### लीजा नंदी



लीजा नंदी ब्रिटेन की एक प्रमुख भारतीय मूल की नेता हैं, जो ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम के मंत्रिमंडल में संस्कृति मंत्री नियुक्त की गई हैं। उन्होंने न्यूकैसल यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में पढ़ाई की और बाद में लंदन की बिर्कबेक यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहले उन्होंने बेघर लोगों के लिए काम करने वाली संस्था सेंटरप्वाइंट और द चिल्ड्रन सोसाइटी में वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में काम किया।

#### भारत से जुड़ाव

लीजा नंदी के पिता दीपक नंदी भारत में पश्चिम बंगाल के कोलकाता से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता एक बंगाली मार्क्सवादी प्रोफेसर और शिक्षाविद रहे। वहीं, उनकी मां लुईस बायर्स, ब्रिटिश मूल की हैं। अपने पिता के जरिए ही लीजा को भारतीय-ब्रिटिश मूल की नेता माना जाता है। उनकी एक पहचान यह भी है कि उनके नाना फ्रैंक बायर्स, एक लिबरल सांसद थे, जो बाद में हाउस ऑफ लॉर्ड्स (ब्रिटिश संसद के उच्च सदन) में भी रहे।

## खबर संक्षेप

### ईरानी अधिकारी ने पाक मध्यस्थों से मुलाकात की



**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध-विराम को लेकर हुए अंतरिम समझौते के विफल होने के बाद तेहरान के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को पाकिस्तान में मध्यस्थों के साथ बातचीत शुरू की। दो अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मुनीर से मुलाकात की। हालांकि, अधिकारियों ने बैठक के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी।

### यूएई ने बाढ़ पीड़ितों के प्रति जताई संवेदना



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारी बारिश के कारण भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई जनहानि और नुकसान को लेकर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति मंगलवार को संवेदना प्रकट की। यूएई का यह संदेश ऐसे समय आया है जब देश के कई हिस्से लगातार हो रही बारिश से प्रभावित हैं। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, बाढ़ पीड़ितों के प्रति भारत गणराज्य के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है।

## यूक्रेन तट पर मर्चेंट जहाज पर रूसी मिसाइल का हमला

# भारत के 4 नाविकों की मौत पर भारत सख्त, रूसी राजनयिक को किया तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच समुद्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर एक बेहद दुखद और गंभीर घटना सामने आई है। यूक्रेन के तट के पास ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एक नागरिक मर्चेंट जहाज पर हुए रूसी हमले में चार भारतीय नाविकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य भारतीय नाविक गंभीर रूप से घायल है। इस घटना पर भारत ने अत्यंत कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को नई दिल्ली में रूस के चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) को विदेश मंत्रालय में तलब किया और अपनी सख्त नाराजगी दर्ज कराई। घटना 19 जुलाई की शाम की है, जब गिनी-बिसाऊ के झंडे वाला कमर्शियल जहाज एमवी गोल्डन लियो यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से आगे बढ़ रहा था। यूक्रेनी वायु सेना और विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस जहाज पर रूसी क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया।

घटना के समय जहाज पर कुल 17 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक भी शामिल थे। हमले की चपेट में आने से चार भारतीयों की जान चली गई। रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से समुद्री व्यापारिक मार्ग पर भारतीय नाविकों की मौत का यह पहला दुखद मामला है। विदेश मंत्रालय ने रूसी राजनयिक से स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक निर्दोष और नागरिक कमर्शियल जहाज को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इस हमले की तीव्र निंदा की और कहा कि बेगुनाह आम नागरिकों और क्रू सदस्यों की जान खतरे में डालना बेहद निंदनीय है। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र या समुद्री व्यापारिक मार्गों पर नेविगेशन और व्यापार की आजादी में बाधा डालना किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता।

**कमर्शियल शिप पर हमला, भारत ने रूस को सुनाई खरी-खरी**

**एमईए ने कहा क्रू सदस्यों की जान खतरे में डालना निंदनीय**

**भारत ने कहा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिए**



राजनायिक वाहन से उतरे सीधे दफ्तर में प्रवेश कर गए, चित्र उसी अवसर का

### जहाज पर तीन क्रूज मिसाइलों से हुआ था हमला

यूक्रेनी नौसेना के अनुसार, रूस ने गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले जहाज पर तीन क्रूज मिसाइलों से हमला किया। इस जहाज पर भारत और सीरिया के क्रू सदस्य सवार थे। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी क्रूज मिसाइलों के हमले से जहाज में आग लग गई। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। एमवी गोल्डन लियो एक जनरल कार्गो शिप था और घटना के समय इस पर 17 क्रू मेंबर सवार थे। यूक्रेन के सीपोर्ट अथॉरिटी ने सोमवार को बताया कि मरने वालों में गोल्डन लियो के नौ क्रू मेंबर और पोर्ट का एक यूक्रेनी पायलट शामिल था।

जानकारी के अनुसार, एमवी गोल्डन लियो मुंबई की कंपनी ओशन ग्रेस शिपिंग लिमिटेड की है। हाल के हफ्तों में रूस के हमले तेज होने के कारण ओडेसा इलाके और यूक्रेन के समुद्री रास्ते से सामान भेजने वाले आखिरी बचे कॉरिडोर पर लगातार हमले हो रहे हैं। मॉस्को ने उन विदेशी झंडे वाले कार्गो जहाजों पर हमला किया है जो रोमानिया और बुल्गारिया के तट से होते हुए तुर्की तक सामान ले जाते हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने इस हमले की पुष्टि की है। सिबिहा ने कहा, ₹एक आम नागरिक जहाज। एक अंतरराष्ट्रीय क्रू। एक ऐसा रास्ता जो दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मदद करता है। पुतिन को एक और निशाना मिल गया।

#### भारत हमेशा ही कूटनीति का पक्षधर रहा है

विदेश मंत्रालय ने इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले भारतीय नाविकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और अस्पताल में भर्ती घायल भारतीय नाविक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इसके साथ ही, यूक्रेन स्थित भारतीय मिशन इस पूरी स्थिति पर चौबीसों घंटे बारीकी से नजर बनाए हुए है। भारतीय दूतावास प्रभावित परिवारों और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है ताकि पीड़ित परिवारों को हर संभव कूटनीतिक और मानवीय सहायता जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके। भारत ने हमेशा से ही रूस-यूक्रेन विवाद को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाने की वकालत की है। हालांकि, अपने नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि व्यापारिक जहाजों और आम नागरिकों को युद्ध का शिकार बनाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भारत की बढ़ सकती है टेंशन

# अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अध्यक्ष बने पाक मूल के डॉ. आसिफ

**डॉ. आसिफ भारत विरोधी बयानों के लिए कुख्यात हैं**



डॉ. आसिफ महमूद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान मूल के डॉक्टर आसिफ महमूद को यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह आयोग अमेरिका की संघीय सरकार के अंतर्गत काम करता है, जिसमें दोनों पार्टियों रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक के सदस्य शामिल होते हैं। हालांकि, इसके अध्यक्ष के रूप में डॉ आसिफ महमूद की नियुक्ति को भारत के लिए बड़ा झटका बताया जा रहा है। आसिफ महमूद खुले तौर पर भारत का विरोध करते रहे हैं। सोमवार को एक बयान में, यूएससीआईआरएफ ने महमूद को सर्वसम्मति से पैनल का अध्यक्ष और सीसी हील को 2026-27 कार्यकाल के लिए उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। महमूद एक प्रैक्टिसिंग पल्मोनोलॉजिस्ट (फेफड़ों के विशेषज्ञ), मानवाधिकार कार्यकर्ता और समाजसेवी हैं। आयोग की वेबसाइट पर कहा गया है, दुनिया भर के संकटग्रस्त इलाकों - जिनमें कश्मीर, टिग्रे और संघर्ष वाले अन्य क्षेत्र शामिल हैं - में उनके वैश्विक वकालत के काम और मानवीय प्रयासों ने लोगों की जान बचाने में मदद की है। कैलिफोर्निया मेडिकल बोर्ड के दो बार सदस्य रहे डॉ. महमूद मरीजों के अधिकारों की पुरजोर वकालत करते हैं और सभी समुदायों के लिए बेहतर मेडिकल कवरेज सुनिश्चित करने की दिशा में काम करते हैं।

#### भारत विरोधी आते रहे बयान

डॉ.आसिफ और यूएससीआईआरएफ का भारत विरोधी होने का इतिहास है। दोनों ने ही कई मौकों पर भारत के खिलाफ जमकर गलतबयानी की है। डॉ आसिफ महमूद कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगलते रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान में मानवाधिकारों के हालात पर उनकी जुबान बंद रहती है। वहीं, यूएससीआईआरएफ कई बार अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित कर चुका है। भारत ने हर बार यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को मनगढ़ंत, भ्रामक और जानबूझकर बदमाशी बताते हुए खारिज किया है। और बार इस भ्रामक तथ्यों की पोल भी खुलती रही है।

## ईरान के 9 शहरों पर अमेरिका ने किए हमले

# अब अमेरिका ने माना-ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने मान लिया है कि ईरान के जवाबी हमलों में उसके करीब 100 सैनिक घायल हुए हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये सैनिक 7 जुलाई के बाद हुए हमलों में घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक ठीक होकर ड्यूटी पर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर को सिर पर हल्की चोट लगी थी। पार्नेल ने यह बयान स्थानीय मीडिया के सवाल के जवाब में दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रक्षा मंत्रालय ईरान के साथ युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रहा है। पार्नेल ने कहा कि इसमें जानबूझकर देरी हुई। ऐसा सैनिकों की सुरक्षा को



धमाके बीती रात भी जारी रहे

ध्यान में रखते हुए किया गया। उधर अमेरिका और ईरान के बीच लगातार हमले जारी हैं। ईरान ने सोमवार को उन देशों को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान के 9 शहरों पर हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक अबदानान, बंदर अब्बास, बंदर लेंगेह, बुशेहर, चाबहार, केश्म द्वीप, सीरिक, शीराज और कोनारक को निशाना बनाया गया। 28 फरवरी से शुरू हुए ईरान युद्ध में अब तक 17 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 430 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरानी अधिकारियों का कहना है कि इस महीने शुरू हुए अमेरिकी हमलों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत और 517 लोग घायल हुए हैं।

## शिवसागर, जोरहाट और चराइदेव जिलों में इंजीनियरिंग टास्क फोर्स ने संभाला मोर्चा

# असम में आई भीषण बाढ़ के बीच सेना ने शुरू किया जल राहत अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम में आई भयंकर बाढ़ के बीच मंगलवार से भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन जल राहत-तीन' नामक राहत एवं बचाव अभियान की शुरुआत कर दी है। जिसके तहत बल की इंजीनियरिंग टास्क फोर्स (ईटीएफ) के जवान खासतौर पर राज्य के शिवसागर, जोरहाट और चराइदेव जैसे जिलों में राहत-बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन को भरपूर मदद प्रदान की जा रही है। एक बयान के जरिए सेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ईटीएफ की मदद से थलसेना ने तीन विशेष बाढ़ राहत दल राज्य में तैनात किए हैं। जो कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में आम लोगों को बचाने, जलभराव के बीच मुसीबत में घरों में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने और मानवीय सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर सेना द्वारा यह राहत-बचाव अभियान चलाया गया है। जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) व अन्य प्रतिक्रिया एजेंसियां भी शामिल हैं।

**थलसेना ने तीन विशेष बाढ़ राहत दल राज्य में तैनात किए हैं, ये पूरे इलाके में नजर रखेंगे और लोगों की सुरक्षा करेंगे**

**आम लोगों को बचाने, जलभराव के बीच मुसीबत में घरों में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने और सहायता करने में लगे हुए हैं**

### अब तक 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया



सेना ने बताया कि चराइदेव जिले के सोनारी से बल की राहत टीम, ईटीएफ और क्विक रिएक्शन टीम ने मिलकर राहत अभियान चलाया है। जिसमें अकेले सेना ने अब तक 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। 150 लोगों में 73 पुरुष, 47 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। इन सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। शिवसागर जिले में गरगांव कॉलेज से सेना का बाढ़ राहत दल स्थानीय प्रशासन के साथ प्रभावित इलाकों में राहत अभियान में जुटा हुआ है। इसके अलावा जोरहाट के मरियानी में सेना की एक राहत टीम तैनात की गई है। जो प्रशासन के साथ जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने के लिए पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है। साथ ही एक अन्य आरक्षित राहत दल भी कम समय में सूचना मिलने पर तैनाती के लिए तैयार है।

#### संसद में उठा था मामला

बताते चलें कि पूर्वोत्तर भारत में आई बाढ़ के मामले की गूंज बीते दिनों मानसून सत्र के दौरान संसद में भी सुनाई दी थी। जिसका जिक्र लोकसभा में पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने विपक्ष के नीट पेपरलीक और राम मंदिर चंदा चोरी के मामले पर हंगामा कर रहे सांसदों को नसीहत देते हुए किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि हंगामा करने की बजाय विरोधी दलों के जनप्रतिनिधियों को आम जनता से जुड़े हुए महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाने पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिसमें असम सहित पूर्वोत्तर भारत में आई भीषण बाढ़ का मामला भी शामिल है।

## तीन हफ्ते से नहीं लौटा परिसर

# न्यूयॉर्क के होटल में रहने को मजबूर हैं भारतीय राजनयिक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के स्थायी मिशन में तैनात भारतीय राजनयिक और अधिकारी 3 सप्ताह बीत जाने के बाद भी अपने कार्यालय और आवास परिसर में नहीं लौट पाए हैं। मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर स्थित एक 37 मंजिला निर्माणाधीन इमारत में संरचनात्मक खामियों की सूचना मिलने के बाद 7 जुलाई को एहतियातन भारत के मिशन भवन सहित आसपास की कई इमारतों को खाली कराया गया था। भारतीय मिशन की यह इमारत यूएन मुख्यालय के बेहद पास स्थित है, जिसमें कार्यालयों के अलावा



राजनयिकों और उनके परिवारों के आवास भी हैं। निकासी आदेश के बाद अधिकारियों और उनके परिजनों को अस्थायी रूप से न्यूयॉर्क शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है। हालांकि घटना के अगले ही दिन प्रतिबंध हटा लिए गए और लोग लौट आए, लेकिन भारतीय मिशन, स्कूल, होटल पर अब भी प्रवेश रोक लागू है।

## पिच ब्लैक 2026ः डार्विन में ऑस्ट्रेलियाई पीएम से मिले भारतीय जाबांज़

## ऑस्ट्रेलियाई आसमान में गरजेंगे राफेल, आईएएफ टीम ने शुरू किया युद्धाभ्यास

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय वायु सेना का जलवा, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिली भारतीय वायुसेना के जाबांजों की टुकड़ी

एजेंसी ▶▶ डार्विन

ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में आयोजित बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'एक्सरसाइज पिच ब्लैक 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ऑस्ट्रेलिया में स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत रक्षा संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि समुद्र तल से आसमान तक दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। 20 जुलाई से 07 अगस्त 2026 तक चलने वाला यह युद्धाभ्यास रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयर फोर्स (आरएएएफ) द्वारा हर दो साल में आयोजित किया जाता है, जो दक्षिणी गोलार्ध में सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज माना जाता है।

**रक्षा संबंध बुलंदः 19 देशों संग एयर कॉम्बैट में उतरी वायु सेना**

**दक्षिणी गोलार्ध के बड़े एयर शो में भारतीय राफेल का जलवा**



भारतीय वायु सेना के जबांज ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ

#### 100 वायु सैनिकों दल शामिल

इस साल के 19 से अधिक देशों की वायुसेनाएं एक साथ मिलकर हिस्सा ले रही हैं। अभ्यास का नाम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल और कम आबादी वाले इलाकों में रात के समय उड़ान भरने के विशेष अभ्यास के कारण पड़ा है। जटिल लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट और मल्टीनेशनल एयर कॉम्बैट ऑपरेशन्स के लिए विभिन्न देशों के सैन्य कर्मियों को एक मंच पर लाता है। भारतीय वायु सेना की ओर से लगभग 100 वायुसैनिकों का एक दल चार अत्याधुनिक राफेल फाइटर जेट्स शामिल हैं।

#### पायलट व इंजीनियर भी शामिल

आईएएफ की इस विशेष टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, कंट्रोलर और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। राफेल मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट को कॉम्बैट सपोर्ट देने के लिए भारत ने सी-17 ग्लोबमास्टर-3 और आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग (हवा में ईंधन भरने वाले) विमानों को भी मैदान में उतारा है। 17 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय वायु सेना की टुकड़ी के लिए यह अभ्यास लंबी दूरी के हवाई अभियानों को परखने, बल एकीकरण (फॉरगेट इंटीग्रेशन) को मजबूत करने और ऑपरेशनल बेस्ट प्रैक्टिसेज को साझा करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह युद्धाभ्यास एक वास्तविक और चुनौतीपूर्ण बहुराष्ट्रीय माहौल में अंतर-संचालनीयता (इंटरऑपरेबिलिटी) को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पेशेवर साझेदारी को मजबूत करने का शानदार मौका देता है। भारतीय वायु सेना इससे पहले 2018, 2022 और 2024 के संस्करणों में भी सफलता पूर्वक भाग ले चुकी है। इस निरंतर भागीदारी से भारत की वैश्विक रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होती है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ सूर्यवंशी का मिशन 150 सिक्स, टी20 में होंगे नंबर-1

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर गई है। इस दौरे पर टीम इंडिया को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी बतौर प्रमुख ओपनर बनकर गए हैं। इंग्लैंड में वैभव का प्रदर्शन खास नहीं था लेकिन अब जिम्बाब्वे सीरीज में उनके पास मौका है अपनी जगह पक्की करने का। जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर टी20 क्रिकेट का खास वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह तीन मैचों की सीरीज में अगर 11 छक्के लगा देते हैं तो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 छक्के पूरे करने वाले नंबर 1 बल्लेबाज बन जाएंगे। वैभव के नाम अभी तक 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हैं।

हालांकि, इस मामले में नंबर 1 पर काबिज खिलाड़ी ने 66 पारियों में यह कारनामा किया था। नंबर 1 पर नाम है यूएई के मोहम्मद वसीम का। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के एविन लुईस और तीसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं। अगर वैभव ने यह कारनामा किया तो वह तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ नंबर 1 बन जाएंगे।



### 23 जुलाई से भारत और जिम्बाब्वे के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज

#### टी20 सीरीज का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | : 23 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| दूसरा टी20 | : 25 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |
| तीसरा टी20 | : 26 जुलाई हरारे, 4.30 पीएम |

#### टी20 में सबसे तेज 150 छक्के

| | |
|---|---|
| मोहम्मद वसीम (यूएई) | : 66 पारी |
| एविन लुईस (वेस्टइंडीज) | : 70 पारी |
| क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) | : 72 पारी |

### सूर्यकुमार को पीछे छोड़ सकते हैं वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में अभी तक लगाए हैं। वह 11 छक्के और लगाते ही भारत समेत पूरी दुनिया में नंबर 1 बन जाएंगे। उनके नाम टी20 में सबसे तेज 150 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो सकता है। भारत के लिए यह रिकॉर्ड 86 पारियों में सूर्यकुमार यादव ने बनाया था। यानी वैभव सूर्या को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

### वैभव-अभिषेक ने की प्रैक्टिस

जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस की। इस दौरान टीम के दो युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी अभ्यास करते दिखे। उनके साथ रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की प्रैक्टिस की।


### सीरीज के लिए भारत का स्क्वाड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

### 2024 के बाद पहला जिम्बाब्वे दौरा

भारतीय टीम इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद गई थी। अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए इसी सीरीज में डेब्यू किया था। शुभमन गिल कप्तान थे। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ भी खेले थे।


## खबर संक्षेप



### विश्व जूनियर स्क्वाश अनाहत दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनाहत सिंह ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लिली विल्सन को आसानी से 11-2, 11-1, 11-3 से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। आर्यवीर दीवान, युशा नफीस और गुरवीर सिंह की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरव रामभिया ने रोनी हिकलिंग के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को आखिर में हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग के पहले दौर में अनिका दुबे ने जापान की अन्ना कुवाहारा को सीधे गेम में हराया और सान्वी ने पांच गेम के मुकाबले में नीदरलैंड की एल्के मोल्स को पराजित किया।

### बुडापेस्ट में होगी टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे से मान्यता प्राप्त टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर का आधिकारिक पायलट संस्करण 10 से 21 नवंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता शतरंज के तीनों प्रारुप क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रारुप में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियन बनेगा। बुडापेस्ट में होने वाली प्रतियोगिता चैंपियनशिप के प्रारुप के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगी, जिसे 2027 में विश्व स्तर पर लागू किया जाना है। फिडे ने यह भी घोषणा की है कि टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर विश्व चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का निर्धारण करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया का हिस्सा होगा। टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होंगे गेम्स

# 10 खेलों में सिमटा कॉमनवेल्थ हॉकी-कुश्ती समेत कई खेल बाहर

कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

स्काडलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय दल की घोषणा हो चुकी है। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वरूप पहले के मुकाबले काफी बदला हुआ है।

लागत कम करने के लिए खेलों को सिर्फ 10 स्पर्धाओं तक सीमित रखा गया है। हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती और क्रिकेट जैसे वे खेल इस बार कार्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, जिनमें भारत पारंपरिक रूप से सबसे ज्यादा पदक जीतता रहा है। ऐसे में इस बार भारत की पदक उम्मीदों का बड़ा दारोमदार एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों पर रहेगा।

### उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक मीराबाई

भारतीय दल में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन मुख्य रूप से शामिल हैं। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू उद्घाटन समारोह में देश की ध्वजवाहक हैं। खेल मंत्रालय ने इन खेलों के लिए 191 सदस्यों वाले भारतीय दल को मंजूरी दी है, जिसमें 126 खिलाड़ी (78 पुरुष और 48 महिला) और 51 टीम पदाधिकारी शामिल हैं।

### नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू, लवलीना समेत भारतीय खिलाड़ियों की सूची







#### एथलेटिक्स पुरुष टीम

गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर), अनिमेष कुजूर (200 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10000 मीटर), तेजस शिर्से (110 मीटर बाधा दौड़), यशस पलक्ष (400 मीटर बाधा दौड़), संतोष कुमार तमिलरासन (400 मीटर बाधा दौड़), सर्वेश कुशारे (ऊंची कूद), आदर्श राम (ऊंची कूद), देव मीना (पोल वॉल्ट), कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट), मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), लोकेश सत्यनाथन (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप), सेल्वा प्रभु (ट्रिपल जंप), समरदीप सिंह गिल (शॉट पुट), तेजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), नीरज चोपड़ा (जैवलिन थ्रो), रोहित यादव (जैवलिन थ्रो), यश वीर सिंह (जैवलिन थ्रो), तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन), विशाल थेन्नारासु कयालविझी (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), राजेश रमेश (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले), अंसा बाबू (400 मीटर/4×400 मीटर मिक्स्ड रिले)।

#### राष्ट्रमंडल खेलों में होने वाली प्रतियोगिताएं

3×3 बास्केटबॉल और 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) ,बॉल्स और पैरा बॉल्स, बॉक्सिंग , साइकिलिंग ट्रैक और पैरा साइकिलिंग ट्रैक, जूडो, नेटबॉल स्विमिंग (तैराकी) और पैरा स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) और पैरा पावरलिफ्टिंग

#### वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टीम

ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा), एम राजा (65 किग्रा), अजय बाबू (79 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)

**वेटलिफ्टिंग (महिला) टीम**

मीराबाई चानू (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), सीरम निरुपमा देवी (86 किग्रा), मार्टिना देवी (+86 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (पुरुष) टीम

जेदुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप सिंह (65 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा)।

#### मुक्केबाजी (महिला) टीम

साक्षी चौधरी (51 किग्र), प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), प्रिया घनघास (60 किग्रा), परवीन हुडा (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

### महिला वनडे रैंकिंग

# टॉप-10 में हैली मैथ्यूज की स्थिति और मजबूत

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी महिला चैंपियनशिप में आयरलैंड के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने के बाद, वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज और उनकी कई साथी खिलाड़ियों ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की है। आयरलैंड सीरीज में वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज का गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन रहा था।

प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं मैथ्यूज की आईसीसी की महिला बल्लेबाजों, गेंदबाजों और ऑलराउंडरों की रैंकिंग में टॉप-10 में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में मैथ्यूज ने 265 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

आयरलैंड पर जीत के बाद वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को फायदा



### स्टेफनी, आलिया एलेन, एफी फ्लेचर को बढ़त

अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर, ऑलराउंडर आलिया एलेन, स्पिनर एफी फ्लेचर और ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को ताजा रैंकिंग अपडेट में फायदा हुआ। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में शानदार शतक लगाने के बाद टेलर वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 22वें नंबर पर आ गईं। उसी मैच में 33 रन की पारी खेलने के बाद एलेन वनडे बल्लेबाजों की सूची में चार स्थान ऊपर चढ़कर 73वें नंबर पर पहुंच गईं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में फ्लेचर ने किया सुधार

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में, फ्लेचर ने एक स्थान का सुधार किया और संयुक्त रूप से 21वें नंबर पर पहुंच गईं। उन्होंने सीरीज में आठ विकेट लिए, जो तीनों मैचों में किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट थे। सीरीज में अपने प्रदर्शन के बाद डॉटिन की गेंदबाजी रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ और वह छह स्थान ऊपर चढ़कर 75वें नंबर पर पहुंच गईं। इस क्लीन स्वीप से कैरेबियाई टीम आठ अंकों के साथ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### बीएसएस ने मनाया इंटरनेशनल चेस डे

## पुरुष वर्ग में विक्रम तो महिला वर्ग में प्रियांशी ने जीती बाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने इंटरनेशनल चेस डे मनाया। इसके लिए एक इंटर-डिपार्टमेंट चेस कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया, जिसका मकसद स्टूडेंट्स में रणनीतिक सोच, एकाग्रता और खेल भावना को बढ़ावा देना था। यह टूर्नामेंट पुरुषों और महिलाओं की कैटेगरी में आयोजित किया गया और इसमें बीपीईएस के स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस इवेंट ने स्टूडेंट्स को चेस के खेल के जरिए अपनी एनालिटिकल स्किल्स, धैर्य, फोकस और निर्णय लेने की क्षमता दिखाने का एक शानदार मंच दिया। जिसमें पुरुष कैटेगरी में विजेताः विक्रम विश्वकर्मा रहे तो वहीं महिला कैटेगरी में प्रियांशी गल्फट ने बाजी मारी। रनर-अपः इशिका डावर, बीए दूसरा वर्ष रहीं।

### चीन मास्टर्स टूर्नामेंट : पहले दौर में बाहर देविका और प्रणय

**चांग्झू।** भारत की देविका सिहाग और एचएस प्रणय चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड ओपन सुपर 300 चैंपियन देविका ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और महिला एकल के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गईं।



प्रणय का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के लियोन जून हाओ से सीधे गेम में 10-21, 14-21 से हार गए। जापान ओपन की विजेता पीवी सिंधू बुधवार को हमवतन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

अगस्त में शुरू होगा हॉकी का महासंग्राम, लाकड़ा, पाल और मोइरांगथाम बाहर

## विश्व कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है। डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथाम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं। भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद 9 टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। 8 बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सीलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था।



### हरमनप्रीत को टीम की कमान

पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे । वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ होंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,' यह काफी संतुलित टीम है, जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।'

### विश्व कप 2026 के लिए टीम इंडिया में चयन

भोपाल की विश्वस्तरीय कोचिंग का परिणाम है मोहित का चयन

## भारत के गोलपोस्ट की जिम्मेदारी अब साई भोपाल के मोहित के कंधों पर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भोपाल के प्रतिभाशाली गोलकीपर मोहित एचएस का चयन प्रतिष्ठित एफआईएच सीनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

विश्व हॉकी का यह सबसे बड़ा आयोजन 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में आयोजित होगा, जिसमें दुनिया की 16 सर्वश्रेष्ठ टीमें विश्व विजेता बनने की दौड़ में आमने-सामने होंगी। इस प्रतिष्ठित मंच पर मोहित गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालते हुए देश की उम्मीदों की रक्षा करेंगे। कर्नाटक के रहने वाले मोहित एचएस ने अपनी शानदार गोलकीपिंग, तेज़ रिफ्लेक्स, मानसिक दृढ़ता और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका चयन न केवल उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासित प्रशिक्षण का परिणाम है, बल्कि साई भोपाल में उपलब्ध विश्वस्तरीय कोचिंग, आधुनिक खेल विज्ञान सहयोग, उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण सुविधाओं और उत्कृष्ट खेल अवसंरचना की सफलता का भी प्रमाण है।



#### जूनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किया है मोहित ने उल्लेखनीय प्रदर्शन

मोहित ने जूनियर स्तर पर भी भारत का गौरव बढ़ाते हुए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 – चौथा स्थान, सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2023 – कांस्य पदक, सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2022 स्वर्ण पदक, पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 (ओमान) – स्वर्ण पदक, जूनियर स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय सीनियर विश्व कप टीम में उनका चयन उनके खेल जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है।

### आज से हांगकांग में विश्व तलवारबाजी चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत का 24 सदस्यीय तलवारबाजी दल बुधवार से हांगकांग में शुरू हो रही सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जोर आजमाइश करेगा। टीम में 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हैं, जो सभी तीन श्रेणियों एपी, फॉइल और साबरे में व्यक्तिगत और टीम वर्गों में भाग लेंगे।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना मंगलवारा जिला भोपाल**

क्र./था.प्र./मंगल./भो. / मर्ग क्र. 11/26 दिनांक-17/07/26

// जाहिर सूचना //



जरिये जाहिर सूचना सूचित किया जाता है कि दिनांक 25/06/26 को सूचक सीएमओ डॉ. मनोज राजे टेलीफोन अटेंडर डी. एस ठाकुर ने जरिये टेलीफोन सूचना दिया कि अज्ञात मृतक पुरूष पिता अज्ञात उम्र-70 साल लगभग नि. अज्ञात थाना सूचना दिया कि दिनांक 14.06.2026 के शाम समय करीबन 20.30 बजे पटेल नगर कालोनी मंगलवारा से किराना दुकान के पास से अचानक गड्ढे में गिर गया जिससे पेसेंट को हाथ व पैर में चोटे आई था उसे ईलाज हेतु हमीदिया अस्पताल मे ईमडी वार्ड मे भर्ती किया था। जिसकी दिनांक 25/06/26 को शाम 05.42 बजे मृत्यु हो गई । सूचना पर मर्ग क्र. 11/26 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। उक्त अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 70 साल के बारे में किसी को कोई सूचना/परिजनो का पता चलता है तो थाना के विवेचक-संदीप बाथम मो. 7049104127, थाना-मो. 9479990616 पर सूचित करने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना मंगलवारा भोपाल

G-15970/26 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन जिला-रायसेन (म.प्र.)**

apmcraisen2017@gmail.com, krishimandiraisen@rediffmail.com

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2026-27/370 रायसेन, दिनांक : 21.07.2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन की **उप मण्डी सलामतपुर के प्रांगण** में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत 30 मे.टन क्षमता (10 मे.टन क्षमता की अतिरिक्त प्लेट सहित) के तौलकांटा की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक **2026_MPSAM_523163_1** के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 24.07.2026 को समय प्रात: 11:30 बजे से दिनांक 10.08.2026 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट:-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**रायसेन, जिला रायसेन**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**रायसेन, जिला रायसेन**

म.प्र. माध्यम/127081/2026






# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।



## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



## अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।




# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया।




## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है। मेकर्स का कहना है कि इसे भारतीय वायु सेना के पूर्व सैनिकों के साथ लंबी बातचीत और रिसर्च के बाद तैयार किया गया है।

# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं



टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930